■ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित   www.navbihartime.com   ■ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात

वर्ष : 35, अंक : 271
पृष्ठ : 12
औरंगाबाद, रविवार
2 मार्च 2025
मूल्य : 3.00 रुपये
रजि. नंबर : 52290/90

**देश और दुनिया के इतिहास में आज की प्रमुख घटनाएं**

**1807:** अमेरिकी कांग्रेस ने एक कानून पास कर देश में गुलामों के आयात पर रोक लगा दी थी।
**1969:** सुपरसॉनिक विमान कॉनकॉर्ड की पहली उड़ान सफल रही। ये विमान टॉलूज से उड़ा और सिर्फ 27 मिनट के बाद पायलट ने उसे उतारने का फैसला किया।
**1991:** श्रीलंका की राजधानी कोलंबो में हुए कार बम विस्फोट में देश के रक्षा उपमंत्री रंजन विजयरत्ने सहित 19 लोग मारे गए।

**शुरुआत करने का तरीका है कि बातें बंद करें और काम शुरू करें।**

# बिहार में गेहूं की खरीद के लिए भारतीय खाद्य निगम की व्यापक तैयारी

## 1 अप्रैल से 15 जून तक होगी गेहूं की खरीद, किसानों को प्रति क्विंटल 2425 रुपए मिलेगा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में गेहूं की खरीद के लिए भारतीय खाद्य निगम ने व्यापक तैयारी की है। आगामी रबी विपणन वर्ष 2025-26 में गेहूं खरीद हेतु भारतीय खाद्य निगम बिहार के सभी 38 राजस्व जिलों में पर्याप्त खरीद/ अधिप्राप्ति केंद्र स्थापित करेगी तथा पूरे बिहार में 151 गेहूं अधिप्राप्ति/ खरीद केंद्र खोल रही है। रबी विपणन वर्ष 2025-26 हेतु गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2425 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है तथा बिहार राज्य में गेहूं खरीद/ अधिप्राप्ति का कार्य 1 अप्रैल से 15 जून 2025 तक जारी रहेगा। भारतीय खाद्य निगम के महाप्रबंधक (बिहार क्षेत्र) अमित भूषण ने आज निगम द्वारा ममडल कार्यालय, दीघाघाट, पटना में रबी विपणन वर्ष 2025-26 के अंतर्गत गेहूं अधिप्राप्ति संबंधी विशेष जानकारी प्रदान करने, विभिन्न किसान उत्पादक संगठनों के माध्यम से गेहूं खरीदने एवं गेहूं के बढ़े हुए न्यूनतम समर्थन मूल्य के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा कि इस वर्ष अधिक से अधिक गेहूं की खरीद/अधिप्राप्ति करने हेतु विभिन्न किसान उत्पादक संगठनों और किसानों को भारतीय खाद्य निगम के गेहूं खरीद/अधिप्राप्ति केंद्र पर लाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। संबंधित किसान के खाते में उसी दिन समर्थन मूल्य 2425 रुपये प्रति क्विटल के हिसाब से भुगतान कर दिया जाएगा तथा संबंधित किसान उत्पादक संगठन को सरकार की भागीदारी करने के फलस्वरूप 27 रुपये प्रति क्विंटल के हिसाब से कमीशन भी दिया जायेगा। स्थल पर लगभग 100 किसान



उत्पादक संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित थे जिनसे गेहूं खरीद प्रक्रिया में उनकी भागीदारी एवं देश के विकास में उनकी भूमिका के बारे में विस्तृत चर्चा की गई। इस अवसर पर किसान उत्पादक संगठनों के समर्थक संगठन जैसे नाबार्ड, राष्ट्रीय सहकारी विकास परिषद एवं नाफ़ेड के अधिकारी भी उपस्थित रहे। श्री भूषण ने बताया कि रबी विपणन वर्ष 2025-26 के दौरान राज्य सरकार भी लगभग 5000 गेहूं खरीद केंद्र स्थापित करेगी। बिहार में दो लाख टन गेहूं खरीद का लक्ष्य रखा गया है जिसके लिए व्यापक तैयारियां की जा रही है। भारतीय खाद्य निगम के अलावा सहकारिता विभाग, बिहार सरकार अपने विभिन्न प्राथमिक सहकारी समितियों एवं व्यापार मंडलों के माध्यम से केंद्र खोलेगी। रबी विपणन वर्ष 2025-26 में गेहूं का समर्थन मूल्य 2425 रुपये प्रति क्विटल निर्धारित किया गया है जो पिछले वर्ष की तुलना में 150 रुपये अधिक है। किसानों को समर्थन मूल्य का भुगतान उनके बैंक खाते में 48 घंटे के अन्दर कर दिया जायेगा। किसानों में जागरूकता पैदा करने के लिए विभिन्न स्तर पर निरंतर किसान सभाओं का आयोजन किया जा रहा है। रेडियो, टेलीविजन, प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, व्यक्तिगत किसान संपके, मोबाइल सन्देश, बैनर, मुनादी आदि के माध्यम से प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। भारतीय खाद्य निगम की ओर से महाप्रबंधक अमित भूषण ने सभी किसान भाइयों से अपील की कि वे अपना पंजीकरण कृषि विभाग के डी बी टी पोर्टल पर अवश्य करवाएं तथा सहकारिता विभाग के पोर्टल पर गेहूं बेचने हेतु आवेदन अवश्य करें। गेहूं की खरीद ऑनलाइन माध्यम से पूरी पारदर्शिता के साथ की जाएगी तथा किसान भाइयों को पंजीकरण में किसी प्रकार की परेशानी आती है तो वे बिहार राज्य खाद्य विभाग की हेल्पलाइन 18003456194 अथवा सहकारिता विभाग (शेष पृष्ठ 10 पर)

### मुख्यमंत्री ने 59 हजार 28 विशिष्ट शिक्षिकों को दिया नियुक्ति पत्र

# शिक्षा के क्षेत्र में बेहतरी के लिए उठाए कई कदम : नीतीश कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को सक्षमता परीक्षा-2 में उत्तीर्ण विशिष्ट शिक्षकों में से कुछ को सांकेतिक तौर पर अपने हाथों से नियुक्ति पत्र सौंपा। मुख्यमंत्री सचिवालय के संवाद कक्ष में नियुक्ति पत्र वितरण समारोह का आयोजन किया गया था। विभिन्न माधयमों से कुल 59 हजार 28 विशिष्ट शिक्षिकों को नियुक्ति पत्र दिए गए। इनमें 55 हजार 845 प्रारंभिक शिक्षक, 2532 माध्यमिक शिक्षक और 651 उच्च माध्यमिक शिक्षक शामिल हैं। समारोह को संबोधित करने के दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंच पर बैठे शिक्षा मंत्री सुनील कुमार को फटकार भी लगाई। दरअसल, मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन के दौरान शिक्षा मंत्री



सुनील कुमार को खड़ा होने को कहा। मुख्यमंत्री के एक बार कहने पर शिक्षा मंत्री खड़े नहीं हुए, जिसके बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने फटकारने वाले अंदाज में कहा कि आप खड़ा होइए...आपको जान के ये डिपार्टमेंट दिए। सब काम अच्छे से कराइए। सब कुछ एकदम ठीक से कराइए। इस दौरान भरे मंच पर मुख्यमंत्री गुस्से में दिखे। मुख्यमंत्री ने कहा कि वे चाहते हैं कि सभी शिक्षक अच्छे से बच्चों को पढ़ाएं और उनका विकास करें। उन्होंने कहा कि जब हमलोगों को यहां काम करने का मौका मिला तो शिक्षा के क्षेत्र में बेहतरी के लिए कई कदम उठाए गए। शिक्षकों की अत्यधिक कमी होने के कारण वर्ष 2006-07 से पंचायत एवं नगर निकायों के माध्यम से बड़े पैमाने पर नियोजित शिक्षकों की नियुक्ति की गई जिनकी कुल संख्या लगभग 03 लाख 68 हजार है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ने बच्चों के पढ़ाई के लिए काम किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार लोक सेवा आयोग से 2 लाख 17 हजार 272 सरकारी शिक्षक के रूप में परीक्षा पास कर बहाल हुए है तथा 02 लाख 53 हजार 961 नियोजित शिक्षक से सरकारी शिक्षक बने है यानी कुल 04 लाख 71 हजार 233 सरकारी शिक्षक बने। हाल ही में बिहार लोक सेवा आयोग (टीआरई3) द्वारा हुई परीक्षा में 66 हजार 800 शिक्षक तथा 42 हजार 918 हेडमास्टर परीक्षा उत्तीर्ण हुये है जिन्हें जल्द ही नियुक्ति पत्र प्रदान किया जायेगा। उन्होंने कहा कि सरकारी शिक्षकों की कुल (शेष पृष्ठ 10 पर)

# बिहार के शैक्षणिक विकास में मगध विवि की भूमिका अहम : अवधेश

## विश्वविद्यालय के आधारभूत ढांचे के विकास हेतु हजार करोड़ रुपये की योजना : प्रो. एसपी शाही

■ **मगध विश्वविद्यालय के 64वें स्थापना दिवस समारोह का आयोजन**

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बोधगया।** मगध विश्वविद्यालय, बोधगया के 64वें स्थापना दिवस समारोह का आयोजन भव्यता और उत्साह के साथ किया गया। इस अवसर पर बिहार विधान परिषद् के सभापति अवधेश नारायण सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने विश्वविद्यालय परिसर में हरियाली बढ़ाने पर विशेष बल देते हुए इसे बिहार सरकार की 'जल-जीवन-हरियाली' योजना के अनुरूप एक महत्वपूर्ण कदम बताया। साथ ही, उन्होंने क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों से अपील की कि वे अपने विधायक निधि का 10 प्रतिशत हिस्सा मगध विश्वविद्यालय के विकास के लिए प्रदान करें। समारोह के दौरान विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. एसपी शाही ने घोषणा की कि नैक



के लिए नौ वर्षों की वार्षिक रिपोर्ट पोर्टल पर जमा कर दी गई है और विश्वविद्यालय जल्द ही नैक ग्रेडिंग के लिए प्रस्तुत होगा, इस विश्वास के साथ कि 'ए' ग्रेड प्राप्त किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मगध विश्वविद्यालय अपनी स्थापना के समय से ही बिहार में शिक्षा और शोध के क्षेत्र में उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करता रहा है। कुलपति ने बताया कि शोध कार्यों को बढ़ावा देने के लिए विश्वविद्यालय ने पांच करोड़ रुपये की विशेष निधि स्थापित की है, जिसके तहत शिक्षक पांच लाख रुपये तक का शोध अनुदान प्राप्त कर सकते हैं। इसके अलावा, विश्वविद्यालय के आधारभूत ढांचे के विकास हेतु 1000 करोड़ रुपये की योजना तैयार की गई है, जिसमें 400 करोड़ रुपये शीघ्र ही प्राप्त होने की संभावना है। उन्होंने यह भी कहा कि तकनीकी शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विश्वविद्यालय ने पटना आईआईटी के सहयोग से शिक्षकों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का प्रशिक्षण दिलवाया है। जल्द ही विश्वविद्यालय में सर्टिफिकेट, डिप्लोमा तथा डिग्री कोर्स प्रारंभ किए जाएंगे। समारोह में विशिष्ट (शेष पृष्ठ 10 पर)

## वाहन जांच के दौरान लग्जरी कार से 50 लाख बरामद

**बक्सर(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के सिमरी प्रखंड के रामदास राय डेरा ओपी क्षेत्र में वाहन जांच के दौरान पुलिस ने लग्जरी कार से 50 लाख नकदी बरामद की है। नकदी बरामदगी की सूचना पर डुमरांव डीएसपी अफाक अख्तर अंसारी ने मौके पर पहुंचकर जांच की। फिर उन्होंने घटना को लेकर आयकर विभाग पटना को सूचित कर दिया। जानकारी के अनुसार, बक्सर पुलिस जिले के सिमरी प्रखंड के रामदास राय डेरा ओपी क्षेत्र में वाहन जांच कर रही थी। इसी दौरान लग्जरी कार को भी रोक कर तलाशी ली जा रही थी। तभी 50 लाख रुपये की नकदी बरामद की गई। फिर नकदी बरामद होने की सूचना पर डुमरांव डीएसपी अफाक अख्तर अंसारी मौके पर पहुंचे। फिर वह मामले की जांच करने में जुट गए। उन्होंने कहा कि आयकर विभाग पटना को सूचित कर दिया गया है। उसके आने के बाद ही मामला स्पष्ट होगा। फिलहाल अपने स्तर से मामले की जांच में जुटे हुए हैं।

## मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन परियोजना कार्य प्रगति पर, रेल मंत्री ने किया निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नयी दिल्ली।** मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन परियोजना तेजी से आगे बढ़ रही है। 508 किलोमीटर लंबी इस हाई-स्पीड रेल परियोजना में 12 स्टेशन प्रस्तावित हैं, जिनमें मुंबई, ठाणे, विरार, बोइसर, वापी, बिलिमोरा, सूरत, भरूच, वडोदरा, आणंद, अहमदाबाद और साबरमती शामिल हैं। इस परियोजना की प्रगति की समीक्षा केन्द्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के द्वारा की गयी। निर्माण कार्य की वर्तमान स्थिति यह है कि वायाडक्ट निर्माण कार्य जोरों पर है, जिसमें 272 किलोमीटर वायाडक्ट तैयार किया जा चुका है। 372 किलोमीटर पियर निर्माण कार्य पूरा हो चुका है, जबकि पियर की नींव 386 किलोमीटर तक तैयार की जा चुकी है। 305 किलोमीटर लंबाई तक गर्डर कास्टिंग पूरी हो गई है।



परियोजना के तहत 13 नदियों पर पुलों का निर्माण पूरा हो चुका है। इनमें वलसाड, नवसारी, खेड़ा और वडोदरा जिलों की प्रमुख नदियां शामिल हैं। छह स्टील ब्रिज और पांच पीएससी ब्रिज भी पूरे किए जा चुके हैं। ध्वनि अवरोधक 130 किलोमीटर से अधिक क्षेत्र में लगाए जा चुके हैं। गुजरात में अब तक 112 किलोमीटर ट्रैक बेड का निर्माण कार्य पूरा किया जा चुका (शेष पृष्ठ 10 पर)

# 74 साल के हुए सीएम नीतीश, बधाइयों का तांता

## पूरे पटना में लगा पोस्टर '2025 में फिर से नीतीश' | जदयू ने सुशासन दिवस के रूप में मनाया

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार शनिवार को 74 साल के हो गए। उनके जन्मदिन पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह, यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ और बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी समेत कई अन्य नेताओं ने बधाई दी है। पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा है, बिहार के यशस्वी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी को उनके जन्मदिन पर ढेरों शुभकामनाएं। उनके नेतृत्व में बिहार विकास के नए पथ पर अग्रसर हुआ है। ईश्वर उन्हें स्वस्थ एवं सुदीर्घ जीवन प्रदान करें। जदयू ने अपने नेता और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के जन्मदिन को सुशासन दिवस के रूप में मनाया। इस मौके पर पूरे पटना शहर को पोस्टरों से पाट दिया गया है। पार्टी नेताओं द्वारा लगाए गए इन पोस्टरों पर उन्हें जन्मदिन की बधाई के साथ लिखा है- 2025 फिर से नीतीश। नीतीश कुमार का जन्म एक मार्च 1951 को बख्तियारपुर में हुआ था। उनके जन्मदिन पर बिहार समेत पूरे देशभर से उन्हें शुभकामनाएं मिली हैं। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एक्स पर लिखा कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। आपके नेतृत्व में बिहार में एनडीए जनकल्याण और सुशासन का पर्याय बना है। आपके उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की मंगलकामना करता हूं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एक्स पर लिखा कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। बिहार (शेष पृष्ठ 10 पर)






### मुख्यमंत्री ने की मद्य निषेध तथा विधि-व्यवस्था की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक

# अपराध नियंत्रण के लिए पूरी तरह सतर्क और एक्टिव रहें : सीएम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज 1 अणे मार्ग स्थित 'संकल्प में मद्य निषेध तथा विधि व्यवस्था की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। बैठक में पुलिस महानिदेशक तथा मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग के अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को अद्यतन विधि व्यवस्था एवं शराबबंदी को बेहतर ढंग से लागू करने को लेकर किये जा रहे कार्यों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। समीक्षा के क्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि अपराध नियंत्रण के लिये पूरी तरह सतर्क और एक्टिव रहें। पुलिस गश्ती में किसी प्रकार की कोताही नहीं हो। पर्व-त्योहारों को देखते हुये असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखें। समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुये कहा कि मद्य निषेध को प्रभावी ढंग से लागू करने करने के लिये समुचित कार्रवाई सुनिश्चित की जाय। उन्होंने कहा कि शराबबंदी के पूर्व लोग शराब पीकर अपनी सारी कमाई उड़ा देते थे, आज वही पैसा दूसरे काम में लग रहा है। इससे उनके परिवार की आर्थिक स्थिति में सुधार हो रहा है। साथ ही समाज में शांति और भाईचारे का माहौल बना है। शराबबंदी से पुरुष और महिलायें दोनों खुश हैं। उन्होंने कहा कि नीरा के उत्पादन एवं बिक्री को बढ़ायें। नीरा स्वास्थ्य के लिये उपयोगी एवं स्वादिष्ट होता है। नीरा के संग्रह, बिक्री, नीरा के उत्पादों की बिक्री को बढ़ावा देने के लिये प्रोत्साहित करें ताकि इससे जुड़े लोगों के आय की स्त्रोत सृजित हो सके। शराबबंदी के बेहतर क्रियान्वयन के लिये लोगों के बीच लगातार जागरुकता अभियान चलाते रहें। शराब के सेवन से होनेवाली हानियों एवं बीमारियों के बारे में लोगों को जागरुक करें। ताड़ी के व्यवसाय से जुड़े लोगों के लिये वैकल्पिक रोजगार सृजन के लिये समुचित कार्रवाई सुनिश्चित करें। बैठक में मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्य सचिव अमृतलाल मीणा, पुलिस महानिदेशक विनय कुमार, गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव अरविंद कुमार चौधरी, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग के सचिव विनोद सिंह गुंजियाल, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि एवं अपर पुलिस महानिदेशक, मद्य निषेध सुशील खोपड़े मौजूद थे।

## घर के दरवाजे पर लगा ऑटो चोरों ने किया गायब

**मसौढ़ी (नबिटा सं.)।** मसौढ़ी अनुमंडल के विभिन्न थाना क्षेत्र में लगातार चोरी की घटना बढ़ रही है। ऐसे में पुनपुन केवड़ा थाना क्षेत्र के तेलियन पर गांव में घर के दरवाजे पर लगा हुआ एक ऑटो रिक्शा को चोरों ने गायब कर दिया। पीड़ित प्रेम कुमार ने बताया कि प्रत्येक दिन अपने घर के बाहर दरवाजे पर ऑटो लगाते थे सुबह में उठे तो वह गायब था, हमारी किसी से दुश्मनी भी नहीं है। अंदेशा है किसी चोर ने गायब किया है। मामले में थाने में अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है।

## मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के जन्मदिन पर जदयू कार्यकर्ताओं ने बांटी मिठाइयां

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के जन्मदिन के मौके पर जदयू के कार्यकर्ता काफी उत्साहित नजर आ रहे थे। कार्यकर्ताओं ने केक काट शनिवार को मुख्यमंत्री का जन्मदिन मनाया। कार्यकर्ताओं ने इससे पहले पटना के राजवंशी नगर स्थित महावीर मंदिर में पूजा अर्चना की और गरीबों के बीच फल और मिठाइयां बांटी। नीतीश कुमार का जन्मदिन मनाने के दौरान कार्यकर्ताओं ने जो पोस्टर लगवाए थे, उनमें मुख्यमंत्री के साथ-साथ उनके बेटे निशांत कुमार की भी तस्वीर थी। अब इस पोस्टर के सामने आने के बाद निशांत कुमार की सक्रिय राजनीति में आने की चर्चाओं ने और जोर पकड़ लिया है। इस बीच पूर्व केंद्रीय मंत्री और रालोजपा प्रमुख पशुपति कुमार पारस ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार की राजनीति में आने को लेकर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि अगर निशांत राजनीति में आना चाहते हैं तो उनका स्वागत है। उनके साथ ही दलित सेना और राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के प्रवक्ता श्रवण कुमार अग्रवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार को चुनाव लड़ना चाहिए। उन्होंने भाजपा पर जदयू को कमजोर करके खत्म करने का भी आरोप लगाया।

## तेजस्वी को अपने दल की चिंता करनी चाहिए : अशोक चौधरी

### निशांत की चिंता तेजस्वी न करें, वे अपने दल राजद की चिंता करें

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार के सियासत में कदम रखने को लेकर जारी अटकलों के बीच शनिवार को मंत्री अशोक चौधरी ने बड़ा संकेत दिया। शिक्षकों के नियुक्ति पत्र वितरण समारोह के बाद मीडिया से बात करते हुए अशोक चौधरी ने तेजस्वी यादव को निशाने पर लेते हुए कहा कि तेजस्वी को अपने दल की चिंता करनी चाहिए। वे अपने भाई तेज प्रताप की चिंता करें। राजद में जल्द ही बड़ी टूट होगी वे उसकी चिंता करें। उन्होंने कहा कि जहां तक निशांत के राजनीतिक एंट्री की बातें हैं तो उसकी चिंता करने के लिए उनके पिता नीतीश कुमार हैं। जदयू का एक एक कार्यकर्ता है। जदयू में कौन है जो निशांत को स्वीकार नहीं करेगा। इसलिए निशांत की चिंता तेजस्वी न करें बल्कि वे अपने दल राजद की चिंता करें। राजद में तोड़फोड़ होने वाली है। अशोक चौधरी ने तेजस्वी को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि वे कहते हैं कि नीतीश कुमार ने बिहार को खटारा बना दिया जबकि उन्हें पता होना चाहिए कि 2005 के पहले उनके माता-पिता ने बिहार के साथ क्या किया था। 2005 के पहले बिहार खटारा था। उस दौर में फिरौती, अपराध ही होता था। बिहार में 118 नरसंहार हुआ। इतना ही नहीं आर्थिक सर्वेक्षण की रिपोर्ट है कि 2005 में बिहार में प्रति व्यक्ति आय 7 हजार रूपये थे जो आज बढ़कर 66 हजार हो गया है। यह दिखाता है कि नीतीश कुमार ने कैसे बिहार का विकास किया है। इसके पहले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के जन्मदिन पर अशोक चौधरी ने उन्हें बधाई दी। मुख्यमंत्री से उनके कार्यालय में मिलकर अशोक चौधरी ने पुष्प गुच्छ भेंटकर उनके दीर्घायु होने की मंगलकामना की।

## ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मौत

**मसौढ़ी (नबिटा सं.)।** धनरूआ थाना क्षेत्र के फुलपुरा के पास बाइक एवं ट्रक में टक्कर हो गई जहां मौके पर एक युवक की मौत हो गई जबकि दूसरा जख्मी हो गया। मृतक युवक की पहचान चिरंजन कुमार उम्र 22 वर्ष पिता पिंटू साव, संघतपर मसौढी एवं जख्मी युवक का नाम बिट्टू कुमार पिता शंभू साव ओलिपुर किशनगंज का है, दोनों ममेरा फुफेरा भाई है। बताया जाता है कि आगामी 6 मार्च को मसौढ़ी के श्रीनगर मुहल्ले स्थित सुजीत साव के यहां गृह प्रवेश कार्यक्रम का आयोजन था जिसको लेकर निमंत्रण कार्ड बांटने के लिए मसौढी से अपने ननिहाल ओलीपुर जा रहा था, उसी दौरान विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक की चपेट में आ जाने से मौके पर उसकी मौत हो गई।

## मगध महिला कॉलेज और नगर निगम की साझेदारी में स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**पटना।** मगध महिला कॉलेज ने पटना नगर निगम (पीएमसी) के सहयोग से 'स्वच्छताः हमारी सामूहिक जिम्मेदारी' विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया जिसका उद्देश्य नागरिक जिम्मेदारी और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना था। यह आयोजन पटना को स्वच्छ और हरित बनाने के लिए सामूहिक प्रतिबद्धता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से किया गया जिसमें छात्राओं, संकाय सदस्यों और स्थानीय नागरिकों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन से हुआ जिसके बाद प्राचार्य डॉ. (प्रो.) नमिता कुमारी ने स्वागत भाषण दिया। मुख्य अतिथि डॉ. नीतू नवगीत ने स्वच्छता गीतों की एक सांस्कृतिक प्रस्तुति देकर उपस्थित लोगों को प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन सहायक खेल सचिव प्रिया सिंह ने किया जबकि पर्यावरण एवं स्वच्छता सचिव शिवानी सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन दिया। इस अवसर पर नागरिक भागीदारी के महत्व को रेखांकित किया और छात्रों को अपने शहर के भविष्य को संवारने में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रोत्साहित किया गया। साथ ही नगर निगम द्वारा कचरा प्रबंधन और स्वच्छता सेवाओं में निभाई जा रही महत्वपूर्ण भूमिका की सराहना की गई। प्रसिद्ध गायक राजेश केशरी, दिव्या श्री, राजू कुमार, सुरेश कुमार, आशीष पंडित और धीरज पांडे ने अपने शानदार प्रदर्शन से इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अहम योगदान दिया। कार्यक्रम का समापन इस प्रेरणादायक संदेश के साथ हुआ कि हम हरियाली बढ़ाएं, धरती को स्वच्छ बनाएं। इस सफल आयोजन के माध्यम से मगध महिला कॉलेज ने न केवल गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और समग्र विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया, बल्कि स्वच्छ और स्वस्थ पर्यावरण को बढ़ावा देने की दिशा में भी मजबूत कदम उठाया।

## समाज की कुरीतियों के खिलाफ पंचायत स्तर पर चलेगा मुहिम



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बाढ़।** मोकामा साईं दरबार कमिटी हॉल में मुक्ति भ्रष्टाचार मोर्चा की बैठक हुई जिसमें डॉ संजीव कुमार को संगठन का अध्यक्ष, अखिलेश्वर को सचिव और अभिमन्यु कुमार को कोषाध्यक्ष मनोनित किया गया। बैठक में संगठन का निबंधन निर्वाचन आयोग, दिल्ली में कराने का निर्णय लिया गया। इस बीच संगठन के वसूलों से कार्यकर्ताओं को अवगत कराया गया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष ने कहा कि समाज की कुरीतियों के खिलाफ पंचायत स्तर पर मुहिम चलाया जाएगा। संगठन के कार्यकर्ता समाजवाद, पंथ निरपेक्षता और लोकतंत्र के प्रति सच्ची श्रद्धा रखेंगे।

## शिक्षक कभी रिटायर्ड नहीं होते : प्राचार्य

### प्रोफेसर रणवीर नंदन बने बीएन कॉलेज भूगर्भ शास्त्र विषय के नये विभागाध्यक्ष

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** बीएन कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर राजकिशोर प्रसाद ने कहा कि शिक्षक कभी रिटायर्ड नहीं हो सकते। पूरी उम्र तक बच्चों को शिक्षा देकर उनका भविष्य निर्माण कर सकते हैं। डॉ राज किशोर प्रसाद शनिवार को बीएन कॉलेज में भूगर्भ शास्त्र विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर अखिलेश्वर तिवारी के विदाई समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अखिलेश्वर तिवारी एक विद्वान शिक्षक रहे हैं और उनकी सेवा की जरूरत महाविद्यालय को जब भी पड़ेगी बेहिचक ली जाएगी। इस मौके पर पटना विश्वविद्यालय पीजी विभाग के विभाग अध्यक्ष प्रो. अनिल कुमार ने घोषणा की कि अखिलेश्वर तिवारी के सेवानिवृत्ति की पश्चात इस महाविद्यालय के वरीय शिक्षक व पूर्व विधान पार्षद डॉक्टर प्रोफेसर रणवीर नंदन को भूगर्भ शास्त्र विभाग का नया अध्यक्ष अधिसूचित किया गया है। उन्होंने कहा कि अखिलेश्वर तिवारी की खासियत रही है कि वह कभी नाराज नहीं होते हैं और इनका बीएन कॉलेज से गहरा लगाव था। इस मौके पर पूर्व विधान पार्षद और बीएन कॉलेज के भूगर्भ शास्त्र विभाग के विभाग अध्यक्ष डॉक्टर रणवीर नंदन ने कहा कि उन्होंने अपने प्राचार्य के कहने पर इस महाविद्यालय में अपने विधान परिषद के फंड से कॉलेज का खेल मैदान का निर्माण कराया। उन्होंने कहा कि भूगर्भ शास्त्र विभाग के छात्र जीवन के हर क्षेत्र में मिलते हैं आज यूपी के मुख्य सचिव व डीजीपी जियोलॉजी डिपार्टमेंट के ही छात्र हैं। उन्होंने वर्तमान प्राचार्य की तारीफ करते हुए कहा कि डॉ राज किशोर प्रसाद के कार्यकाल में महाविद्यालय के आधारभूत संरचना और शैक्षणिक माहौल दोनों का विकास हुआ है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मांग की कि सीस्मिक रिसर्च सेंटर को चालू करने के लिए भूगर्भ शास्त्र विभाग के सेवानिवृत शिक्षकों की सेवा ली जाए। उन्होंने बताया कि बीएन कॉलेज जियोलॉजी विभाग के 50 साल पूरे हो गए हैं और इस मौके पर एक शानदार कार्यक्रम भी होना चाहिए। इस मौके पर सेवानिवृत्ति ले रहे शिक्षक एवं बीएन कॉलेज भूगर्भ शास्त्र विभाग के पूर्व विभाग अध्यक्ष अखिलेश्वर तिवारी ने कहा कि यह कार्यक्रम जो उनके विदाई के लिए आयोजित किया गया है इसके लिए सभी शिक्षकों को हुए दिल से आभार व्यक्त करते हैं और उन्होंने कहा कि आगे भी यह विभाग डॉक्टर रणबीर नंदन की नेतृत्व में काफी तेजी से उत्तरोत्तर विकास करेगा।

## 1.20 लाख रुपये के लिए की पत्नी की हत्या, खेत में मिला शव

### इंदिरा आवास योजना का पैसा बना हत्या की वजह

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**फुलवारीशरीफ।** पटना जिले के गौरीचक थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक घटना सामने आई है। गौरीचक के बिहटा सरमेरा हाइवे के पास खैरा गांव के एक प्याज के खेत में 31 वर्षीय महिला की गोली मारकर हत्या कर फेंका हुआ शव की पहचान जहानाबाद के भेलावर गांव निवासी मनीष यादव की पत्नी नीलम देवी 30 वर्ष के रूप में होते ही परिवार के लोगों में चीत्कार मच गया। वहीं पुलिस को पता चला कि पत्नी और पति में अनबन चल रहा था। कई वर्षों से दोनों अलग-अलग रह रहे थे। वही मायके वालों ने बताया कि पति और ससुराल वालों ने मिलकर पत्नी नीलम देवी की हत्या कर दी। हत्या के कारण के बारे में मायके वालों ने पुलिस को बताया है कि नीलम देवी को हाल के दिनों में इंदिरा आवास की राशि मिली थी उसे राशि को हड़पने के लिए उसके पति ने हत्या कर दी। मृतक नीलम देवी के तीन बेटे हैं जिनकी उम्र 8 साल 10 साल और 6 वर्ष है। फिलहाल तीनों बेटे गायब है और उनके साथ ही नीलम देवी के पति और ससुराल के लोग भी फरार हैं। नीलम देवी के पति मनीष यादव धनरूआ थाना क्षेत्र में पटेरी मोड़ के पास एक गैराज में मिस्त्री का काम करता था। फिलहाल पुलिस ससुराल वालों की गिरफ्तारी के लिए छापामारी कर रही है।

## तनाव को दूर कर स्वयं को स्थापित करने की कला है म्यूजिक थेरेपी

### जेडी वीमेंस कॉलेज में म्यूजिक थेरेपी कार्यशाला का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** तनाव व भागदौड़ भरी जिंदगी के कारण वर्तमान में हर कोई परेशान चल रहा है। चाहे आर्थिक परेशानी हो या पारिवारिक या कार्यालय के अधीन होने वाली परेशानियां। इन सभी चीजों के कारण हर कोई तनाव में जी रहा है। यह बातें महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ, वाराणसी के प्राध्यापक डॉ. दुर्गेश कुमार उपाध्याय ने कहीं। वह विश्व म्यूजिक थेरेपी दिवस के अवसर पर जेडी विमेंस कॉलेज, मनोविज्ञान विभाग एवं मां प्रेमा फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित म्यूजिक थेरेपी वर्कशॉप को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि संगीत व्यक्ति को सहज, सरल, शांत अनुभूति को अनुभव कराता है। संगीत मानसिक विकारों को उत्पन्न करने वाले कारकों की पहचान कर, उसे समझ कर, उसे दूर करने का एक सशक्त माध्यम है। संगीत चिकित्सा एक प्रकार का मेडिटेशन है जो व्यक्ति के मन की समानांतर स्तर की चेतना को अनुभव करने का क्षमता विकसित करती है ताकि वह अपने दबे-छुपे विचारों को समझ सके तथा उसे दूर करने हेतु प्रयास कर सके। कार्यक्रम में द्वितीय सत्र में विभिन्न रोगों के साथ म्यूजिक थेरेपी के अनुप्रयोग को प्रस्तुत किया गया। कार्यशाला का आरंभ प्रो. मीरा कुमारी, प्राचार्या (जे.डी विमेन्स कॉलेज), प्रो.मालिनी वर्मा, प्रोफेसर अशोक कुमार यादव, प्रो. मधु पाण्डे, डा. ब्रजबाला साह, डा. ज्योतिमा पाण्डे, डा. स्नेहा, डा. अजीता व डा. पुष्पा ने दीप प्रज्ज्वलन कर किया। प्राचार्या ने अपने संबोधन में मुख्य वक्ता का स्वागत किया तथा कार्यशाला में इस नए विषय को सीखने का अवसर प्रतिभागियों को प्राप्त होता है।

## बंद घर से नगद समेत 15 लाख के आभूषण की चोरी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** धनरूआ में एक बार फिर से चोरी की घटनाओं में इजाफा हो रहा है। पिछले 10 दिनों के अंतराल में तकरीबन पांच चोरियां हो चुकी है। ऐसे में शुक्रवार की देर रात धनरूआ थाना के सकरपुरा गांव में एक चिकित्सक के घर में भीषण चोरी हुई है जहां तकरीबन 25 हजार नगद समेत 15 लाख के आभूषण की चोरी कर लिया है। मौके पर पहुंची डायल 112 की पुलिस छानबीन में जुटी हुई है। उसके बाद थानाध्यक्ष शुभेंदु कुमार घटनास्थल पर पहुंच जांच में जुटी है। पीड़ित सुशील कुमार ने बताया कि हम सभी घर के लोग पांच परिवार संयुक्त परिवार में रहते हैं, हमारे दोनों बेटे पटना में डॉक्टर हैं भाई बोकारो में बिजनेसमैन है सभी की संपत्ति यहीं पर रहती है हम लोग सभी पटना में रहते हैं, अचानक सुबह में चोरी की खबर मिली, यहां पर देखें कि बाहर का दरवाजा का ताला टूटा हुआ है। पांचों कमरे के ताला टूटे हुए हैं, अलमीरा बक्सा गोदरेज सभी के ताले टूटे हुए हैं। बहुत सामान की चोरी हुई है। गांव के बाहर से उत्तर के दिशा से आए थे, तीन अटैची लेकर भागने के प्रयास कर रहे थे वह खेत में छोड़कर भागे हैं। वही मौके पर पहुंचे धनरूआ पुलिस ने कहा कि डॉग स्क्वायड की टीम बुला कर पूरे मामले की छानबीन की जा रही है। पूरे गांव में जहां-जहां सीसीटीवी कैमरे लगे हैं। उसकी छानबीन की जा रही है।

## भारतीय रेलवे स्वास्थ्य सेवा संघ का 41वां वार्षिक सम्मेलन संपन्न

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**कोलकाता।** दक्षिण पूर्व रेलवे के सेंट्रल हॉस्पिटल, गार्डन रीच, कोलकाता में भारतीय रेलवे स्वास्थ्य सेवा संघ का 41वां वार्षिक सम्मेलन, 27 फरवरी से 1 मार्च 2025 तक आयोजित किया गया। इस सम्मेलन का उद्घाटन 28 फरवरी 2025 को रेलवे स्वास्थ्य सेवा के महानिदेशक डॉ. मान सिंह ने किया। इस अवसर पर दक्षिण पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक अनिल कुमार मिश्रा, प्रधान मुख्य चिकित्सा निदेशक डॉ. अंजना मल्होत्रा, अन्य विशिष्ट अतिथि और भारतीय रेलवे के विभिन्न जोनों से आए प्रतिष्ठित डॉक्टर उपस्थित थे। महानिदेशक ने अपने संबोधन में कहा कि इस तरह के सम्मेलन चिकित्सकों के ज्ञान और कौशल को समृद्ध करने में सहायक होते हैं, विशेष रूप से युवा डॉक्टरों को इससे बहुत लाभ मिलता है। उन्होंने लाइव शल्य चिकित्सा कार्यशाला की सफलता की सराहना की। दक्षिण पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक ने इस आयोजन के लिए संघ को बधाई दी और कहा कि यह सम्मेलन चिकित्सकों की पेशेवर दक्षता को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। सम्मेलन में पूरे देश से आए विशेषज्ञों ने अपने बहुमूल्य विचार साझा किए। वार्षिक सम्मेलन के दौरान 27 फरवरी को लाइव ईएनटी सर्जरी कार्यशाला आयोजित की गई। 28 फरवरी को ईएनटी संगोष्ठी में ख्याति प्राप्त ईएनटी और हेड एवं नेक सर्जनों ने अपने अनुभव साझा किए। 1 मार्च को पैथोलॉजी संगोष्ठी आयोजित की गई जिसमें देशभर से आए प्रसिद्ध पैथोलॉजिस्टों ने व्याख्यान दिए। उद्घाटन समारोह के दौरान 'पेंटाकॉन मेमोयर्स' स्मारिका का विमोचन भी किया गया। इस आयोजन में विभिन्न जोनल रेलवे से आए प्रतिनिधियों के साथ-साथ पश्चिम बंगाल ईएनटी और पैथोलॉजी एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने भी भाग लिया।

## जदयू कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का मनाया जन्मदिन



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** मसौढ़ी जदयू कार्यालय में जदयू कार्यकर्ताओं ने विकास पुरुष मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का 74 वां जन्मदिवस मनाया। कार्यक्रम मसौढ़ी नगर अध्यक्ष अश्विनी कुमार गोल्डी पटेल की अध्यक्षता में सम्पन्न किया गया। इस मौके पर गोल्डी पटेल ने बच्चों के बीच पाठ्य सामग्री का वितरण किया एवं कार्यकर्ताओं को बताया गया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के विचारों से सीख लेकर अपने जीवन में उतारना चाहिए। साथ ही मुख्यमंत्री के द्वारा चलाए जा रहे सभी कल्याणकारी योजनाओं को जनता के बीच में सुगमतापूर्वक पहुंचायें। इस मौके पर राहुल रजनी, संजीव प्रजापति, सुनील गावस्कर, चंदन कुशवाहा, सुजीत कुशवाहा, राहुल पटेल, अशोक शर्मा, दीपक कुमार, लालमोहन, त्रिलोकी चौधरी, रंजीत पटेल समेत अन्य जदयू कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## नीतीश का विकास, श्याम की आवाज के तहत जनसंवाद पदयात्रा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**मसौढ़ी।** बिहार सरकार के पूर्व मंत्री सह जदयू के राष्ट्रीय महासचिव श्याम रजक इन दिनों गांव-गांव में जनसंवाद पदयात्रा कर रहे हैं। ऐसे में शनिवार को पुनपुन प्रखंड के बरावां पंचायत में गोपालटोला, कंसारी, महजानी, पटनपुरा, जैतिपुर, शेखपुरा, बेलदारीटोला, बरावां, लहलादपुर, चन्डासी, पलाकी रामगंज, मुन्दीचक, सपहुआ बड़की, सपहुआ छोटकी, सरफाबाद, महदीपुर सहित कई गांव में भ्रमण एवं जनसंपर्क कर ग्रामीणों से मुलाकात कर बिहार सरकार द्वारा विकास कार्यों के बारे में लोगों को जानकारी दी एवं योजना के लाभ लेने के बारे में जानकारी दी गई। श्याम रजक ने कहा कि जनसंवाद यात्रा का लक्ष्य सतत विकास को गति देना है। हम लोगों ने यही नारा दिया है 2025 फिर से नीतीश, आगामी विधानसभा चुनाव हम जीत रहे हैं, एनडीए की सरकार बनेगी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बनेंगे। बहरहाल पदयात्रा के दौरान ग्रामीणों की मांग तथा समस्याओं को संबंधित विभाग को अवगत कराकर बिजली, पानी, शिक्षा, स्वास्थ्य, खाद्य की किल्लत, कृषि ट्रांसफार्मर, आंगनबाड़ी, नाली की समस्या, नल-जल सहित स्थानीय समस्याओं का तत्काल पदाधिकारियों को फोन पर बात कर निष्पादन कर दिया गया। जनसंवाद यात्रा में फुलवारीशरीफ विधान सभा क्षेत्र जदयू प्रभारी प्रिय रंजन पटेल, पटना ग्रामीण जिलाध्यक्ष अशोक सिंह, पुनपुन प्रखंड अध्यक्ष अनिल सहनी, बरावां पंचायत अध्यक्ष अभय कुमार, योगी सिंह, ओम सिंह, सतगुरू प्रसाद, लोहा सिंह, मनीष कुमार, बराह पैक्स अध्यक्ष अनिल सिह, आदि शामिल रहे।

## कर्मचारी राज्य बीमा निगम में 'विशेष सेवाओं के पखवाड़े' का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** कर्मचारी राज्य बीमा निगम 10 मार्च, 2025 तक 74वें 'स्थापना दिवस' और 'विशेष सेवाओं के पखवाड़े' का आयोजन कर रहा है। कर्मचारी राज्य बीमा निगम मेडिकल कॉलेज और अस्पताल बिहटा ने उत्सव की श्रृंखला में 01 मार्च 2025 को उच्च चिकित्सा शिक्षा में नेतृत्व और उभरती तकनीकों के प्रति संवेदनशीलता के लिए एक सीएमई का आयोजन किया। सीएमई में प्रसिद्ध व्यक्तियों द्वारा व्याख्यान दिया गया जिसमें डॉ. एन. आर. बिस्वास, उप कुलपति बालाजी विद्यापीठ विश्वविद्यालय, पुदुचेरी, प्रोफेसर (डॉक्टर) सौरभ वर्ष्णेय, ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस देवघर, डॉ. कृष्ण पांडे, निदेशक, आईसीएमआर, पटना, डॉ. जॉयदीप चंद्र, आईआईटी पटना और डीन डॉ. बी. के. बिस्वास जैसे व्यक्तित्व शामिल थे।

## मसौढ़ी पुनपुन में विशिष्ट शिक्षकों को मिला नियुक्ति पत्र



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** प्रखंड संसाधन केन्द्र में सक्षमता परीक्षा 2 उत्तीर्ण एवं काउंसलिंग पूर्ण करनेवाले सैकड़ों शिक्षकों, स्थानीय निकाय शिक्षकों को विशिष्ट शिक्षक के रूप औपबंधिक नियुक्ति पत्र वितरण किया गया जहां पुनपुन में पंकज प्रकाश लेखापाल द्वारा दिया गया। शिक्षकों में विशिष्ट शिक्षक बनने के बाद चेहरे पर खुशी देखी गई। वहीं मसौढ़ी में भी द्वितीय सक्षमता उत्तीर्ण शिक्षकों का नियुक्ति आईडीएफसी जिला शिक्षा पदाधिकारी पटना संजय कुमार के निर्देशन में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी मसौढ़ी राजेंद्र ठाकुर की निगरानी में वितरण किया गया जहां कुल 173 लोगों के बीच वितरण हुआ। इस अवसर पर बीपीएम हेमायू खान, लेखा सहायक प्रमोद कुमार बीआरपी संजय कुमार, रेणु कुमारी, राहुल कुमार, संजीत कुमार, अखिलेश कुमार, सुजित कुमार उपस्थित रहे।

# सक्षमता उत्तीर्ण शिक्षकों को विशिष्ट शिक्षक का औपबंधिक नियुक्ति पत्र

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**भभुआ।** शिक्षा विभाग के निर्देश के आलोक में बिहार विद्यालय विशिष्ट शिक्षक नियमावली 2023 के प्रावधानों के अंतर्गत बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा आयोजित साक्षमता परीक्षा 2 में उत्तीर्ण एवं सफलतापूर्वक काउंसलिंग पूर्ण करने वाले स्थानीय निकाय के शिक्षकों को विशिष्ट शिक्षक के रूप में शनिवार के पूर्वाहन 11:00 बजे जिले के समाहरणालय स्थित मुंडेश्वरी सभागार में जिला पदाधिकारी सावन कुमार तथा स्थानीय विधायक भरत बिंद के हाथों औपबंधिक नियुक्ति पत्र वितरित किया गया। विदित हो कि इस संबंध में राज्य स्तरीय मुख्य कार्यक्रम संवाद देशरत्न मार्ग पटना में आयोजित हुआ जिसमें बिहार के मुख्यमंत्री एवं अन्य मंत्रीगण की उपस्थिति में 100 शिक्षकों का नियुक्ति पत्र वितरण किया गया। प्रभारी जिला शिक्षा पदाधिकारी अक्षय रंजन पांडे ने बताया कि नियोजित शिक्षकों को राज्य कर्मी का दर्जा प्रदान करने हेतु राज्य सरकार द्वारा आयोजित सक्षमता परीक्षा-1 में उत्तीर्णता प्राप्त 2053 शिक्षक अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र दिया गया था जो अपने मूल विद्यालय में योगदान कर विशिष्ट शिक्षक के रूप में राज्य कर्मी का दर्जा प्राप्त कर पदस्थापित हो चुके हैं। उसी क्रम में द्वितीय साक्षमता परीक्षा अंतर्गत कैमूर जिले में कुल 2091 सफल शिक्षक अभ्यर्थियों को आज नियुक्ति पत्र वितरण किया गया। इसमें कक्षा 1 से 5 में 1449 कक्षा 6 से 8 में 276 कक्षा 9 से 10 में 276 तथा कक्षा 11 से 12 में 90 शिक्षक शामिल हैं। राज्य स्तरीय समारोह का लाइव टेलीकास्ट भी मुंडेश्वरी सभागार में किया गया। इस कार्यक्रम में प्रत्येक प्रखंड से 10-10 शिक्षकों कुल 120 शिक्षकों को नियुक्ति पत्र जिला पदाधिकारी तथा स्थानीय विधायक के हाथों दिया गया। अन्य सभी शिक्षकों को प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी के कार्यालय से वितरण किया गया। विशिष्ट शिक्षक जिन्हें नियुक्ति पत्र वितरण किया गया है उन्हें 1 मार्च से 7 मार्च के बीच अपने मूल विद्यालय में योगदान करने का निर्देश दिया गया है। इस मौके पर अपर समाहर्ता, उप विकास आयुक्त, नगर पार्षद बबलू तिवारी, डीपीओ कृष्ण मुरारी सहित शिक्षा विभाग के अन्य पदाधिकारी व व्यक्ति मौजूद थे।

# घर का ताला तोड़ 15 लाख रुपये के गहने की चोरी

## चोर घर में रखा पीतल व एक लाख 32 हजार नगद रुपये ले गए

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कुदरा।** नगर पंचायत के चकिया मुहल्ला में शुक्रवार की रात चोरों ने घर का ताला तोड़ लगभग पंद्रह लाख रुपये कीमत के गहने की चोरी कर ली। चोरों ने घर में रखा पीतल व एक लाख 32 हजार रुपये नगद ले गए। घर वाले एक दिन पूर्व अपने रिश्तेदार के घर भगवानपुर गए थे। पीड़ित अर्चना पांडेय पति दीपक कुमार ने घटना की प्राथमिकी के लिए कुदरा थाने में आवेदन दिया है जिसमें कहा गया है कि शनिवार की सुबह पड़ोस वालों ने फोन से सूचना दी कि आपके घर का ताला टूटा हुआ है। लगता है कि ताला तोड़कर चोरी किया गया है। सूचना पर हमलोग तत्काल घर पहुंचे तो देखा कि घर के मुख्य द्वार के साथ सभी कमरे व आलमीरा का ताला टूटा है। घर के सामान तितर-बितर पड़ा है जब सामान की जांच की गई तो चोरों ने आलमीरा के लॉकर में रखा सोने का एक हार व दो चेन, सोने के चार कंगन व दो कर्णफूल, सोने के पांच अंगूठी व एक मंगलसूत्र, सोने का मांगटीका, चांदी के कई सिक्के व बर्तन, तीन किलो पीतल के बर्तन समेत एक लाख बतीस हजार रुपये नगद रुपये ले गए। घटना से मुहल्लेवासियों में चोरों से दहशत में हैं। घटना की सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने मामले में आसपास के लोगों से पूछताछ की।

# दो अलग-अलग मामलों में आरपीएफ ने यात्री के छूटे सामानों को यात्री को किया सुपुर्द

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो





**डिहरी ऑन-सोन।** रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट निरीक्षक राम विलास राम ने बताया कि आरपीएफ डिहरी ऑन-सोन के अधिकारी उनि मनोज कुमार साथ स्टाफ गाड़ी संख्या 12321 अप के बी 1 बॉगी से यात्री के छूटे हुए पर्स एवं मोबाइल चार्जर को उतार कर अनुग्रह नारायण रोड स्टेशन रेलवे सुरक्षा बल कार्यालय में सुरक्षित रखा गया एवं सूचना यात्री के मोबाइल पर दिया गया। सूचना पाकर यात्री राजीव रंजन पिता विनोद कुमार ग्राम पंतनगर घुघरीताड़ गया, थाना विष्णुपद, जिला-गया (बिहार) अनुग्रह नारायण रोड स्टेशन आए एवं अपने पर्स व मोबाइल चार्जर की मांग किये जिसे दिखाने पर उसने अपने सामानों की पहचान करते हुए उसमें रखे सामान और रुपया सही सलामत पाए तथा एक अन्य मामले में सूचना पर गाड़ी संख्या 12321 अप के एस2 बॉगी से सहायक उप निरीक्षक हरेराम कुमार साथ स्टाफ यात्री के छूटे हुए बैग को उतार कर रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट डिहरी ऑन सोन के कार्यालय में सुरक्षित रखा गया एवं सूचना यात्री को दिया गया। सूचना पर यात्री मुकेश कुमार, पिता ब्रह्मदेव शर्मा, ग्राम-जबर, थाना-टपरा, जिला-गया (बिहार) पोस्ट पर उपस्थित होकर अपने बैग की मांग किये जिसे उसके बैग को दिखाने पर अपने बैग की पहचान करते हुए उसमें रखे सभी सामानों को सुरक्षित पाए। दोनों व्यक्तियों की उचित पहचान करते हुए सुपुर्दगी नामा बनाकर उनके सामानों को सही सलामत उन्हें सुपुर्द किया गया।

# बुलेट ट्रेन परियोजना के लिए आणंद में ट्रैक स्लैब निर्माण कारखाना स्थापित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नयी दिल्ली।** भारत की पहली बुलेट ट्रेन परियोजना के तहत हाई-स्पीड रेल बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करने के लिए आणंद में अत्याधुनिक ट्रैक स्लैब निर्माण कारखाना स्थापित किया गया है। यह कारखाना देश की महत्वाकांक्षी हाई-स्पीड रेल परियोजना के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा। यह कारखाना गिट्टी रहित ट्रैक स्लैब (जे-स्लैब) निर्माण के लिए डिजाइन किया गया है, जो हाई-स्पीड रेल के सुचारू संचालन के लिए आवश्यक है। अब तक इस कारखाने से 35,000 से अधिक ट्रैक स्लैब का उत्पादन किया जा चुका है जो लगभग 175 किलोमीटर ट्रैक के बराबर है। फैक्ट्री की प्रतिदिन 60 स्लैब बनाने की क्षमता इसे इस परियोजना का एक अभिन्न हिस्सा बनाती है। यह फैक्ट्री 436 किलोमीटर एलाइनमेंट पर स्थित है और 393 से 508 किलोमीटर तक के क्षेत्र में कार्य करेगी। परियोजना स्थल के निकट होने से ट्रैक स्लैब की कुशल लॉजिस्टिक्स और समय पर डिलीवरी सुनिश्चित होगी जिससे निर्माण प्रक्रिया को गति मिलेगी। ट्रैक स्लैब आमतौर पर 2220 मिमी चौड़े, 4900 मिमी लंबे और 190 मिमी मोटे होते हैं। प्रत्येक स्लैब का वजन लगभग 4 टन होता है। कारखाने का कुल उत्पादन लक्ष्य 46,000 जे-स्लैब है, जो हाई-स्पीड रेल ट्रैक के 115 रूट किलोमीटर क्षेत्र में बिछाए जाएंगे। इस अत्याधुनिक सुविधा में 24,000 ट्रैक स्लैब की स्टैकिंग क्षमता है जिससे बड़े पैमाने पर उत्पादन का प्रभावी भंडारण संभव हो पाता है। इससे निर्माण स्थल पर स्लैब की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित होती है जिससे परियोजना की समयसीमा का पालन किया जा सके। इस कारखाने में कार्यरत इंजीनियरों को ट्रैक स्लैब निर्माण की प्रक्रिया शुरू करने से पहले जापानी विशेषज्ञों की निगरानी में विशेष प्रशिक्षण और प्रमाणन दिया गया है। जापान में प्रचलित सर्वोत्तम तकनीकों और मानकों के आधार पर तैयार की गई यह निर्माण प्रक्रिया भारत की हाई-स्पीड रेल परियोजना के लिए उच्च गुणवत्ता और सुरक्षा सुनिश्चित करती है। इस कारखाने की स्थापना से भारत की बुलेट ट्रेन परियोजना को नया बल मिलेगा और देश की रेलवे बुनियादी ढांचे को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में यह एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

# डीएम ने की जिला स्थापना दिवस की तैयारी को लेकर बैठक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**भभुआ।** जिला पदाधिकारी, कैमूर की अध्यक्षता में बिहार दिवस तथा जिला स्थापना दिवस के आयोजन के पूर्व तैयारियों के संबंध में बैठक की गई। बैठक में अपर समाहर्ता, प्रभारी जिला स्थापना शाखा, प्रभारी जिला सामान्य शाखा, जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी तथा अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी के साथ जिले के अन्य महानुभावों ने हिस्सा लिया। बैठक में बिहार दिवस तथा जिला स्थापना दिवस के तैयारियों पर गहन चर्चा हुई। पदाधिकारियों तथा महानुभावों द्वारा महत्वपूर्ण सुझाव दिए गए। बैठक में सरकारी कार्यालयों के साफ-सफाई, रंग रोगन तथा स्मारक प्रतिमाओं के माल्यार्पण संबंधित निर्णय लिए गए। बैठक में कला एवं संस्कृति विभाग के दिशा निर्देशों के अनुसार विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम जैसे-रंगोली, पेंटिंग, लोक गीत, क्विज प्रतियोगिता, प्रभातफेरी इत्यादि का आयोजन कराने संबंधित बिंदुओं पर भी चर्चा की गई। सांस्कृतिक कार्यक्रम में स्थानीय कलाकारों की प्राथमिकता देने पर भी विमर्श हुआ। बिहार दिवस तथा जिला स्थापना दिवस के महत्व को आम जनमानस को अवगत करने हेतु इसका व्यापक प्रचार-प्रसार करने का निर्णय भी लिया गया।

# वकालतखाना निर्माण हेतु भूमि पूजन कार्यक्रम संपन्न



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** नवनिर्मित हो रहे व्यवहार न्यायालय के प्रांगण में अधिवक्ताओं के लिए बन रहे वकालतखाना निर्माण हेतु भूमि पूजन का कार्यक्रम अध्यक्ष उमाशंकर पांडे उर्फ मुटूर पांडे की अध्यक्षता में संपन्न हुआ जिसके मुख्य अतिथि व्यवहार न्यायालय डिहरी के एसडीजएम राजत दीप, मुंसीफ अर्चना कुमारी, काशीनाथ गुप्ता और आचार्य सुनील कुमार दुबे, संघ के अध्यक्ष उमाशंकर पांडे द्वारा अतिथिगण एवं सभी अधिवक्ता साथियों को शुभकामनाएं व धन्यवाद दिया गया। भूमि पूजन कार्यक्रम में अधिवक्ता मुनमुन पाण्डेय, कमलेश कुमार, मिथिलेश कुमार, सचिव रितेश कुमार, प्रदीप कुमार सिंह, अमरनाथ सिंह, मनीषा दुबे जहां आर, पूर्व अध्यक्ष रमाकांत दुबे, विनोद पाठक, अर्जुन सिंह, कमल सिन्हा, गोपाल राम, रवीन्द्र कुमार, बैरिस्टर सिंह, श्वेता पाण्डेय, विजय सिंह, प्रवीन दुबे, रवीन्द्र सिंह इत्यादि उपास्थित रहे। कमलेश कुमार ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इंजीनियर प्रतीक सिंह और संवेदक चंद्रकिशोर जी उपस्थिति रहे। अभियंता माधव सिंह सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस-2, डिहरी का 83वां स्थापना दिवस मना

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**डिहरी ऑन-सोन।** बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस-02, डिहरी वाहिनी स्थापना दिवस समारोह-2025 के अवसर पर समादेष्टा लिपी सिंह ने मंच पर उपस्थित पुलिस पदाधिकारीगण, सभी सम्माननीय आगन्तुक, परेड मैदान एवं स्टेडियम पर उपस्थित सभी पुलिसकर्मी, पी0टी0सी0 प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए कहा कि आप तमाम सज्जनों को बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस-02, डिहरी के 83वां स्थापना दिवस समारोह 2025 के अवसर पर वाहिनी परिवार की ओर से हार्दिक अभिनंदन करती हूं। उन्होंने कहा कि यह बताते हुये मुझे अत्यंत गर्व की अनुभूति हो रही है कि बिहार राज्य के सबसे पुरानी द्वितीय वाहिनी का इतिहास शौर्य एवं उपलब्धियों से परिपूर्ण रहा है। इस वाहिनी की स्थापना 01 मार्च 1943 ई0 को बिहार सैन्य पुलिस द्वितीय वाहिनी के नाम से डिहरी के प्रांगण में हुई थी। इस वाहिनी के प्रथम समादेष्टा, जे0ई0जी0 चर्चर हुए थे और प्रथम हिन्दुस्तानी समादेष्टा, विभूतिभूषण बनर्जी थे। वाहिनी में उपलब्ध अभिलेखों के अनुसार इस वाहिनी का गठन भागलपुर मिलिट्री पुलिस के नाम से 18.05.1898 में हुआ था। तत्पश्चात 01.03.1945 को वाहिनी स्थाई रूप से डिहरी ऑन सोन में आवासित किया गया। कालान्तर में बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस अधिनियम 2021 के अनुसूची-01 में वर्णित निर्देश के अनुसार बिहार सैन्य पुलिस-2, डिहरी को 24.03.2021 से बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस-02, डिहरी कहा जाने लगा।

उन्होंने कहा कि इस वाहिनी का अतीत गौरवशाली उपलब्धियों से भरा हुआ है। अपने इतिहास को समेटे हुये आज यह वाहिनी अपने भविष्य एवं सुरक्षा सेवा की ओर उन्मुख है। इस वाहनी के जांबाज पुलिसकर्मियों ने अपने अदम्य साहस एवं वीरतापूर्वक अपने दायित्वों का निर्वहन राज्य के अंदर ही नहीं बल्कि राज्य से बाहर जाकर आम जनता को निर्भीकता प्रदान किया है। यह वाहिनी आपातकालीन स्थितियों में अपने तत्कालीन समादेष्टा के नेतृत्व में राज्य के बाहर जैसे कलकता बंगाल), जम्मू कश्मीर, दिल्ली, त्रिपुरा में पाकिस्तान बॉर्डर, नामकूम रांची में पाकिस्तानी युद्धबंदी ड्यूटी का सफलतापूर्वक निष्पादन किया है। इतना ही नहीं विगत वर्षों में इस वाहिनी की विभिन्न कम्पनियों द्वारा देश के लगभग सभी राज्यों के विधानसभा चुनावों के अवसर पर विधि-व्यवस्था ड्यूटी का सफलतापूर्वक निर्वहण किया गया है। इस वाहिनी के कंधों पर त्रिपुरा में विधि-व्यवस्था कायम रखने की जबावदेही सौंपी गयी जहां पर यह वाहिनी 05.03.1962 से 04.10.1966 तक प्रतिनियुक्त रहकर सर्वोतम प्रतिष्ठा प्राप्त किया जिसके लिए त्रिपुरा के मुख्य सचिव तथा विधानसभा के अध्यक्ष द्वारा इस वाहिनी की सेवा की उत्कृष्ट प्रशंसा की गयी। रोहतास जिला एवं गया जिला में कानून एवं शान्ति व्यवस्था कायम रखने के लिए प्रतिनियुक्ति के दौरान ऑपरेशन काल दूत में वाहिनी के जवानों द्वारा उनकी बहादुरी तथा किये गये प्रशंसनीय कार्यों के लिए मुख्यमंत्री द्वारा पारितोषिक भी मिले हैं। 20वीं अखिल भारतीय पुलिस शूटिंग प्रतियोगिता 2019 का सफल आयोजन इस वाहिनी के प्रांगण में कराया गया है। सच्चिदानंद अखौरी बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस शूटिंग प्रतियोगिता 2022 का सफल आयोजन इस वाहिनी के प्रांगण में कराया गया जिसमें बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस की सभी वाहिनियों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में इस वाहिनी को विजेता होने का गौरव भी प्राप्त हुआ। विदित हो कि इस वाहिनी में विगत कई वर्षों से विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण यथा बुनियादी, पूरक, व्यवहारिक, पी0टी0सी0 नारकोटिक्स कस्टम डिपार्टमेंट आदि का सफल प्रशिक्षण दिया जाता रहा है। यह वाहिनी प्रशिक्षण केन्द्र के रूप में भी अपना नाम और अलग पहचान रखती है।

यह वाहिनी अपने दायित्वों के निर्वहण में तो अपना नाम और एक अलग पहचान बनाया ही है साथ ही अपने मूलभूत सुविधाओं के नव निर्माण और अन्य वाहिनी से अलग एक पहचान रखती है। इस वाहिनी में देश स्तर के फायरिंग रेंज है जिसपर अत्याधुनिक मशीनों के द्वारा फायरिंग होता है। इस वाहिनी में बहुत ही खुबसूरत अमर बलिदानियों के लिए बना हुआ शहीद स्मारक है साथ ही साथ वातानुकूलित अतिथि गृह, मनोरंजन गृह, सभागृह सैलून, कैन्टिन और वाईफाई कनेक्टेड कार्यालय है जो यह दर्शाता है कि यह वाहिनी अपने पुरातन उपलब्धियों एवं नुतन व्यवस्थाओं से परिपूर्ण है।

उन्होंने वाहिनी स्थापना दिवस के अवसर पर इस वाहिनी के सभी पुलिस कर्मियों से यह आशा व्यक्त की कि आप सभी अपने गौरवशाली अतीत के अनुरूप इस वाहिनी के प्रतिष्ठा और कार्य कुशलता को बनाये रखेंगे तथा अपने राज्य और राष्ट्र की सेवा में निरंतर तत्परतापूर्वक निर्वहण करेंगे।

# 11 आरोपित गिरफ्तार

**डिहरी ऑन-सोन (नबिटा ब्यूरो)।** अपराधियों व शराब तस्करों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान में पुलिस ने विभिन्न कांडों के 11 आरोपितों को गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दिया। एसपी रौशन कुमार के अनुसार गिरफ्तार हत्या के प्रयास, शराब तस्कर, वारंटी शामिल है। 16 लीटर देशी व दो बाइक व शराब बरामद किया गया। उन्होंने बताया कि यातायात नियमों के पालन कराने को वाहन जांच अभियान में एक लाख 48 हजार रुपए जुर्माने की राशि वसूली गई।

# दलितों के हितैषी थे विपिन शाहाबादी : मदन पासवान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**डिहरी ऑन-सोन।** प्रखंड क्षेत्र के गंगौली ग्राम में दलित सद्भावना मोर्चा के संस्थापक स्वर्गीय विपिन प्रसाद शाहाबादी की तीसरी पुण्यतिथि पर लोगों ने उनके तैल चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। जिलाध्यक्ष मदन पासवान ने कहा दलितों के हितैषी थे स्व. विपिन प्रसाद शाहाबादी, वह दलित सद्भावना मोर्चा रोहतास के संस्थापक तथा पूर्व रेलवे के चेयरमैन भी रहे। उन्होंने स्वर्गीय रामविलास पासवान के रेल मंत्री के कार्यकाल में आरा-सासाराम रेल लाइन की मांग सर्वप्रथम उन्होंने किया था। साथ ही दलित अल्पसंख्यक पिछड़ा अति पिछड़ा वर्ग को जोड़ने का कार्य करते थे। इस मौके पर सनोज यादव, सुनील शर्मा, सतेंद्र पासवान, मनोज राय, राजाराम, दीनदयाल पासवान, हरिराम पासवान, धनजी पासवान सहित कई लोग उपस्थित थे।

# बिहार के बदहाल वृद्ध व असहायों का कब होगा कायाकल्प

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** बिहार में बजट सत्र का दौर चल रहा है। बजट सत्र के दरम्यान सूबे बिहार के आम जनता की आशा भरी निगाहें उस बजट की ओर टक-टकी लगाये बैठी है। आज के परिवेश में सूबे में बिहार के वृद्ध, विधवा, विकलांग एवं असहायों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन की राशि प्रति माह मात्र 400/ की दर से दी जा रही है। इस भीषण महंगाई में मात्र 400 रु. में इन वेवश, गरीब व लाचार व्यक्तियों का परवरिश कैसे होता होगा यह विचारणीय बात है। राष्ट्रीय वीर अब्दुल हमीद फाउंडेशन के बिहार प्रदेश अध्यक्ष मोहन राम ने कहा है कि अन्य राज्यों में कहीं पेंशन की राशि एक हजार रुपये, तो कहीं पंद्रह सौ तो कहीं दो हजार रुपये दिये जाते हैं, लेकिन बिहार ही एक ऐसा राज्य है जहां मात्र 400 रु. सामाजिक सुरक्षा पेंशन की राशि का भुगतान किया जाता है। श्री मोहन राम ने सूबे बिहार के बदहाल वृद्ध, विधवाओं एवं विकलांगों की माली हालात को देखते हुए पेंशन की राशि 2000 रु. करने की मांग किया है।


**समाहरणालय, गढ़वा।**
**(जिला नजारत शाखा)**

**अति अल्पकालीन निविदा सूचना**

गढ़वा जिला अन्तर्गत श्री बंशीधर महोत्सव (राजकिय)–2025 के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए Bollywood/Indian Idol/Sa-re-ga-ma-pa/Rising star/Bhojpuri/ स्थानीय Jharkhand (राज्य स्तरीय सुगम संगीत गजल / लोक गीत / लोक गायन / शास्त्रीय संगीत व ग्रुपडांस) के कलाकारों का चयन किया जाना हैं। उक्त कलाकारों के चयन एवं प्रस्तुति शुल्क निर्धारण के लिए प्रतिष्ठित फर्म / संस्थान / संवेदक इत्यादि से दर निर्धारण हेतु शर्तों के अनुरूप SEAL बन्द अति अल्पकालीन निविदा आंमत्रित की जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| (I) | निविदा शुल्क की राशि | 5000.00 (पाँच हजार) रूपये मात्र अप्रत्यपर्णणीय। |
| (ii) | जमानत की राशि | 100000.00 (एक लाख) रूपये मात्र प्रत्यपर्णणीय। |
| (iii) | निविदा जमा करने का स्थान | जिला नजारत शाखा, गढ़वा। |
| (iv) | निविदा जमा करने की अंतिम तिथि | 10 / 03 / 2025 को अपराह्न 03:00 बजे। |
| (v) | निविदा खोलने की तिथि | 10 / 03 / 2025 को अपराह्न 03:10 बजे। |

इच्छुक निविदादाता संबंधित निविदा के नियम, शर्ते एवं प्रारूप www.garhwa.nic.in से डाउनलोड कर सकते है। निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात प्राप्त निविदाये स्वीकार्य नहीं की जायेगी।

उपायुक्त,
गढ़वा।

PR 347538 (District) 24-25 (D)



**कार्यालय नगर पंचायत मझिआँव**
**Email : nagarpanchayatmanzhiaon@gmail.com**

पत्रांक– 187 / दिनांक– 28.02.2025

**आम सूचना**

नगर पंचायत मझिआँव क्षेत्रांतर्गत आमजनों को सूचित किया जाता है कि पानी टंकी के पास Vending Zone के तहत निर्मित पूर्वी भाग में खाली 02 दुकान आवंटन करने का निर्णय लिया गया है। जिसके लिए दिनांक 05.03.2025 से दिनांक 10.03.2025 तक 1000 / –(एक हजार रूपये) का बैक ड्राफ्ट (कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत मझिआँव के पदनाम से) या नगद कार्यालय में जमा कर आवेदन पत्र प्राप्त कर सकते है। आवेदन पत्र में अपना विवरण भर कर एवं निम्नवत् दस्तावेज स्वःअभिप्रमाणित संलग्न करते हुए दिनांक 10.03.2025 तक कार्यालय अवधि में जमा करना अनिवार्य है। सभी प्राप्त आवेदन के जाँचोपरांत सही पाये गये आवेदनों में से दिनांक 11.03.2025 को लौटरी के माध्यम से दुकान आवंटन की प्रकिया की जायेगी।

| | |
|---|---|
| पानी टंकी के पास Vending Zone के तहत निर्मित 02 दुकान (पूर्वी भाग) | दुकान संख्या 02 एवं दुकान संख्या 03 |

**आवश्यक दस्तावेज।**

1. आवेदक का आधार कार्ड एवं पहचान पत्र की प्रति।
2. आवेदक का पासपोर्ट साईज फोटोग्राफ 2 अदद्।

**दुकान आवंटन हेतु नियम एवं शर्तः–**

1. सर्वप्रथम Vender License वाले दुकानदारो को प्राथमिकता दी जायेगी।
2. एक आवेदक एक से अधिक दुकानों के लिए आवेदन कर सकते है, परन्तु एक आवेदनकर्त्ता को एक ही दुकान आवंटन की जायेगी।
3. दुकान की संख्या से अधिक आवेदन पत्र प्राप्त होने पर लौटरी के माध्यम से दुकान का आवंटन किया जायेगा।
4. दुकान आवंटन के पश्चात् निर्धारित समय के अन्दर एकरारनामा करना अनिवार्य होगा।
5. आवंटित दुकानदारों को प्रतिमाह 1000 / –(एक हजार) रूपयें किराया शुल्क देना होगा जो माह के 01 से 05 तारिख के बीच जमा करना अनिवार्य होगा। लगातार तीन माह का किराया जमा नही करने पर आवंटन रद्द कर दिया जायेगा।
6. दुकान का विस्तार या किसी भी प्रकार का निर्माण नगर पंचायत मझिआँव के अनुमति के बिना प्रतिबंधित रहेगा।
7. दुकानदार को अपने दुकान के आस–पास साफ–सफाई रखना अनिवार्य होगा। गंदगी पाए जाने पर नियमानुसार जुर्माना वसुल किया जाएगा।
8. दुकानदार विद्युत का कनेक्शन स्वंय से आवश्यकतानुसार ले सकते है जिसका व्यय भार स्वंय से वहन करना होगा।
9. सभी दुकानदार को ट्रेड लाईसेंस लेना अनिवार्य होगा।

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर पंचायत मझिआँव।

PR 347516 (Urban Development) 24-25 (D)


# आणंद बुलेट ट्रेन स्टेशन: दूध नगरी के भविष्य का प्रवेशद्वार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नयी दिल्ली।** गुजरात का आणंद शहर, जो भारत की 'दूध नगरी' के रूप में प्रसिद्ध है, अब आधुनिक परिवहन सुविधाओं के क्षेत्र में एक और मील का पत्थर जोड़ने जा रहा है। मुंबई-अहमदाबाद हाई स्पीड रेल कॉरिडोर के अंतर्गत निर्मित हो रहा आणंद बुलेट ट्रेन स्टेशन तेजी से अपने अंतिम चरण में पहुंच रहा है। आणंद बुलेट ट्रेन स्टेशन का डिजाइन शहर की पहचान को दर्शाने के लिए तैयार किया गया है। स्टेशन की बाहरी संरचना दूध की बूंदों की तरल प्रकृति, आकार और रंग से प्रेरित है। इसकी कुल लंबाई 415 मीटर और ऊंचाई 25.6 मीटर होगी जबकि निर्मित क्षेत्रफल 44,073 वर्ग मीटर में फैला होगा। स्टेशन में तीन मंजिलें होंगी–ग्राउंड, कॉनकोर्स और प्लेटफॉर्म। यात्रियों की सुविधा के लिए यहां दो साइड प्लेटफॉर्म और चार ट्रैक होंगे। अत्याधुनिक बुलेट ट्रेन स्टेशन में टिकट और प्रतीक्षा क्षेत्र, बिजनेस क्लास लाउंज, नर्सरी, शौचालय, सूचना बूथ, खुदरा केंद्र जैसी तमाम सुविधाएं उपलब्ध होंगी। स्टेशन की कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने के लिए एनएचएसआरसीएल (राष्ट्रीय हाई स्पीड रेल निगम लिमिटेड) ने एनएच-48 और एसएच-150 को जोड़ने के लिए अतिरिक्त भूमि का अधिग्रहण किया है। मल्टीमॉडल ट्रैफिक इंटीग्रेशन प्लान के तहत सभी प्रकार के सार्वजनिक और निजी वाहनों की सुचारू आवाजाही सुनिश्चित की जाएगी। स्टेशन के समीप कारों, दोपहिया वाहनों, ऑटो और बसों के लिए पार्किंग और पिक-अप/ड्रॉप-ऑफ की विशेष व्यवस्था होगी। निकटतम रेलवे स्टेशन उत्तरसांडा (600 मीटर) और नाडियाड जंक्शन (10 किमी) स्थित हैं जबकि निकटतम हवाई अड्डा वडोदरा (54 किमी) और अहमदाबाद (70 किमी) में है। परियोजना को ट्रांजिट ओरिएंटेड डेवलपमेंट नीति के तहत विकसित किया जा रहा है। इसमें स्टेशन के आसपास आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देने की योजना है। स्टेशन भवन को 'ग्रीन बिल्डिंग' के रूप में विकसित किया जा रहा है जिसमें वर्षा जल संचयन, ऊर्जा खपत अनुकूलन, अपशिष्ट प्रबंधन और नवीकरणीय ऊर्जा जैसे तत्व शामिल हैं। एनएचएसआरसीएल 2030 तक भारतीय रेलवे के 'नेट जीरो' लक्ष्य के अनुरूप अपने बुनियादी ढांचे को पर्यावरण हितैषी बनाने पर काम कर रहा है। आणंद बुलेट ट्रेन स्टेशन का निर्माण कार्य तेजी से प्रगति पर है। कॉनकोर्स, रेल और प्लेटफॉर्म स्तर की स्लैब कास्टिंग पूरी हो चुकी है। छत का स्ट्रक्चरल स्टील और शीटिंग कार्य भी पूर्ण हो चुका है। प्लेटफॉर्म स्तर पर फ्लोरिंग का कार्य प्रगति पर है जबकि एस्केलेटर लगाने का कार्य पूरा हो चुका है।


**पूर्व मध्य रेल**

**ई–नीलामी सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के तरफ से मण्डल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), पूर्व मध्य रेल, पं० दीन दयाल उपाध्याय मंडल द्वारा निम्न वर्णित पार्किंग स्टैंड के संचालन हेतु ई–नीलामी आमंत्रित किया जाता है। विस्तृत विवरण निम्न हैः–

**AA/1 : 1. कार्य का नाम, स्थान एवं पूर्ण अवधि :** सासाराम रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में स्थित चार पहिया वाहन पार्किंग स्टैंड का संचालन 03 वर्षों के लिए। **ई–नीलामी कैटेलॉग संख्या :** PARK-DDU-25-07, **ई–नीलामी लॉट संख्या :** PARKING-DDU-SSM-FW-14-25-1, **ई–नीलामी की तिथि एवं समय :** ई–नीलामी दिनांक 17.03.2025 को 12:00 बजे शुरू होगी और 12:30 बजे बंद होगी।

**2. वेबसाईट का पता जहाँ ई–नीलामी का पूर्ण विवरण उपलब्ध है : www.ireps.gov.in** (E-auction Leasing)

मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य)
पूर्व मध्य रेल, डी.डी.यू.

पीआर/02218/डीडीयू/वा०/एन/24–25/28

# मंत्री प्रेम कुमार ने विशिष्ट शिक्षकों को बांटा नियुक्ति पत्र



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** नगर भवन नवादा में बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा चयनित, सक्षमता परीक्षा-2 उत्तीर्ण विशिष्ट शिक्षकों को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के द्वारा नियुक्ति पत्र वितरण समारोह कार्यक्रम का लाइव टेलीकास्ट किया गया। सर्वप्रथम जिलाधिकारी रवि प्रकाश द्वारा मंत्री को पौधा देकर स्वागत किया गया एवं अन्य अतिथियों को भी पौधा देकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रभारी मंत्री, नवादा-सह- मंत्री सहकारिता विभाग, बिहार सरकार डॉ प्रेम कुमार एवं जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश द्वारा कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके बाद प्रोजेक्ट कन्या इंटर विद्यालय के छात्राओं द्वारा स्वागत गान गाकर सभी अतिथियों का स्वागत किया। मंत्री ने अपने संबोधन में उपस्थित मंचासीन विशिष्ट अतिथियों, पदाधिकारियों, प्रबुद्धजनों, शिक्षक, पत्रकारगण एवं अभिभावकगण का हार्दिक अभिनन्दन किया। मंत्री ने कहा कि मैं उत्तीर्ण सभी विशिष्ट शिक्षकों को हार्दिक बधाई देता हूं। जो बिहार सरकार के द्वारा आयोजित बिहार विद्यालय परीक्षा समिति की सक्षमता परीक्षा के माध्यम से चयनित होकर आये है। उन्होंने कहा कि आपने कठिन मेहनत और समर्पण भाव से सक्षमता परीक्षा पास किया है। जिस तरह आप सभी शिक्षकों ने वर्षों से बच्चों को सवांरने और उन्हें दक्ष बनाने में लगे हैं। उम्मीद है कि आप उसी समर्पण भाव से बच्चों को सवांरने में अहम भूमिका निभायेंगे। हमे आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि आप विषय के साथ बिहार के नौनिहालों को जीवन का मूल्यवान पाठ पढ़ायेंगे और आपने मार्गदर्शन के द्वारा बेहतर इंसान बनाने में मदद करेंगे। उन्होंने कहा कि पूरे बिहार में बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा आयोजित सक्षमता परीक्षा-1 में एक लाख उन्चालीस हजार व्यक्तियों को विशिष्ट शिक्षक के रूप में औपबंधिक नियुक्ति पत्र दिया गया है। पुनः सक्षमता परीक्षा-2 में उन्सठ हजार अठाईस व्यक्तियों को विशिष्ट शिक्षक के रूप में औपबंधिक नियुक्ति पत्र आज दिया जा रहा है। जो अविश्वनीय एवं अनूठा है। इस कार्य के लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, बिहार सरकार एवं बिहार विद्यालय परीक्षा समिति तथा शिक्षा विभाग बधाई के पात्र हैं। आप सभी नवनियुक्त विशिष्ट शिक्षकों की जिम्मेदारी है कि बच्चों को शैक्षणिक गुणवता प्रदान करने के साथ-साथ सृजनात्मक एवं रचनात्मक कार्यों से जोड़कर बच्चों के सर्वागींण विकास में अहम भूमिका निभायें। आशा करते है कि प्रदेश के बच्चों को आपके द्वारा उन्हें सर्वोतम शिक्षा दी जाएगी। मंत्री द्वारा बताया गया कि नवादा जिलान्तर्गत शिक्षा विभाग द्वारा विभिन्न कोटि के शिक्षकों की नियुक्ति हुई है। नवादा जिला में वर्ग 1-5 में 930 विद्यालय, वर्ग 1-8 में 696 विद्यालय तथा वर्ग 9-12 में 207 विद्यालय कुल मिलाकर वर्तमान में 1833 विद्यालय संचालित है। नवादा जिलान्तर्गत सम्प्रति बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के माध्यम से सक्षमता-1 के तहत पूर्व में तीन हजार नौ सौ शिक्षकों को सक्षमता परीक्षा उत्तीर्ण कर विशिष्ट शिक्षक के रूप नियुक्ति की गयी। पुनः सक्षमता-2 के तहत वर्ग 1-5 में 773 तथा वर्ग 6-8 में 71 तथा वर्ग 9-10 में 65 एवं वर्ग 11-12 में 12 कुल नौ सौ इक्कीस शिक्षकों को सक्षमता परीक्षा उत्तीर्ण कर विशिष्ट शिक्षक के रूप में औपबंधिक नियुक्ति पत्र दिया जा रहा है। मंत्री के द्वारा सोनम कुमारी, अनुराधा कुमारी, रिना कुमारी, रेणुका शर्मा, फिरदौस तबस्सुम, रामाकान्त सिंहा एवं अन्य शिक्षकों को नियुक्ति पत्र दिया गया एवं अंत में पांच दिव्यांगजन शिक्षक को भी उन्होंने खुद जाकर उनके हाथ में नियुक्ति पत्र दिया। उन्होंने सभी विशिष्ट शिक्षकों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। साथ ही जिला पदाधिकारी द्वारा बरखा रानी, ब्रजेश कुमार आदि को नियुक्ति पत्र दिया गया इसके अतिरिक्त जनप्रतिनिधियों एवं जिला स्तरीय पदाधिकारियों द्वारा भी शिक्षकों को नियुक्ति पत्र दिया गया। इस अवसर पर विधायक विभा देवी, अरूणा देवी, नीतु देवी, जिला परिषद अध्यक्ष पुष्पा देवी, सिविल सर्जन नवादा डॉ. नीता अग्रवाल, अपर समाहर्त्ता चन्द्रशेखर आजाद, अनुमंडल पदाधिकारी नवादा सदर अखिलेश कुमार, गोपनीय शाखा प्रभारी राजीव कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी के साथ अन्य पदाधिकारी एवं शिक्षा विभाग के कर्मी आदि उपस्थित थे।

## आजू मिथिला नगरिया निहाल सखिया, चारों दुल्हा में बड़का कमाल सखिया गाने सुनकर मंत्रमुग्ध हुए श्रोता

### मैथिली ठाकुर की शानदार प्रस्तुति से गूंज उठा नवादा, बिहारी होने पर मुझे है गर्व : मैथिली





**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** शुक्रवार को नवादा जिला के ऐतिहासिक हरिश्चन्द्र स्टेडियम में सांस्कृतिक कार्यक्रम संध्या में मैथिली ठाकुर की शानदार प्रस्तुति हुई। ककोलत महोत्सव-2025 के दूसरे दिन सांस्कृति संध्या में लोक संगीत से मैथिली ठाकुर ने समा बांध दिया। उनका गीत सुनकर दर्शक झूम उठे। मैथिली ठाकुर ने अपनी लोकगायकी से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। मैथिली ठाकुर अपने भाई और साथी कलाकारों के साथ जैसे ही मंच पर आयीं, तालियों की गड़गड़ाहट से नवादा के लोगों ने उनका शानदार स्वागत किया। फिर उन्होंने लोकगीतों और भजन की एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी।

सबसे पहले मैथिली ने बिहार की भूमि को नमन किया और कहा कि उन्हें भी बिहारी होने पर गर्व है। मैथिली ठाकुर ने हिंदी और मैथिली के लोकगीत और भजन गाये और दर्शक इस दौरान झूमते नजर आये। छठ गीत, भोला बाबा का गीत, आज मिथिला नगरिया निहाल सखिया जैसे लोकगीत मैथिली ठाकुर गा रही थीं उस वक्त पूरा नवादा उन्हें सुन रहा था। कई लोग के फरमाईश पर भी उन्होंने भजन की प्रस्तुति दी। जिला प्रशासन की तरफ से विधि-व्यवस्था एवं शांति बनाये रखने हेतु कार्यक्रम स्थल पर पुलिस पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई थी। साथ ही जिला प्रशासन की तरफ से एलसीडी टीवी स्क्रीन ग्राउंड में भी लगायी गयी थी, ताकि लोग मंच के परफॉर्मेंस को देख सकें। इसके अतिरिक्त जो लोग कार्यक्रम स्थल पर नहीं पहुंच सके उनके लिए जिला प्रशासन द्वारा अपने फ़ेसबुक पेज डिस्ट्रीक्ट एडमीनिस्ट्रेशन, नवादा पर लाईव टेलीकास्ट भी किया जा रहा था। कार्यक्रम के अंत में जिला पदाधिकारी द्वारा गायिका मैथिली ठाकुर एवं उनके साथियों को मोमेंटो और स्टॉल देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश, गोविंदपुर विधायक मो. कामरान, जिला परिषद अध्यक्ष पुष्पा देवी, पूर्व विधायक अनिल सिंह , उप विकास आयुक्त प्रियंका रानी, अपर समाहर्त्ता चन्द्रशेखर आजाद, एसडीओ नवादा अखिलेश कुमार, वरीय उप समाहर्त्ता राजीव कुमार, डीएसपी मुख्यालय मो. इमरान परवेज, एसडीपीओ नवादा हुलास कुमार, अनुमंडल लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी डॉ.राजकुमार सिंहा, वरीय उपसमाहर्त्ता-सह-प्रभारी जिला जन सम्पर्क पदाधिकारी अमरनाथ कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी महेश कुमार के साथ-साथ जिला स्तरीय अन्य पदाधिकारी एवं हजारों की संख्या में दर्शकगण उपस्थित थे। शनिवार को सांस्कृतिक संध्या में नवादा के स्थानीय कलाकारों द्वारा प्रस्तुति दी जायेगी। जिला पदाधिकारी द्वारा नवादावासियों से अपील की गयी है कि आप सभी सांस्कृतिक संध्या में उपस्थित होकर जिला के कलाकारों की प्रस्तुति को देखें और उनका हौसला आफजायी करें ताकि नवादा जिला संस्कृति और कला के क्षेत्र में और भी आगे बढ़े।

## मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के जन्मदिन पर पौधारोपण, मंत्री श्रवण कुमार ने की उनके दीर्घायु होने की कामना



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**राजगीर।** आधुनिक बिहार के शिल्पकार और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के जन्मदिन के अवसर पर राजगीर प्रखंड के ग्राम विच्छा कोल में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर मंत्री श्रवण कुमार ने मुख्यमंत्री के उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु होने की कामना की। मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कुशल नेतृत्व में बिहार निरंतर विकास के पथ पर अग्रणी बना हुआ है। उन्होंने कहा, 'मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बिहार के लोगों की सेवा में सदैव तत्पर रहते हैं। उनकी ऊर्ज़ा और समर्पण बिहार को निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर कर रहा है। जनता ने उन्हें आशीर्वाद दिया है और वे हमेशा लोगों की सेवा को ही अपना ध्येय मानते हैं।' श्रवण कुमार ने आगे कहा, 'नीतीश कुमार हमेशा कहते हैं कि राजनीति जनता की सेवा का माध्यम है। नेता को हमेशा यह याद रखना चाहिए कि उन्हें जनता की सेवा करनी है। ईश्वर से हम सभी उनके उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु होने की कामना करते हैं। उन्हें इतनी शक्ति मिले कि वे बिहार के लोगों की सेवा का कार्य निरंतर जारी रख सकें।'' उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार में आपसी प्रेम, शांति, भाईचारे और सद्भाव का माहौल कायम हुआ है। आज गांव-गांव स्मार्ट बन रहा है और बिहार की धरती पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, डॉ. अम्बेडकर, लौह पुरुष सरदार पटेल, लोकनायक जयप्रकाश नारायण और डॉ. लोहिया के सपनों को साकार किया जा रहा है। नीतीश कुमार का नाम न्याय, विकास और सुशासन की गारंटी है। उनके नेतृत्व में बिहार एक विकसित, उन्नत और खुशहाल राज्य के रूप में अपनी पहचान बना रहा है।

## जगह चिन्हित कर पंचायत सरकार भवन बनाना सुनिश्चित करें : डॉ. प्रेम कुमार



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** शनिवार को अतिथि गृह, नवादा में प्रभारी मंत्री, नवादा-सह-माननीय मंत्री सहकारिता विभाग, बिहार सरकार की अध्यक्षता में सभी जिला स्तरीय पदाधिकारियों के साथ समीक्षात्मक बैठक आयोजित हुई। मंत्री ने आपूर्ति विभाग की समीक्षा के क्रम में आपूर्ति पदाधिकारी को निर्देश दिया कि अच्छी गुणवत्ता वाले अनाज जन-जन तक पहुंचाना सुनिश्चित करेंगे एवं सरकार द्वारा निर्धारित मात्रा में ही अनाज वितरण करें। उन्होंने पंचायत राज पदाधिकारी को निर्देश दिया कि जिन पंचायतों में पंचायत सरकार भवन का निर्माण नहीं किया गया है, शीघ्र ही जगह चिन्हित कर पंचायत सरकार भवन बनाना सुनिश्चित करेंगे एवं पंचायत सरकार भवन का चल रहे निर्माण कार्य को गुणवत्तापूर्ण एवं लगातार मॉनेटरिंग करने का निर्देश दिया। सिविल सर्जन नवादा को निर्देश दिया गया कि स्वास्थ्य व्यवस्था को दुरूस्त रखेंगे। श्रम अधीक्षक, नवादा से उनके विभाग से संबंधित योजनाओं के बारे में जानकारी ली गयी। उनके द्वारा बताया गया कि शताब्दी एवं प्रवासी योजना तथा श्रमिकों का निबंधन कार्य किया जा रहा है। माननीय मंत्री ने निर्देश दिया कि निबंधन कार्य में तेजी लायें एवं सभी योजनाओं की पहुंच श्रमिकों तक सुनिश्चित करें। मंत्री द्वारा उपस्थित पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं को धरातल पर उतारें एवं उन्होंने सभी अधिकारी को कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया। इस अवसर पर सिविल सर्जन नवादा, पंचायत राज पदाधिकारी नवादा, जिला जन सम्पर्क पदाधिकारी नवादा, प्रबंधक उद्योग विभाग, कार्यपालक पदाधिकारी नवादा, श्रम अधीक्षक नवादा, योजना पदाधिकारी नवादा, सहकारिता पदाधिकारी नवादा, आरडब्लूडी नवादा एवं रजौली के साथ-साथ अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## शांतिपूर्ण माहौल में शुरू हुई स्नातक प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हिसुआ।** हिसुआ नगर परिषद स्थित टी एस कॉलेज में मगध विश्वविद्यालय, बोधगया द्वारा आयोजित स्नातक प्रथम सेमेस्टर (सत्र 2024-28) की सैद्धांतिक परीक्षा शनिवार, 1 मार्च, 2025 को शांतिपूर्ण ढंग से शुरू हुई। प्राचार्य सह केंद्राधीक्षक डॉ. पवन कुमार शर्मा ने बताया कि स्नातक प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा 7 मार्च तक चलेगी। मगध विश्वविद्यालय ने नारदीगंज कॉलेज, नारदीगंज, नवादा के छात्र-छात्राओं के लिए टी एस कॉलेज को परीक्षा केंद्र बनाया है। परीक्षा दोनों पालियों में हो रही है और शांतिपूर्ण एवं कदाचार मुक्त ढंग से संचालित हो रही है। परीक्षा का संचालन महाविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक श्री अर्जुन कुमार, श्री सुंदर शर्मा और सहायक परीक्षा नियंत्रक सिंधुकांत की देखरेख में हो रहा है। परीक्षा कार्य में अनिल कुमार, शैलेंद्र कुमार, मुकेश कुमार, डॉ. भोला शंकर बरनवाल, डॉ. रजनीश देव, डॉ. पुमन भारती, स्वरगेश कुमार, डॉ. सुधा कुमारी, डॉ. चंद्रशेखर सिंह, डॉ. प्रतिभा सिंह, अजय कुमार, राधारमण, अमित कुमार सहित सभी शिक्षक और कर्मचारी परीक्षा को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने में जुटे हुए हैं।''

## एक नजर

### कुर्की के दौरान चार आरोपितों ने किया आत्मसर्पण

**रजौली।** थाना क्षेत्र के चितरकोली गांव में शुक्रवार को पुलिस कुर्की करने पहुंची। वहीं कुर्की के चारों अभियुक्त एक-एक कर थाने पहुंच आत्मसमर्पण कर दिए। थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि कोर्ट द्वारा निर्गत कुर्की वारंट के आलोक थाने में पदस्थापित एएसआई बीरेंद्र पासवान सशस्त्र बलों के साथ चितरकोली गांव कुर्की हेतु पहुंचे। इसी क्रम में बारी-बारी से कुर्की वारंटी चितरकोली गांव निवासी राजू यादव के पुत्र मिथिलेश यादव,स्व गुंजा यादव के पुत्र राजेश यादव व अनिल यादव एवं स्व बुलक यादव के पुत्र रामा यादव ने थाना में पहुंच गए। थाना परिसर में चारों वारंटियों को गिरफ्तार किया गया वहीं गिरफ्तार कुर्की वारंटियों का शनिवार को स्वास्थ्य जांच के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

### टीबी रोगियों को किया जा रहाय चिंहित

टीबी उन्मूलन कार्यक्रम का जन आंदोलन का रूप देने के लिये जिला यक्ष्मा केंद्र अपने निर्धारित एजेंडा पर काम कर रहा है। इसकी जानकारी देते हुए जिला संचारी रोग पदाधिकारी डॉ. माला सिन्हा ने बताया कि जिले के सभी प्रखंडों के चिह्नित स्लम एरिया व हाई रिस्क वाले इलाकों में एसटीएस व एसटीएलएस के माध्यम से टीबी रोग के प्रति सघन जागरूकता अभियान का संचालन करते हुए रोगी के घर के आस-पास इलाके के कम से कम 25 घरों से जांच के लिये बलगम संग्रह किया जाना है।उन्होंने बताई कि पंचायत स्तर पर जन प्रतिनिधियों की मौजूदगी में ग्रामीणों की बैठक आयोजित करते हुए लोगों को टीबी रोग के संभावित खतरों के प्रति जागरूक करने का प्रयास करना है।

### औपबंधिक नियुक्ति पत्र का वितरण

**कौआकोल।** प्रखण्ड के बापू इंटर विद्यालय पाण्डेयगंगौट में शनिवार को शिविर लगाकर नियोजित शिक्षक से विशिष्ट शिक्षक बनें शिक्षकों को औपबंधिक नियुक्ति पत्र का वितरण किया गया। बीइओ सुशील कुमार ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि राज्य सरकार के निर्देश पर शिक्षा विभाग द्वारा कौआकोल प्रखण्ड में सक्षमता परीक्षा-2 उत्तीर्ण हुए 69 नियोजित शिक्षकों को औपबंधिक नियुक्ति पत्र का वितरण कर उन्हें सम्बंधित विद्यालय में योगदान करने का निर्देश दिया गया। मौके पर एमडीएम प्रभारी संजय पासवान, स्थानीय विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य अजय कुमार समेत अन्य लोग मौजूद थे।

### 11 कुंडलीय गायत्री महायज्ञ की तैयारी शुरू

**पकरीबरावां।** पकरीबरावां प्रखंड के धमौल बाजार स्थित गायत्री मंदिर परिसर में 11 कुंडलीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन चार दिवसीय होगा, जो 25 मार्च से 28 मार्च तक चलेगा। कलश शोभायात्रा से इसकी शुरुआत होगी। इसकी तैयारियां शुरू कर दी गई है। गायत्री परिवार से जुड़ी अनीता देवी, सविता देवी, रेखा देवी, नवीन लाल आदि ने बताया कि समाज कल्याण के लिए गायत्री महायज्ञ कराया जा रहा है। यह 11 कुंडलीय होगा। दैनिक हवन, भजन- कीर्तन, प्रवचन आदि कराए जाएंगे। शांतिकुंज हरिद्वार से संगीतज्ञों की टोली को आमंत्रित किया गया है। इसके अलावा गायत्री परिवार से जुड़े कई विद्वानों के आने की संभावना है। बताया गया कि महायज्ञ के सफल समापन के लिए जोर शोर से तैयारियां की जा रही है।

### अंचल कार्यालय में राशि लेते कर्मी का वीडियो वायरल

**नारदीगंज,नवादा।** अंचल कार्यालय नारदीगंज में इन दिनों अजब गजब कारनामे सामने आ रहे है। यहां बिना नजराने लिए किसी भी व्यक्ति का कार्य नहीं हो पा रहे हैं। कार्य करने के बदले कर्मी जब राशि लेते हैं। तभी उनका कार्य हो पा रहा है। लोग कहते हैं कि अंचल कार्यालय नारदीगंज में खुली लूट मची हुई है। इसी तरह का एक वीडियो इंटरनेट मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। जो अंचल कार्यालय नारदीगंज का है। उस वीडियो में जहां एक कर्मी किसी से राशि लेकर अपनी जेब में रख रहे हैं। राशि लेने वाले कर्मी अंचल कार्यालय नारदीगंज के कार्यपालक सहायक चन्द्रशेखर प्रसाद की तस्वीर बताया जा रहा है हालांकि यह वायरल वीडियो को नवबिहार टाइम्स पुष्टि नहीं कर रहा है। इस बाबत कार्यपालक सहायक चंद्र शेखर प्रसाद कहते हैं कि साजिश के तहत मुझे फंसाया जा रहा है। मेरे काउंटर पर आय, जाति, आवासीय समेत अन्य प्रमाण पत्र बनाने के लिए लोग आते हैं। इस प्रमाण पत्र निःशुल्क बनाया जाता है। इसके अलावा भू लगान रसीद, भूमि नापी के लिए रसीद काटने का कार्य भी होता है।

## मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के जन्मदिन पर बड़ी दरगाह में चादरपोशी



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के जन्मदिन के अवसर पर जदयू महानगर अध्यक्ष नदीम जाफर उर्फ़ गुलरेज अंसारी ने बिहारशरीफ स्थित बड़ी दरगाह, हजरत मखदूम शाह शरफुद्दीन अहमद यहिया मनेरी रहमतुल्लाह अलैह की मजार पर चादरपोशी कर उनके उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु की प्रार्थना की। इस अवसर पर बड़ी संख्या में जदयू कार्यकर्ता और स्थानीय लोग उपस्थित रहे। इस अवसर पर बिहारशरीफ नगर जिला अध्यक्ष गुलरेज अंसारी और प्रवक्ता डॉ. धनंजय कुमार देव ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि उनके कार्यकाल में बिहार ने विकास के नए आयाम स्थापित किए हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली, पेयजल और कानून-व्यवस्था जैसे क्षेत्रों में राज्य ने ऐतिहासिक प्रगति की है। अंसारी ने कहा, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार को नई पहचान दिलाई है। उनकी दूरदर्शी नीतियों के कारण प्रदेश तेजी से विकास कर रहा है। 2025 में जनता पुनः उन्हें अपना समर्थन देगी, जिससे बिहार और आगे बढ़ेगा। उन्होंने यह भी बताया कि नीतीश कुमार के नेतृत्व में बुनियादी ढांचे को मजबूत किया गया है। गांव-गांव तक सड़कों का विस्तार हुआ है, शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार आया है, तथा गरीबों, पिछड़ों और वंचितों के उत्थान के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएं चलाई गई हैं। इस मौके पर जदयू के कई वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे, जिनमें महमूद बक्खो, पप्पू बनौलिया, बबलू सिंह, मेराज उद्दीन, अजय पासवान, अली खान, पप्पू पासवान, रुस्तम आलम और मोहम्मद मुन्ना शामिल थे। सभी ने एक स्वर में मुख्यमंत्री की दीर्घायु की कामना की और राज्य की निरंतर प्रगति के लिए प्रार्थना की।

## सेवानिवृत्त शिक्षक को समारोह आयोजित कर दी गई विदाई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पकरीबरावां।** प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय बेलखुंडा में एक समारोह आयोजित कर सेवानिवृत्त वरीय शिक्षक मो. शमशेर आलम को विदाई दी गई। इस बीच उन्हें फूल मालाओं, शॉल, पेन, डायरी आदि देकर सम्मानित किया गया। विदाई समारोह में बेलखुंडा संकुल संसाधन केंद्र के विभिन्न विद्यालयों के शिक्षकों को भी आमंत्रित किया गया था। इस बीच सभी शिक्षकों ने वरीय शिक्षक के कार्यकाल की सराहना की। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक अनिल कुमार ने कहा कि मो. आलम न केवल एक बेहतरीन शिक्षक रहे हैं, अपितु सरल व नेकदिल इंसान भी हैं। इन्होंने अपने कार्यकाल में विद्यालय में एक बेहतरीन शैक्षणिक माहौल बनाए रखा। सभी शिक्षकों से समन्वय बनाकर कार्य किया। शिक्षक अजीत कुमार, संतोष कुमार, विवेकानंद कुमार, सुरेंद्र कुमार, मो. अफजल, कल्पना कुमारी, रश्मि रानी, रामाकंात प्रसाद आदि ने मो. आलम के कार्यकाल की सराहना करते हुए इनके स्वास्थ्य एवं दीर्घायु जीवन की कामना की।

## नए ठेकेदार के विरोध में सफाईकर्मियों की हड़ताल, हिलसा में लगा गंदगी का अंबार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हिलसा (नालंदा)।** हिलसा नगर परिषद के सफाईकर्मियों ने नए ठेकेदार के विरोध में शनिवार को प्रदर्शन करते हुए अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी है। इस दौरान सफाईकर्मियों ने नगर परिषद कार्यालय के गेट पर विरोध प्रदर्शन किया। दरअसल, हिलसा नगर परिषद में शहर की साफ-सफाई के लिए पुराने एजेंसी का कार्यकाल समाप्त होने के बाद, नए ठेकेदार को काम सौंपा गया है। इसी के विरोध में नगर परिषद के सफाईकर्मियों ने शनिवार से हड़ताल शुरू कर दी है। अपनी मांगों के समर्थन में उन्होंने अधिकारियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

प्रदर्शन कर रहे लोगों ने कहा कि उन्हें नए ठेकेदार के बारे में कोई जानकारी नहीं है। उन्होंने बताया कि छह महीने पहले भी एक ठेकेदार को शहर की सफाई का काम सौंपा गया था, जिसने लगभग पांच महीने काम करने के बाद उन्हें भुगतान नहीं किया। उनका पैसा अभी तक नहीं मिला है। सफाईकर्मियों की मांग है कि सफाई का काम स्थानीय ठेकेदार को दिया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि जब तक उनकी मांग पूरी नहीं होती, वे हड़ताल जारी रखेंगे। सफाईकर्मियों की हड़ताल शुरू होने के बाद, शहरवासियों को कचरा और गंदगी फैलने की चिंता सताने लगी है। लोगों का कहना है कि अगर सफाईकर्मी काम पर नहीं लौटे, तो शहर नरक बन जाएगा। जगह-जगह कूड़े-कचरे का ढेर लग गया है। सड़कों पर कूड़ा-कचरा बिखरा पड़ा है और नालियां गंदगी से भरी हुई हैं। अगर हड़ताल जारी रहती है, तो हिलसा में सफाई को लेकर बड़ी समस्या उत्पन्न हो जाएगी। लोगों ने अधिकारियों से बातचीत कर हड़ताल को जल्द समाप्त कराने की मांग की है।

## पुलिस महानिरीक्षक ने अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कार्यालय का किया निरीक्षण




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** शनिवार को पुलिस महानिरीक्षक, मगध क्षेत्र गया द्वारा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रजौली के कार्यालय का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पुलिस महानिरीक्षक महोदय ने कार्यालय में संधारित विभिन्न पंजियों एवं कांड से संबंधित संचिकाओं का अवलोकन किया। निरीक्षण के क्रम में पाई गई त्रुटियों पर संज्ञान लेते हुए पुलिस महानिरीक्षक महोदय ने सभी संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। उन्होंने प्रशासनिक कार्यों को और अधिक सुव्यवस्थित एवं पारदर्शी बनाने हेतु आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाने पर बल दिया। इस अवसर पर संबंधित पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान कार्यालय संचालन की कार्यप्रणाली, रिकॉर्ड संधारण की स्थिति तथा विधि-व्यवस्था से संबंधित विषयों पर भी विशेष रूप से चर्चा की गई।

# सीयूएसबी को पर्स उत्कृष्टता स्मृति चिन्ह से किया सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी(गया)।** राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य में दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो कामेश्वर नाथ सिंह को विज्ञान और प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री डॉ जितेंद्र सिंह द्वारा प्लेनरी हॉल, विज्ञान भवन, नई दिल्ली में पर्स उत्कृष्टता स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया गया। ज्ञात हो कि सीयूएसबी को भारत सरकार के विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा अपने शोध पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ाने के लिए वर्ष 2024 के लिए 7.13 करोड़ रुपये के प्रतिष्ठित डीएसटी-पर्स (प्रोमोशन ऑफ यूनिवर्सिटी रिसर्च एंड साइंटिफिक एक्सीलेंस) अनुसंधान अनुदान से सम्मानित किया गया है। इस अवसर पर सीयूएसबी के कुलपति प्रो के. एन. सिंह के साथ पर्स टीम के सदस्य क्रमशः प्रो. दुर्ग विजय सिंह (निदेशक आरडीसी), प्रो. वेंकटेश सिंह (समन्वयक), प्रो. राम प्रताप सिंह (उप-समन्वयक), प्रो. अमिय प्रियम और प्रो. विवेक दवे के साथ-साथ स्कूल ऑफ अर्थ, बायोलॉजिकल एंड एनवायरनमेंटल साइंसेज (एसईबीईएस) के डीन प्रोफेसर रिजवानुल हक भी मौजूद थे। गौरतलब है कि देश के 47 केंद्रीय विश्वविद्यालयों में से केवल तीन केंद्रीय विश्वविद्यालयों को इस साल डीएसटी-पर्स अनुदान मिला है और सीयूएसबी उनमें से एक है। सीयूएसबी बिहार और झारखंड का एकमात्र विश्वविद्यालय है जिसे विकसित भारत पर केंद्रित अत्याधुनिक शोध के लिए प्रतिष्ठित अनुदान प्राप्त हुआ है।

विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार (एसटीआई) आर्थिक विकास और मानव विकास के प्रमुख चालक हैं। विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने और आत्मनिर्भर भारत बनाने के लिए मानव स्वास्थ्य और जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करने के लिए स्वदेशी तकनीकों के विकास पर सीयूएसबी के प्रस्ताव को भारत सरकार के विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा विश्वविद्यालय अनुसंधान और वैज्ञानिक उत्कृष्टता (पीयूआरएसई) योजना के तहत सराहना और अनुमोदन किया गया है। जन संपर्क पदाधिकारी मोहम्मद मुदस्सीर आलम ने शनिवार को बताया कि इस परियोजना के तहत, सीयूएसबी के शोधकर्ताओं की एक समर्पित टीम फील्ड-इफेक्ट ट्रांजिस्टर और बायोडिग्रेडेबल पॉलिमर पर आधारित बायोसेंसर के साथ बिहार के वनस्पतियों और जीवों पर अध्ययन करेगी। उनके प्रोजेक्ट के तहत स्वदेशी सेंसर और डिवाइस विकसित किए जाएंगे। ये दोनों नई सुविधाएं न केवल सीयूएसबी के शोधकर्ताओं के लिए बल्कि बिहार और झारखंड के किसी भी संस्थान में काम कर रहे शोधकर्ताओं के लिए भी फायदेमंद होंगी। नई सुविधाएं बिहार और उसके आसपास काम कर रहे स्टार्टअप्स और उद्योगों को भी मदद पहुंचाएंगी।

## हत्या व अपहरण मामले के दो अभियुक्त गिरफ्तार

**वजीरगंज(गया)(नबिटा ब्यूरो)।** प्रखंड क्षेत्र का चर्चित रामविलास मांझी हत्याकांड के एक अभियुक्त सहित दूसरे युवती अपहरण मामले के एक आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। थानाध्यक्ष वेंकटेश्वर ओझा ने बताया कि विगत 7 फरवरी को दर्ज रामविलास मांझी हत्याकांड में वैज्ञानिक अनुसंधान के बाद संलिप्त अपराधियों की धरपकड़ के लिये पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है जिसमें एक अभियुक्त की गिरफ्तारी पूर्व में हो चुकी है, वहीं दूसरी गिरफ्तारी शनिवार को हरि बिगहा निवासी हरिचन्द्र चौहान का किया गया है। वहीं तिलोरा निवासी अभय कुमार उर्फ उमेश कुमार को एक युवती के अपहरण मामले में पकड़ा गया है। दोनों गिरफ्तार अभियुक्तों को शनिवार को जेल भेज दिया गया।

# लूट की योजना बनाते चोर को ग्रामीणों ने किया पुलिस के हवाले, आक्रोश में सर्राफा बाजार बंद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**इमामगंज।** नगर पंचायत अंतर्गत इमामगंज मुख्य बाजार में तीन सर्राफा दुकानों में चोरी करने की नीयत से दो बाइक पर चार बदमाश शुक्रवार की रात्रि पहुंचे थे। सभी चोर ज्वेलरी दुकान में लूट की योजना बना रहे थे और वह अपने साथ में ताला तोड़ने के लिए कटर औजार लाए थे। हालांकि भगवान का ही शुक्र था कि चोरी करने से पूर्व ही ग्रामीणों ने एक चोर को पकड़ कर पुलिस को सौंप दिया। इस दौरान तीन चोर भागने में सफल हो गए। चोरों को पुलिस गिरफ्तार करने के लिए खाक छान रही है। पुलिस का कहना है कि बहुत जल्द सभी चोरों को पुलिस गिरफ्तार कर लेगी। अब इन्हें पुलिस तलाश रही है। वहीं घटना के बाद पुलिस कुछ भी बताने से परहेज कर रही है। इधर आए दिन चोरों के निशाने पर सर्राफा दुकानदारों में व्यवसायी काफी चिन्तित है।



इसी को लेकर शनिवार को इमामगंज बाजार के सर्राफा व्यवसायियों में अपनी-अपनी दुकानों को बन्द रखते हुए पांच सूत्री मांगों को लेकर एसडीपीओ अमीत कुमार एवं थानाध्यक्ष अमित कुमार को एक ज्ञापन सौंपा जिसमें मांग किया गया है कि पुलिस चोरों के सरगना को जल्द गिरफ्तार करे, पूर्व की घटना का उद्भेदन करने, सीसी टीवी कैमरा लगाने, चोरी की सामान लेने वाले को चिन्हित करने एवं दिन और रात पुलिस गश्ती तेज करने के साथ ही साथ रात्रि के समय चौकीदारों से पहरा दिलाने की मांग शामिल है। इधर एसडीपीओ ने व्यवसायी की मांग सही ठहराते हुए उनकी मांग पर अमल करते हुए हर हालत में अन्य चोरों को गिरफ्तारी करने के साथ ही अन्य मामलों को निष्पादन करने एवं इमामगंज बाजार में रात्रि में पुलिस गलती को तेज करने और चौकीदारों के द्वारा गश्ती करने की बात कही है।

## मुख्यमंत्री ने सक्षमता परीक्षा-2 उत्तीर्ण 59 हजार 28 विशिष्ट शिक्षिकों को प्रदान किया नियुक्ति पत्र

**गया(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मुख्यमंत्री सचिवालय स्थित संवाद में शनिवार को 59 हजार 28 विशिष्ट शिक्षिकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया।इसके अंतर्गत 55 हजार 845 प्रारंभिक शिक्षक, 2532 माध्यमिक शिक्षक तथा 651 उच्च माध्यमिक शिक्षक शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने नीलम कुमारी, रुस्तम अली, नीलू राय, अच्युत कुमार तथा दीपक कुमार तिवारी को सांकेतिक रूप से नियुक्ति पत्र प्रदान किया। इस अवसर पर गया ज़िले में भी ज़िला परिषद गया के सभागार आयुक्त मगध प्रमंडलीय गया प्रेम सिंह मीणा की अध्यक्षता में नियुक्ति पत्र वितरण किया गया। इस अवसर पर एमएलसी कुमुद वर्मा, विधायक बेलागंज मनोरमा देवी, डीएम डॉ0 त्यागराजन एसएम, डीडीसी द्वारा भी नियुक्ति पत्र वितरण किये गए। गया जिला में 3077 शिक्षिकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया। टनकुप्पा में 151, कोच में 190, इमामगंज में 94, परैया में 85, गुरारू 152, मानपुर 186, नगर प्रखंड/ नगर निगम गया 166, वजीरगंज 129, शेरघाटी 96, फतेहपुर 171, नीमचक बथानी 58, बाराचट्टी 81, बेला 163, डुमरिया 119, खिजरसराय 86, आमस 44, बोधगया 147, मोहनपुर 104, गुरुआ 198, डोभी 140, बाकेबजार 189, टिकारी 164, अतरी 78, मोहरा में 86 शिक्षिकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया।

# पीएनबी द्वारा कृषि प्रसार कार्यक्रम का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) द्वारा कृषि संपर्क कार्यक्रम का आयोजन शनिवार को रेडक्रॉस, गया में किया गया। इस अवसर पर प्रधान कार्यालय से उपस्थित मुख्य महाप्रबंधक हेमंत वर्मा ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में गया जिला परियोजना प्रबंधक आचार्य मम्मट, जहानाबाद जिला परियोजना प्रबंधक अनिता कुमारी, गया एवं जहानाबाद के प्रबंधक सूक्ष्म वित्त, गया जिले के सभी प्रखंड प्रबंधक (बीपीएम) एवं सैकड़ों की संख्या में जीविका दीदियां व कृषक उद्यमी उपस्थित रहे। पीएनबी द्वारा



17 फरवरी से 1 मार्च तक कृषि संपर्क कार्यक्रम चलाया गया जिसके तहत स्वयं सहायता समूह एवं लखपति दीदी के लिए 70 करोड़ का लक्ष्य निर्धारित किया गया था जिसमें 71 करोड़ की लीड का सृजन हुआ। इसी प्रकार एआईएएफ एवं पीएमएफएमई योजनाओं के लिए 6 करोड़ के लक्ष्य के विरुद्ध 56 करोड़ की लीड सृजित की गई। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि हेमंत वर्मा द्वारा लाभार्थियों को डमी चेक एवं ऋण स्वीकृति पत्र प्रदान किए गए। साथ ही गया एवं जहानाबाद जिला जीविका कार्यालयों के प्रमुखों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में यह संकल्प लिया गया कि भविष्य में भी जीविका दीदियों एवं लखपति दीदियों को अधिक से अधिक ऋण उपलब्ध कराया जाएगा जिससे वे आत्मनिर्भर बन सकें। मुख्य अतिथि ने पीएनबी आरसेटी गया से प्रशिक्षण प्राप्त कर पीएनबी/जीविका से ऋण लेकर स्वरोजगार स्थापित करने वाली दीदियों के स्व-निर्मित उत्पादों के स्टॉलों का निरीक्षण किया और उनकी सराहना की। उन्होंने इन सफल उद्यमी दीदियों को बैंक की ओर से और अधिक सहायता प्रदान करने का भरोसा दिलाया एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी दिए।

## राज्य ने शिक्षा, सड़क, स्वास्थ्य, कृषि एवं आधारभूत संरचनाओं के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धियां हासिल की

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के जन्मदिन के शुभ अवसर पर शनिवार को गया जिला राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. मनीष पंकज मिश्रा सहित अन्य नेताओं ने हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। डॉ मनीष पंकज शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नीतीश कुमार ने बिहार के विकास में अभूतपूर्व योगदान दिया है और उनकी नेतृत्व क्षमता के कारण राज्य ने शिक्षा, सड़क, स्वास्थ्य, कृषि एवं आधारभूत संरचनाओं के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धियां हासिल की हैं। मुख्यमंत्री के रूप में नीतीश कुमार ने सुशासन, कानून व्यवस्था एवं विकास को प्राथमिकता दी है जिससे बिहार देश के अग्रणी राज्यों में स्थान बना रहा है। उन्होंने किसान, युवा, महिला सशक्तिकरण एवं समाज के हर वर्ग के कल्याण के लिए अनेक जनहितकारी योजनाओं को लागू किया जिससे राज्य की अर्थव्यवस्था और सामाजिक ताना-बाना मजबूत हुआ है। भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद अधिवक्ता ने कहा मुख्यमंत्री के स्वस्थ, दीर्घायु एवं सशक्त नेतृत्व की कामना करते हुए कहा कि उनके कुशल मार्गदर्शन में बिहार निरंतर विकास के नए आयाम स्थापित करेगा।

# लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम द्वितीय अपील के तहत डीएम ने की सुनवाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम, 2015 द्वितीय अपील के तहत जिले के डीएम डॉ0 त्यागराजन एसएम द्वारा वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से शनिवार कुल 61 मामलों की सुनवाई की गई जिसमें कुछ मामलों का निष्पादन ऑन द स्पॉट किया गया। हरेंद्र मांझी एवं प्रमोद कुमार ग्राम -पडरिया, बाबू बिगहा, थाना- मगध विश्वविद्यालय के द्वारा नल जल योजना में कार्यरत अनुरक्षक का मानदेय नहीं मिलने के संबंध में वाद दायर किया गया था, सुनवाई के क्रम में डीएम ने प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी, बोधगया को पोर्टल पर नाम चढ़ाने एवं अनुरक्षक के बकाया राशि का भुगतान करने का निर्देश दिया गया है। गणेश यादव, थाना- परैया, अंचल -गुरारू के द्वारा परवाम से प्राप्त भूमि पर बने मिट्टी के मकान में ताला लगाने के संबंध में वाद दायर किया गया था। सुनवाई के क्रम में डीएम ने अपीलकर्ता को सक्षम न्यायालय में वाद दायर करने को कहा। कमलेश कुमार, ग्राम- सिसवर, थाना- खिरासराय के द्वारा रास्ते की भूमि को अतिक्रमण मुक्त करने के संबंध में वाद दायर किया गया था, डीएम ने सीओ, खिजरसराय को 15 दिन के अंदर अतिक्रमण मुक्त करने का निर्देश दिया गया। रोहन महतो, पिता स्वर्गीय नाथूंन महतो, ग्राम कंडी, थाना चंदौती के अंतर्गत खाता संख्या 260 का जमाबंदी सुधार करने हेतु नापी करने हेतु वाद दायर किया गया था। सुनवाई के क्रम में सीओ नगर गया को अपने स्तर से नापी कराने हेतु निर्देश दिया गया।

# जदयू महानगर जिलाध्यक्ष ने नीतीश कुमार के जन्मदिन को विकास दिवस के रुप में मनाया

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** शहर के जी.बी. रोड स्थित जदयू महानगर कार्यालय में शनिवार को जिलाध्यक्ष राजकुमार प्रसाद उर्फ राजू बरनवाल ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के 74वें को जन्मदिन पर केक काटकर विकास दिवस के रुप में मनाया। साथ ही मिठाइयां बांटकर खुशी का इजहार किया। इस मौके पर राजू बरनवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में सूबे का सर्वांगीण विकास हो रहा है और राज्य आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रही है। मुख्यमंत्री के नेतृत्व से राज्य का मान-सम्मान दूसरे प्रदेशों में भी बढ़ा है। जदयू के नेताओं ने भी सरकार की उपलब्धियों को गिनाते हुए नीतीश कुमार को देश का सबसे ईमानदार और कार्य कुशल मुख्यमंत्री बताया। कहा कि इसके पूर्व बिहार में अपराध का बोलबाला था। महिलाएं अपने घरों में भी सुरक्षित नहीं थी। आज ग्रामीण क्षेत्रों से भी बेटियां घर से अकेले निकल कर पढ़ाई कर रही हैं। उक्त जन्म दिवस पर जिला प्रवक्ता अवध बिहारी पटेल, लालजी प्रसाद, अजय कुशवाहा, अमर नाथ ढोकड़ें, पूनम कुशवाहा, अरविंद वर्मा, श्रीकांत प्रसाद, राकेश कुमार पांडे, अनिल पटेल, बलिराम चौधरी, नरेश दांगी, राजकुमार शर्मा, अमरेंद्र कुमार दिवाकर, सिद्धनाथ तिवारी, श्याम बिहारी मेहता, वीरु कुमार, माणिकचंद गुप्ता, धनंजय शर्मा, शंभू सिंह, दिवाकर कुमार, सोनम दास, मितांबरा लोहड़े, अजीत शर्मा, मिनता देवी सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# युवा चौपाल को लेकर राजद कार्यकर्ताओं की बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** प्रखंड क्षेत्र के राजद कार्यालय में शनिवार को राजद के युवा कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सुजीत यादव व संचालन युवा प्रधान महासचिव ओम प्रकाश कुमार ने किया। बैठक में 5 मार्च को मिलर हाई स्कूल मैदान पटना में युवा चौपाल कार्यक्रम की सफलता को लेकर विस्तृत रूप से विचार-विमर्श किया गया। बैठक में राजद पार्टी को मजबूत बनाने को लेकर भी चर्चा की गई। युवा चौपाल कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित कराने को लेकर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में युवा प्रखंड अध्यक्ष मनोज सिंह यादव, संगम कुमार, अखिलेश दास (सरपंच), रवि वर्मा (सरपंच), मधेश्वर मांझी, सुरेंद्र ठाकुर, कृष्ण उत्तम कुमार सहित बड़ी संख्या में राजद कार्यकर्ता शामिल थे।


**पूर्व मध्य रेल**

**ई–ऑक्शन सूचना**

**ई–ऑक्शन सूचना सं. :–**
**कॉम–एनएफआर– डब्लूआर–डीएनआर–3**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), पूर्व मध्य रेल, दानापुर मंडल द्वारा निम्न कार्य हेतु ई–ऑक्शन आमंत्रित किया जाता है:– **1. कार्य का नाम :** दानापुर मंडल के अंतर्गत पटना जंक्शन (प्लेटफार्म संख्या–10) रेलवे स्टेशन पर आधुनिक सुविधाओं, बहुउद्देशयी स्टॉल और पर्यटन कियोस्क जैसी सुविधाओं के साथ एसी प्रतीक्षालय का उन्नयन एवं रखरखाव। **2. अनुबंध की अवधि :** 05 वर्ष, **3. कैटेलॉग संख्या :** कॉम–डब्लूआर–पीएनबीइ–03, **4. लॉट संख्या :** पीएनयू–डीएनआर–पी–डब्लूआरएल–89–24–1, **5. ई–नीलामी की तिथि व समय : दिनांक :** 14.03.2025 को 12:00 बजे से 12:30 बजे तक लॉट संख्या (पीएनयू–डीएनआर–पीएनबीइ–डब्लूआरएल–89–24–1) के लिए ई–नीलामी होगी। (प्रारम्भिक कुलिंग ऑफ कि अवधि 30 मिनट एवं लागतार लॉट का समापन अन्तराल 10 मिनट होगा), **6. वेबसाइट जहाँ ई–ऑक्शन का पूर्ण विवरण उपलब्ध है : www.ireps.gov.in**

**मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य)**
**पूर्व मध्य रेल, दानापुर**
**पीआर/02215/डीएनआर/वा०/एन/24–25/32**



**पूर्व मध्य रेल**

**ई–नीलामी सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के तरफ से मण्डल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), पूर्व मध्य रेल, पं० दीन दयाल उपाध्याय मंडल द्वारा गया स्टेशन पर दो पहिया वाहनों और अन्य पार्सल पैकेज की पैकेजिंग के लिए कीओस्क के संचालन और रखरखाव हेतु ई–नीलामी आमंत्रित किया जाता है। विस्तृत विवरण निम्न है:–

**AA/1 : 1. कार्य का नाम, स्थान एवं पूर्ण अवधि :** गया स्टेशन पर दो पहिया वाहनों और अन्य पार्सल पैकेज की पैकेजिंग के लिए कीओस्क का संचालन और रखरखाव 03 वर्षों के लिए। **ई–नीलामी कैटेलॉग संख्या :** NFR-DDU-25-05, **ई–नीलामी लॉट संख्या :** MSS-DDU-GAYA-TWnOPS-9-24-1, **ई–नीलामी की तिथि एवं समय :** ई–नीलामी दिनांक 17.03.2025 12:00 बजे शुरू होगी और 12:30 बजे बंद होगी।

**2. वेबसाईट का पता जहाँ ई–नीलामी का पूर्ण विवरण उपलब्ध है : www.ireps.gov.in**
(E-auction Leasing)

**मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य)**
**पूर्व मध्य रेल, डी.डी.यू.**
**पीआर/02217/डीडीयू/वा०/एन/24–25/32**


# बीडीओ एवं बीइओ ने विशिष्ट शिक्षकों को प्रदान किया औपबंधिक नियुक्ति पत्र

**वजीरगंज(गया)(नबिटा ब्यूरो)।** प्रखंड के श्री रामानुग्रह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय वजीरगंज में शनिवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रभाकर सिंह एवं प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी रेणु कुमारी के देखरेख में प्रखंड के 131 नियोजित शिक्षकों को सक्षमता-2 परीक्षा उत्तीर्ण होने एवं काउंसलिंग के उपरान्त कैम्प लगाकर विशिष्ट शिक्षक के रूप में औपबंधिक नियुक्ति-पत्र प्रदान किया गया। बीआरसी के लेखा समन्वयक मुकेश कुमार ने बताया कि वर्ग 1 से 5 कोटि में एक सौ चौदह, वर्ग 6 से 8 कोटि में नौ, वर्ग 9से10 कोटि में चार वर्ग 11से 12कोटि में दो, होम साइंस में एक एवं पुस्तकालयध्यक्ष में एक शिक्षक ने अपना नियुक्ति पत्र प्राप्त किया और अपने मूल विद्यालय में विशिष्ट शिक्षक के रूप में योगदान करेंगे।

# महाजुटान में शामिल होने ट्रेन और बस से निकले माले कार्यकर्ता

**गया (नबिटा ब्यूरो)।** 2 मार्च को पटना गांधी मैदान में होने वाले भाकपा माले की बदलो बिहार महाजुटान रैली में शामिल होने गया से हजारों माले कार्यकर्ताओं का जत्था शनिवार को ट्रेन और बस से पटना को रवाना हुआ। भाकपा माले गया जिला सचिव निरंजन कुमार ने कहा कि अलग-अलग प्रखंडों से बड़ी संख्या में माले कार्यकर्ता और स्कीम वर्कर्स अपनी बिहार में बदलाव के संकल्प के साथ पटना जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा-जदयू की सरकार हर मोर्चे पर असफल और दमनकारी रही है। उन्होंने कहा कि बिहार की जनता अब बदलाव चाहती है और 2 मार्च को पटना के गांधी मैदान में होने वाला महाजुटान इसका सबसे बड़ा उदाहरण होगा। बिहार की जनता अब ढकोसला नहीं, बल्कि वास्तविक बदलाव चाहती है। उन्होंने कहा कि यह महाजुटान केवल एक राजनीतिक प्रदर्शन नहीं, बल्कि राज्य में हो रहे अन्याय और दमन के खिलाफ एक आवाज होगी, जो राज्य के हर नागरिक को प्रभावित करेगी।

## तीन पंचायत आवास सहायक बर्खास्त

**गया(नबिटा ब्यूरो)।** जिले में कार्य में लापरवाही, लाभुकों के चयन में अनियमितता, एक ही परिवार को दोबारा लाभ देने एवं अन्य शिथिलता बरतने के आरोप में डीडीसी नवीन कुमार ने फतेहपुर प्रखंड में पूर्व में पदस्थापित आवास सहायकों को नियोजन से बर्खास्त कर दिया है जिनमें राजेश कुमार तत्कालीन आवास सहायक फतेहपुर वर्तमान पदस्थापना टिकारी, प्रभात कुमार तत्कालीन आवास सहायक फतेहपुर वर्तमान प्रतिस्थापन शेरघाटी तथा उदय कुमार तत्कालीन आवास सहायक फतेहपुर वर्तमान प्रतिस्थापन डोभी शामिल है।

# एनसीसी कैडेट गठन से विद्यार्थियों में हर्ष

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खिजरसराय।** अभियंत्रण महाविद्यालय गया में बिहार बटालियन द्वारा नेशनल कैडेट्स कोर का गठन किया गया जिससे छात्र-छात्राओं में काफी खुशी का माहौल देखा गया। एनसीसी के लिए बारह छात्र एवं आठ छात्राओं का बिहार बटालियन के सीएचएम अनंजय कुमार, सूबेदार विजयवीर सिंह, हवलदार सतपाल जाट के द्वारा किया गया। मौके पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ. राजन सरकार ने कहा कि एन.सी.सी गठन से विद्यार्थियों में नई ऊर्जा भरी जाएगी। लोगों के प्रति आकर्षण पैदा होगी जो डिफेंस में जाना चाहते हैं उनके लिए मार्ग प्रशस्त होगा। एन.सी.सी इंचार्ज प्रो अमित कुमार ने कहा कि एन.सी.सी के आ जाने से छात्र काफी उत्साहित हैं।

## महिला के साथ मारपीट, मामला दर्ज

**कोंच (नबिटा सं.)।** थाना क्षेत्र के कोंच में महिला के साथ मारपीट मामले में तीन लोगों पर मामला दर्ज शनिवार को हुआ। दर्ज प्राथमिकी में वादिनि पिंकी देवी (30) पति धनंजय गोस्वामी ग्राम कोंच ने जिक्र कर बताया है कि बीते दिनों अपने घर में थी तभी घर के ही भैंसूर सहित अन्य लोगों ने मिलकर मारपीट किया। घटना का कारण में उल्लेख किया गया है कि दरवाजे के समीप छत से पाइप लगा दिया है और पानी मेरे दरवाजा पर गिरता है।जिसे मना करने पर मारपीट किया गया। इस संबंध में कोंच थानाध्यक्ष धनंजय सिंह ने बताया कि कांड संख्या 139/25 दर्ज कर सरिता देवी, रूपेश कुमार एवं संतोष गोस्वामी को आरोपी बनाया गया है और अग्रेतर कार्रवाई जारी है।


**कार्यालय नगर परिषद् बिश्रामपुर (पलामू)**

Email ID :- nagarpanchayatbishrampur2010@gmail.com

**घोषणा पत्र**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर परिषद् बिश्रामपुर क्षेत्रान्तर्गत सभी 20 वार्ड को ODF + नगर परिशद् बिश्रामपुर को घोषित किया जाता है।

उक्त के आलोक में यदि किन्ही को किसी प्रकार की आपत्ति/प्रतिक्रिया कार्यालय नगर परिशद् बिश्रामपुर में जमा कर सकते है। उक्त अवधि के उपरांत किसी भी प्रकार की आपत्ति/प्रतिक्रिया कार्यालय द्वारा स्वीकार किया जाना संभव नही हो सकेगा।

प्रशासक,
नगर परिषद् बिश्रामपुर।

PR 347464 District(24-25)D


# मारपीट का अभियुक्त गिरफ्तार, गया जेल



**कोंच (नबिटा सं.)।** आंती थाना क्षेत्र के आंती पेट्रोल पंप के पास से जमीन विवाद में मारपीट का प्राथमिकी अभियुक्त को गिरफ्तार कर शनिवार के दोपहर जेल भेज दिया गया। जानकारी देते हुए प्रभारी थानाध्यक्ष मीरा कुमारी ने बताया कि वादिनि मिंता कुमारी पिता सलम यादव ग्राम चंदैनी के द्वारा बीते दो माह पूर्व फर्द बयान के आधार पर आंती थाना कांड संख्या 2/25 दर्ज कराई थी जिसमें जमीन विवाद में मारपीट के प्राथमिकी अभियुक्त मोहन यादव पिता स्व.अखज यादव ग्राम चंदैनी को पुलिस बल के सहयोग से गिरफ्तार किया गया और अग्रेतर कार्रवाई करते हुए जेल भेजा गया है।

# कलश यात्रा निकाल 11 दिवसीय विष्णु महायज्ञ का शुभारंभ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** प्रखंड के अंगरा गांव से शनिवार की सुबह कलश यात्रा निकालकर 11 दिवसीय विष्णु महायज्ञ का शुभारंभ हुआ। कलश यात्रा शुभारंभ होने से पहले सैकड़ों कन्याओं, महिलाओं व पुरुषों के द्वारा कलश यात्रा निकाली गई। भक्त हरि नाम संकीर्तन करते हुए वाद्य यंत्रों और बैंड-बाजों की धुन पर नृत्य करते हुए भक्ति के भाव में चल रहे थे। कलश यात्रा का जगह-जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। कलश यात्रा अंगरा स्थित ठाकुरबाड़ी से प्रारंभ होकर दौरमा गांव होते हुए सिमरहूआ सूर्यमंदिर स्थित पोखरा के पास पहुंची जहां विधि-विधान से पूजा-अर्चना किया गया। कथा वाचक रामानुजाचार्य



स्वामी श्री अच्युत प्रपन्नाचार्य जी महाराज ने कलश यात्रा का महत्व बताते हुए कहा कि कलश में सारे देवता विराजमान होते हैं और कलश को महिलाओं के सिर पर रखकर भ्रमण करने से धरा सिद्ध होती है जो कलश को धारण करता है उसकी आत्मा भी पवित्र हो जाती है। इसीलिए यज्ञ प्रारंभ होने से पहले कलश यात्रा निकाली जाती है। इस दौरान सामाजिक कार्यकर्ता पुण्यदेव यादव, प्रभात कुमार, गुड्डू शर्मा, रामाशीष शर्मा, चितरंजन शर्मा, महेंद्र साव, उदय साव, श्याम नंदन, नौलेश शर्मा, बबलू कुमार, धनंजय शर्मा, आरती देवी, रिया कुमारी, स्वाती देवी, सविता देवी आदि मौजूद रहे। वहीं प्रखंड के केर पंचायत अंतर्गत लोदीपुर गांव में दो मार्च से श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन होना है।


**कार्यालय, उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, पलामू।**
**(समाज कल्याण शाखा)**
Email ID - dswopalamau@gmail.com

**मिशन वात्सल्य योजना अन्तर्गत जिला स्तरीय संविदा आधारित नियुक्ति हेतु विज्ञापन सूचना**

केन्द्र प्रायोजित मिशन वात्सल्य योजना, भारत सरकार के एक महत्वाकांक्षी योजना है, जिसके अन्तर्गत राज्य में किशोर न्याय (बालकों के देख–रेख एवं संरक्षण) अधिनियम, 2015 के विभिन्न प्रावधानों का प्रभावी रूप से क्रियान्वयन किया जा रहा है। नियुक्ति प्रक्रिया केन्द्र प्रायोजित मिशन वात्सल्य योजना मार्गदर्शिका के आलोक में निम्न पदों पर संविदाआधारित नियुक्ति विज्ञापन प्रकाशित की जाती है :–

| क्रमांक | रिक्त पद का नाम | पदो की संख्या | समेकित राशि |
|---|---|---|---|
| 1. | जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी | 01 | 44,023/– |
| 2. | संरक्षण पदाधिकारी (संस्थागत देख–रेख) | 01 | 27,804/– |
| 3. | परामर्शदाता | 01 | 18,536/– |
| 4. | सहायक–सह–डाटा इन्ट्री ऑपरेटर | 01 | 13,240/– |

उपरोक्त पदों पर नियुक्ति हेतु इच्छुक एवं अहर्ताधारी अभ्यर्थी को मिशन वात्सल्य योजना के तहत संविदा आधारित रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु आवेदन प्रपत्र आमंत्रित किया जाता है।

आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 19.03.2025 है। अंतिम तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा। आवेदन हेतु प्रपत्र एवं नियुक्ति की विस्तृत जानकारी जिला के अधिकारिक बेवसाईट www.palamu.nic.in पर देखा जा सकता है।

**जिला समाज कल्याण पदाधिकारी,**
**पलामू।**

PR 347475 (District) 24-25 (D)

संपादकीय

# समिट सफल, बड़ी चुनौती आगे

मध्यप्रदेश की डॉ. मोहन यादव सरकार द्वारा भोपाल में आयोजित दो दिनी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट इस मायने में सफल रही कि इसमें अब तक की सभी समिटों में आए निवेश प्रस्तावों की तुलना में रिकॉर्ड 30.77 लाख करोड़ रू. के निवेश प्रस्ताव आए। जिनमें कुछ विदेशी कंपनियां भी शामिल हैं। ये प्रस्ताव राज्य में अब तक हुई सभी समिटों के प्रस्तावों की कुल राशि से कुछ ही कम हैं। बतौर एक मेगा इंवेंट सरकार ने इसका सफल आयोजन किया, लेकिन असली और बड़ी चुनौती इन निवेश प्रस्तावों को तय समय सीमा में धरातल पर उतारने की है। इन प्रस्तावों के फॉलो अप की है, जोकि अब तक की समिटों का सबसे कमजोर पक्ष रहा है। ज्यादातर मामलों में तो यह देखा गया है कि उद्योगपति उद्योग लगाने के नाम पर सरकार से नाममात्र की दर पर जमीनें लेकर उन पर बैंकों से कर्ज लेकर बैठ जाते हैं। कर्ज का यह पैसा भी कहीं दूसरी जगह लगा दिया जाता है और प्रदेश उद्योग और उनसे मिलने वाले रोजगार की प्रती क्षा ही करता रहता है। इसके अलावा सरकारी तंत्र का रवैया भी अक्सर बहुत ज्यादा उद्योग फ्रेंडली नहीं होता। ऐसे में उद्योगपति भी ज्यादा दिलचस्पी नहीं लेते। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के बाद भी वैसा ही कुछ न हो, इसकी सावधानी सरकारी विभागों को बरतनी होगी। हालांकि समिट में मुख्य सचिव ने कहा कि आइंदा हमारे अधिकारी ही उद्योगपतियों को फॉलो करेंगे। कहा जा रहा है कि इस समिट में आए प्रस्तावों में से चौथाई भी क्रियान्वित हो गए तो मप्र की आर्थिक सूरत ही बदल जाएगी। फिलहाल दावा किया गया है कि इन सभी प्रस्तावों पर अमल हुआ तो राज्य में 21 लाख से ज्यादा लोगों को रोजगार मिल सकता है। समिट में आए निवेश प्रस्तावों में भी भौगोलिक विसंगति है। क्योंकि जो निवेश प्रस्ताव आए हैं, वो मुख्यतः इंदौर, देवास, भोपाल, जबलपुर और रीवा क्षेत्र के लिए ही हैं। बुंदेलखंड और चंबल में तो बहुत मामूली निवेश के प्रस्ताव हैं। जबकि राज्य के 21 जिलों के लिए तो कोई भी प्रस्ताव समिट में नहीं आया है। यह वाकई चिंता की बात है। इसका बड़ा कारण यह भी है कि राज्य के बड़े हिस्से में अभी भी औद्योगीकरण के लिए आवश्यक इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित नहीं हुआ है। अगर राजधानी भोपाल की ही बात की जाए तो यहां अभी भी एयर कनेक्टिविटी बहुत कम है। भोपाल सभी प्रदेशों की राजधानियों से नहीं जुड़ा है। ग्लोबल समिट जैसा बड़ा आयोजन करने के लिए यहां कोई बहुत बड़ा कन्वेंशन सेंटर भी नहीं है। यानी अभी काफी कुछ करना बाकी है। इसमें शक नहीं कि राज्य में निवेश लाने के लिए मोहन यादव सरकार ईमानदारी से प्रयास कर रही है। सीएम मोहन यादव ने कहा है कि यह हमारे लिए एक मिशन है। मप्र की अनुकूलताओं को हम दुनिया के सामने प्रभावी ढंग से रख रहे हैं। इसके अपेक्षित नतीजे जरूर आएंगे। राज्य सरकार ने रीजनल इन्वेस्टर्स समिट भी शुरू की हैं, जिनका प्रतिसाद अच्छा है। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि प्रदेश की आर्थिक राजधानी इंदौर को मुंबई और दिल्ली की तरह विकसित किया जाएगा, वहीं प्रदेश के अन्य शहरों को इंदौर की तरह विकसित करेंगे। उन्होंने कहा कि इंदौर और भोपाल को मेट्रोपॉलिटन की तरह विकसित किया जाएगा। ये घोषणाएं भी हकीकत में कब तक और किस तेजी से बदलती हैं, इस पर प्रदेशवासियों की नजर रहेगी। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट जैसे मेगा इंवेट केवल राजनीतिक लाभ के आयोजन बनकर न रह जाएं, यह देखना भी जरूरी है। वरना पुराना अनुभव यही रहा है कि समिट में आए निवेश प्रस्तावों में से सिर्फ 10 फीसदी ही जमीन पर उतरे हैं।

# सनातन धर्म की गौरव प्रतिष्ठा का प्रतीक आयोजन महाकुंभ

**महाकुंभ का संपूर्ण मानवता को स्पष्ट संदेश है कि आस्था और आध्यात्म में कोई भेद नहीं होता। यहां कोई भी जाति या वर्ग का भेद नहीं होता। यहां राजा हो या रंक, साधु हो या गृहस्थ सब मां गंगा की गोद में पुण्य अर्जित करने आते है। यह समरसता ही कुंभ की सबसे बड़ी विशेषता है। प्रयागराज का कण-कण अलौकिकता का स्मरण कराता है। त्रिवेणी स्नान के दौरान जो शान्ति और दिव्यता का अनुभव होता है उसे शब्दों में व्यक्त करना असंभव है। महाकुंभ में स्नान केवल धार्मिक कार्य मात्र नही है, बल्कि आत्मशुद्धि की प्रक्रिया है।**

**सुरेश पचौरी**

माघे मासे गंगे स्नानं यः कुरुते नरः।
युगकोटिसहस्राणि तिष्ठंति पितृदेवताः।।

स्कंद पुराण में उल्लेख है कि माघ मास में गंगा में स्नान करने वाले व्यक्ति के पितर युगों-युगों तक स्वर्ग में वास करते हैं। कितना ही बिरला अवसर है कि प्रयागराज में संगम किनारे श्रद्धा का महाकुंभ आयोजित हुआ और सनातनियों ने आस्था की डुबकी लगाई। यूं तो यह आयोजन सदियों से चला आ रहा है लेकिन इस वर्ष इस आस्था को सम्मान देने में भाजपा की सरकारों का अथक योगदान भी रहा है। महाकुंभ जैसे महाआयोजन में करोड़ों श्रद्धालुओं का सुचारू रूप से प्रबंधन एक चुनौतीपूर्ण कार्य था। प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने जिस कुशलता से इस वृहत्तर दायित्व को संभाला है वह वर्षों तक सराहना के साथ याद किया जाएगा। धर्म के प्रति निष्ठा और समर्पण के इस अद्भुत आयोजन ने ऐसा संगम रचा जो कल्पनातीत है। सुरक्षा, सुविधाएं और सुगमता प्रदान करने के जतन के साथ ही साथ इस आयोजन को पर्यावरण अनुकूल बनाने के विशेष प्रयास हुए यह स्तुत्य है। इन प्रयासों ने महाकुंभ को केवल धार्मिक नहीं बल्कि सामाजिक एवं पर्यावरणीय सरोकरों के प्रति चेतना का संदेश भी दिया।



हमारी भारतीय सनातन संस्कृति और परंपरा में कुंभ पर्व सहस्राब्दियों से श्रद्धा, आस्था और ज्ञान की साधना का पर्व रहा है। भगवान आदि शंकराचार्य ने भारतीय जनमानस में धर्म की भावना जगाने और संस्कृति की चेतना मजबूत करने के लिए देश के चार कोनों पर चार मठ बनाये। पूर्व में जगन्नाथपुरी पश्चिम में द्वारिका, उत्तर में जोशीमठ तथा दक्षिण में श्रंगेरी मठ। आदि शंकराचार्य जी ने देश की चार प्रमुख नदियों गंगा, यमुना, क्षिप्रा व गोदावरी के तट पर चार शहरों प्रयागराज, हरिद्वार, उज्जैन और नासिक में चार कुंभ-मेलों के आयोजन की रूपरेखा रची। कुंभपर्व का आधार खगोलीय घटना है। वैज्ञानिक दृष्टिकोण से ग्रहों की गति और उनके मानव शरीर पर पड़ने वाले प्रभावों का आकलन कर कुंभ मेलों के आयोजन की तिथियां और स्थान तय होते है। 12 साल के अंतराल से सूर्य और गुरू की राशि विशेष में स्थिति कुंभ पर्व का समय और स्थल निर्धारित करते है। गोस्वामी तुलसीदास ने रामचरित मानस में उल्लेख किया है- 'माघ मकरगत रवि जब होई। तीरथ पतिहि आव सब कोई' अर्थात् मकर राशि में सूर्य एवं वृषभ राशि में गुरू का प्रवेश होता है तब तीर्थ राज प्रयाग में कुंभ पर्व आयोजित होता है।

कुंभ को लेकर पौराणिक आधार भी है। देवताओं और दानवों ने समुद्रमंथन किया। इस मंथन में अमृत निकला। अमृत के बंटवारे की छीना छपटी में अमृत कलश से कुछ बूंदे छलकी। ये अमृत बूंदे प्रयाग, हरिद्वार, नासिक और उज्जैन में गिरीं। इन शहरों के पास से बहने वाली नदियां गंगा, यमुना, गोदावरी, एवं क्षिप्रा अमृतमयी हो गई। इन्ही स्थलों पर कुंभपर्व आयोजित किया जाता है।

कुंभ पर्व नदियों के महत्व का महापर्व है। यह विविधता में एकता प्रदर्शित करने में केन्द्रीय भूमिका निभाता है। कुंभ पर्व 'वसुधैव कुटंबकम' की भावना को साकार करता है। यह आयोजन सर्वसमावेशी संस्कृति एवं भारतीय चिंतन की वैज्ञानिकता का प्रतीक है। कुंभ महापर्व हमें आत्मशुद्धि, परोपकार एवं सामाजिक सद्भाव का संदेश देता है। महाकुंभ के माध्यम से भारतीय संस्कृति और भारतीय जीवन दर्शन को वैश्विक पहचान मिली है। कुंभ पर्व भारतीय संस्कृति की गहराई, सहिष्णुता और एकता का अद्भुत संगम है। यह पर्व केवल स्नान का पर्व नही है बल्कि जीवन के गूढ़ रहस्यों को जानने आत्मचिंतन करने और मानवता के प्रति समर्पण व्यक्त करने का अवसर है। भारतीय सनातन परंपरा में यह आयोजन अनूठी आस्था, संस्कृति और दर्शन का सदियों से परिचायक रहा है और आगे भी रहेगा। इस वर्ष 2025 में प्रयागराज में आयोजित कुंभ अपने आयोजन के आरंभ से ही अद्भुत दृश्य प्रस्तुत करता रहा है। मकर संक्रांति से महाशिवरात्रि तक लगभग 45 दिन चलने वाले कुंभ महापर्व की छंटा ही निराली रही है। प्रतिदिन औसतन 1.5 करोड़ लोग कुंभ में गंगा स्नान के लिए प्रयागराज पहुंचे हैं। देश ने सनातन की ऐसी जबरदस्त ताकत पहले कभी नहीं देखी। विश्व चकित है। पूरी दुनिया अचरज से सनातन संस्कृति की प्रस्फुटित होती इस शक्ति को समझने की कोशिश कर रही है। महाकुंभ के भव्य दृश्यों ने हमें हतप्रभ किया है और अपनी संस्कृति और धार्मिक मान्यताओं के प्रति गहन आस्था और गौरव से भर दिया है।

महाकुंभ का संपूर्ण मानवता को स्पष्ट संदेश है कि आस्था और आध्यात्म में कोई भेद नहीं होता। यहां कोई भी जाति या वर्ग का भेद नहीं होता। यहां राजा हो या रंक, साधु हो या गृहस्थ सब मां गंगा की गोद में पुण्य अर्जित करने आते है। यह समरसता ही कुंभ की सबसे बड़ी विशेषता है। प्रयागराज का कण-कण अलौकिकता का स्मरण कराता है। त्रिवेणी स्नान के दौरान जो शांन्ति और दिव्यता का अनुभव होता है उसे शब्दों में व्यक्त करना असंभव है। महाकुंभ में स्नान केवल धार्मिक कार्य मात्र नही है, बल्कि आत्मशुद्धि की प्रक्रिया है। महाकुंभ में आकर यह अनुभव होता है कि सनातन धर्म केवल पूजा पद्धति नहीं बल्कि जीवन जीने की एक महान परंपरा है। साधु संतों के प्रवचन मंत्रों की ध्वनि अखाड़ों की भव्यता और गंगा आरती का सौन्दर्य मन में ईश्वरीय अनुभूति कराता है।

मेरे लिए वे असीम शांति और गौरव के पल थे जब मैंने पुण्य भूमि प्रयागराज स्थित त्रिवेणी संगम में स्नान कर मां गंगा की पूजा-अर्चना कर अपनी आस्था प्रकट की। किसी भी श्रद्धालु की तरह मेरे लिए भी यह असीम आनंद के क्षण थे। गंगा तटों पर गूंजती मंत्रध्वनियां, हवनकुडों से उठती धूप की सुवास आयोजन को दिव्यता प्रदान करती है। इस संकल्पना के लिए माननीय प्रधानमंत्री मोदी जी और उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी का नेतृत्व स्तुत्य और स्मरणीय है। मैंने अनुभव किया कि गंगा मैया में लगाई गई हर डुबकी एक अलौकिक आनंद की अनुभूति करवाती हैं। आत्मा निर्मल होकर परमतत्व से साक्षात्कार करती है। इसी साक्षात्कार के उपरांत यह कह सकता हूं कि 2025 का प्रयागराज महाकुंभ एक आयोजन ही नहीं अपितु सनातन की जीवंत धरोहर बनकर प्रकट हुआ है।

इस दिव्यता को प्रधानमंत्री माननीय मोदी जी के कथन में भी अनुभूत किया जा सकता है। प्रयागराज में गंगा स्नान के उपरांत यशस्वी एवं तपस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने सोशल मीडिया पर लिखा था, 'प्रयागराज में महाकुंभ में आकर धन्य हो गया। संगम पर स्नान एक दिव्य जुड़ाव का क्षण है और इसमें भाग लेने वाले करोड़ों अन्य लोगों की तरह मैं भी भक्ति की भावना से भर गया। मां गंगा सभी को शांति, ज्ञान, अच्छे स्वास्थ्य और सद्भाव का आशीर्वाद दें।'

प्रधानमंत्री मोदी जी की प्रार्थनाओं में हमारी प्रार्थना के स्वर भी शामिल हैं। यशस्वी एवं तपस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत के सभी सनातनधर्मियों को नया गौरव प्राप्त हुआ है। उनके शासनकाल में हमारी आस्था के प्रतीकों और धार्मिक स्थलों का पुनरूत्थान हुआ है। प्रधानमंत्री माननीय मोदी जी के कार्य काल में अयोध्या में रामलला की प्राणप्रतिष्ठा, काशी विश्वनाथ मंदिर कॉरीडोर, महाकाल लोक परियोजना, केदारनाथ मंदिर एवं जगन्नाथ मंदिर का सौंदर्यीकरण जैसे श्रेष्ठतम कार्यों से भारत का सांस्कृतिक वैभव प्रतिष्ठित हुआ है तथा लोक आस्था के महत्व में अद्वितीय वृद्धि हुई है। भारतीय आध्यात्मिक परंपरा का यह महाकुंभ उत्सव सभी के जीवन में नयी ऊर्जा और उत्साह का संचार करे, यही ईश्वर से प्रार्थना है। मेरा मानना है कि महाकुंभ 2025 के माध्यम से जागृत हुई सनातन की यह चैतन्य धारा राष्ट्रहित में प्रवाहित होकर एक नये भारत के निर्माण में सहायक होगी।

अध्यात्म

## हमेशा खुद को ही सही मानना गलत है

अलग-अलग विचारों की वजह से एक ही परिवार में भी वाद-विवाद हो सकते हैं। सिर्फ खुद को सही मानना और दूसरों के विचारों को महत्व नहीं देने पर समस्याएं बढ़ने लगती हैं। हमें दूसरों के विचारों को भी सम्मान देना चाहिए। इस संबंध में एक कथा प्रचलित है। कथा के अनुसार पुराने समय में एक राज्य के राजा-रानी अपने पुत्रों की वजह से दुखी थे।

राजा-रानी के दोनों ही पुत्रों के विचार एक-दूसरे से एकदम अलग थे। इस कारण दोनों के बीच लड़ाई-झगड़े होते रहते थे। ये देखकर राजा-रानी बहुत दुखी रहते थे। दोनों बूढ़े हो चुके थे। वे सोच रहे थे कि भविष्य में दोनों पुत्रों को ही राज्य का पालन करना था। ऐसे में मतभेद होना दोनों के लिए अच्छा नहीं है। अलग-अलग विचारों की वजह से ये दोनों एक-दूसरे को शत्रु समझने लगेंगे।

बहुत सोचने के बाद राजा को उपाय समझ आया, जिससे दोनों पुत्रों को समझाया जा सकता था। राजा ने दोनों पुत्रों की आंखों पर पट्टी बांध दी। इसके बाद दोनों को एक दीवार के पास ले गए। दीवार की एक तरफ जहां सूर्य की रोशनी आ रही थी, वहां बड़े बेटे को खड़ा कर दिया। दीवार की दूसरी तरफ जहां ठंडक थी। वहां छोटे बेटे को खड़ा कर दिया। राजा ने दोनों से पूछा कि तुम्हारे आसपास का वातावरण कैसा है? बड़े बेटे ने कहा कि यहां तो गर्मी है, जबकि छोटे बेटे ने कहा कि यहां ठंडक है। इसके बाद राजा ने दोनों की जगहें एक-दूसरे से बदल दीं। राजा ने फिर से वही सवाल पूछा। इस बार बड़े बेटे ने कहा कि अब यहां ठंडक है। जबकि छोटे बेटे ने कहा कि यहां तो गर्मी है। इसके बाद राजा-रानी ने दोनों राजकुमारों की आंखों से पट्टी हटा दी। राजा ने दोनों को समझाया कि हमें दूसरों के विचारों को भी समझना चाहिए। जिस समय बड़े राजकुमार को गर्मी लग रही थी, उसी समय छोटे बेटे को ठंडक महसूस हो रही थी। जब दोनों राजकुमारों की जगहें बदली गईं तो दोनों के हालात और विचार भी बदल गए। सिर्फ हम ही सही हैं, ये सोचना गलत है।हमें दूसरों के हालातों समझना चाहिए, उनकी जगह खुद को रखकर परिस्थितियों को परखना चाहिए। तभी हम सही-गलत को पहचान सकते हैं। दीवार वाले उदाहरण से दोनों राजकुमारों को माता-पिता की सीख समझ आ गई। इसके बाद दोनों राजकुमार एक-दूसरे के विचारों का सम्मान करने लगे और उनका विवाद खत्म हो गया।

# भारतीय चुनावों में विदेशी भूमिका का सच

**भारत में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के नाम पर यूएसएड या यूनाइटेड स्टेट एजेंसी फॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट के माध्यम से 21 मिलियन डॉलर यानी 182 करोड रुपए आने की सूचना ने पूरे देश में खलबली पैदा की है। ट्रंप प्रशासन के अंदर नवनिर्मित डिपार्मेंट आफ गवर्नमेंट एफिशिएंसी डोजे यानी सरकारी दक्षता विभाग ने उसकी जानकारी देते हुए सूची जारी की। आरंभ में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इसे रोकने की घोषणा की और कहा कि भारत के पास स्वयं काफी रुपया है तो हम क्यों दे। उस समय ऐसा लगा मानो भारत द्वारा अमेरिकी सामग्रियों पर लगने वाले आयत शुल्क के विरुद्ध कदम उठा रहे हैं। फिर उन्होंने मियामी और उसके बाद वाशिंगटन डीसी के आयोजनों में कहा कि हमें भारत में मतदान बढ़ाने पर 21 मिलियन खर्च करने की आवश्यकता क्यों है? मुझे लगता है कि वे किसी और को जिताने की कोशिश कर रहे थे। हमें भारत सरकार को बताना होगा। क्योंकि जब हम सुनते हैं कि रूस ने हमारे देश में 2 डॉलर का खर्च किया है तो यह हमारे लिए बड़ा मुद्दा बन जाता है।**

**अवधेश कुमार**

भारत सरकार की ओर से सूचना है कि जानकारियों के आधार पर जांच आरंभ हो गई है। हमारे देश की समस्या है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की केंद्र व भाजपा की राज्य सरकारों के रहते जब भी ऐसी खबर आती है सोशल मीडिया और मीडिया पर प्रभाव रखने वाला बड़ा वर्ग इसे गलत साबित करने पर तुल जाता है।

अमेरिकी राष्ट्रपति ऐसा कह रहे हैं तो उसे खारिज नहीं किया जा सकता। हमारे पास भारतीय चुनाव में हस्तक्षेप को साबित करने के लिए सटीक प्रमाण नहीं हैं। कुछ तथ्यों के आधार पर इसकी विवेचना की जा सकती है। डोजे द्वारा यूएस एड की जारी सूची में 15 तरह के कार्यक्रम के लिए धन देने की बात है। इनमें एक दुनियाभर में 'चुनाव और राजनीतिक प्रक्रिया सुदृढ़ीकरण' के लिए 48.6 करोड़ डॉलर यानी 4200 करोड़ का अनुदान था। इसी में भारत की हिस्सेदारी 182 करोड़ रुपए की है। बांग्लादेश को मिलने वाली 251 करोड़ रुपए बांग्लादेश में राजनीतिक माहौल को मजबूत करने के लिए दिया जा रहा था।

विश्व में चुनाव और राजनीतिक प्रक्रिया के सुदृढ़िकरण की आवश्यकता अमेरिकी प्रशासन को क्यों महसूस हुई? बांग्लादेश में राजनीतिक सुधारों के लिए अमेरिकी सहायता राशि की जरूरत क्यों थी? मोजांबिक में पुरुष खतना कराएं, कंबोडिया में स्वतंत्र आवाज मजबूत हो तो प्राग में नागरिक समाज अंदर सशक्त हो इनका केवल समाज सेवा या उस देश का हित उद्देश्य नहीं हो सकता। इसके पीछे राजनीतिक उद्देश्य हैं। सच है कि सन् 2012 में भारत के चुनाव आयोग ने इंटरनेशनल फाउंडेशन फॉर इलेक्टोरल सिस्टम्स के साथ एमओयू यानी सहमति पत्र पर हस्ताक्षर किया था। तत्कालीन मुख्य चुनाव आयुक्त एसवाई कुरैशी ने इन आरोपों और समाचारों को निराधार बताया है कि आईएफएससी से धन आयोग को स्थानांतरित हुआ था। कहीं नहीं कहा गया है कि इसने सीधे चुनाव आयोग को पैसा दिया। इस एजेंसी को यूएसएड से धन मिलता था और यह जार्ज सोरोस के ओपन सोसाइटी फाउंडेशन के साथ संबद्ध है। ऐसी संस्थाएं किसी माध्यम से अपनी भूमिका को वैधानिकता का आवरण देने की दृष्टि से समझौते करती हैं और फिर अपने अनुसार कार्य करती है। ध्यान रखिए 2012 में महत्वपूर्ण गुजरात विधानसभा चुनाव था तथा उसके पहले उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब और मणिपुर का। 2013 में पहले कर्नाटक उसके बाद मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान का। भारतीय चुनावों और राजनीति में विदेशी भूमिका की बात पहली बार नहीं आई है। नरेंद्र मोदी सरकार गठित होने के बाद से इसका चरित्र और व्यवहार बदला है किंतु हमारे देश में यह बीमारी लंबे समय से है। जब देश के नेता नौकरशाही, बुद्धिजीवी, पत्रकार, एक्टिविस्ट आदि छोटे-छोटे लाभ के लिए खिलौना बनने को तैयार हो जाएं तो कुछ भी हो सकता है। शीतयुद्ध काल में सोवियत संघ और अमेरिका के बीच प्रतिस्पर्धायें थीं। दोनों अपने प्रभाव के लिए हस्तक्षेप करते थे। भारत में 1967, 77, 80 के चुनाव में विदेशी भूमिका की सबसे ज्यादा चर्चा हुई। सोवियत संघ के विघटन के बाद मित्रोखिन पेपर नाम से ऐसी जानकारियां आईं जिनसे पढ़ने वाले भौचक रह गए थे। वासिली मित्रोखिन, जो सोवियत संघ की खुफिया एजेंसी केजीबी से संबद्ध थे, और क्रिस्टोफ़र एन्ड्रयूज ने अपनी पुस्तकों में खुलासा किया कि केजीबी ने भारत के अनेक समाचार पत्रों एक्टिविस्टों, पत्रकारों, बुद्धिजीवियों, नेताओं पर उस समय अरबों खर्च किए। भारत में अमेरिका के राजदूत रह चुके डेनियल मोयनिहान ने पुस्तक ए डैंजरस प्लेस में लिखा है कि भारत में कम्युनिस्टों के विस्तार को रोकने के लिए अमेरिका ने भारतीय नेताओं को धन दिए।

सन् 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सत्ता में आने के बाद से अनेक ऐसी घटनाएं हुईं हैं जिनसे संदेह बढ़ा। 2019 में दोबारा उनके सत्ता में लौटने के बाद अलग तरह के स्वरुपों में आंदोलन हुए। इनमें नागरिकता संशोधन कानून के विरुद्ध शाहीनबाग धरना और उसके समर्थन में देश और दुनिया में सोशल मीडिया से लेकर अन्य अभियान तथा अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं का सरकार के विरुद्ध सीधे बयान देना शामिल है। कृषि कानून के विरुद्ध हुए आंदोलन में भी हमने देखा कि देश के बाहर से टूलकिट बनाकर अभियान चलाए जा रहे थे।

इस तरह के आंदोलन भारत ने कभी देखे नहीं जिसमें प्रत्यक्ष हिंसा नहीं हो, पर उग्रता और हठधर्मिता ऐसी कि मुख्य सड़क पर धरना दो, आवश्यकतानुसार निर्माण भी कर लो और बैठे रहो, किसी सूरत में हटो नहीं। यूएसएड द्वारा 2021 में भारतीय मिशन के प्रमुख के रूप में वीणा रेड्डी को भेजा गया था। लोकसभा चुनाव 2024 के बाद उनका भारत का कार्यकाल समाप्त हो गया और वह वापस लौट गईं हैं। उस समय भी उनकी भूमिका को लेकर प्रश्न उठे थे।

विदेशी हस्तक्षेप की बातें भारत के अलावा दूसरे देशों और नेताओं द्वारा भी कहा जा रहा है। विश्व के अनेक देशों की चुनावी प्रक्रियाओं को प्रभावित करने में विदेशी शक्तियों और संस्थाओं की भूमिका सामने आती रही हैं। माइक्रोसाफ्ट ने डीपफेक और एआई के माध्यम से भारतीय चुनावों को प्रभावित करने की कोशिशों पर चेतावनी दिया था। 2018 में अमेरिकी सीनेट ने एक रिपोर्ट जारी की थी, जिसमें कहा गया था कि 2016 में डोनाल्ड ट्रंप को जितवाने के लिए रूसी खुफिया एजेंटों ने फेसबुक विज्ञापनों के साथ कई तरीके से चुनावों को प्रभावित किया था।

कनाडा और आस्ट्रेलिया के चुनावों में चीनी फंडिंग से चलने वाले अभियानों की भूमिका सामने आई। आस्ट्रेलिया में राजनीतिक संप्रभुता पर विदेशी हस्तक्षेप के प्रभाव पर व्यापक चर्चा हो रही है और इसे ध्यान में रखते हुए महत्वपूर्ण नीतिगत बदलाव किए गए हैं। सेबेस्टियन व्हाइटमैन की किताब 'द डिजिटल डिवाइड इन डेमोक्रेसी' में कहा गया है कि माइक्रोसॉफ्ट ने भी अपनी एक रिपोर्ट में चेतावनी दी थी कि चीनी सरकार के समर्थन से चीन की साइबर आर्मी आगामी अमेरिकी राष्ट्रपति चुनावों, दक्षिण कोरिया और भारत के चुनावों को प्रभावित कर सकती है। हांगकांग यूनिवर्सिटी में डिपार्टमेंट ऑफ पॉलिटिक्स एंड पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन में सहायक प्रोफेसर डोव एच लेविन ने 2020 में अपनी किताब किताब 'मेडलिंग इन द बैलेट बॉक्सः द कॉजेज एंड इफेक्ट्स ऑफ पार्टिजन इलेक्टोरल इंटरवेंशन' में लिखा है कि 1946 से वर्ष 2000 के दौरान 938 चुनावों का परीक्षण किया गया। इनमें से 81 चुनावों में अमेरिका, जबकि 36 चुनावों में रूस ने हस्तक्षेप किया। इस तरह 938 में से 117 यानी हर 9 चुनाव में से 1 चुनाव में दोनो की भूमिका रही है। वैराइटीज ऑफ डेमोक्रेसी इंस्टीट्यूट, स्वीडन द्वारा 2019 में प्रकाशित जर्मन राजनीति विज्ञानी अन्ना लुहरमैन के अध्ययन के अनुसार हर देश ने कहा है कि मुख्य राजनीतिक मुद्दों को लेकर झूठ फैलाये गये और चीन और रूस सबसे ज्यादा झूठ फैलाने वाले देश थे।

संभव नहीं कि चीन और रूस ऐसा करें और अमेरिका इससे वंचित हो। भारत पर विस्तृत अध्ययन नहीं आया, किंतु 2019 के चुनाव में ज्यादातर देशों ने स्वीकार किया कि झूठ और अफवाह फैला कर चुनावों को प्रभावित करने की कोशिश की गई।

2024 के चुनाव में हमने देखा कि संविधान खत्म हो जाएगा, आरक्षण खत्म हो जाएगा जैसे झूठ ने भूमिका अदा की। इसमें सोशल मीडिया, मुख्य मीडिया, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की पूरी भूमिका थी। दलितों और जनजातियों के बीच लोगों का समूह जाकर का प्रचार करता था। इसलिए इन बातों की ठीक प्रकार से जांच हो। जांच रिपोर्ट में अगर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हमारे राष्ट्रीय हित प्रभावित होते हों तो भले उन्हें सार्वजनिक न किया जाए किंतु भविष्य में ऐसी खतरनाक भूमिकाओं को रोकने के कदम उठाए जाने चाहिए।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
दाम्पत्य जीवन काफी रोमान्टिक रहेगा। आपको नयी जिम्मेदारियाँ मिल सकती हैं। जोखिम भरे निवेश लाभकारी सिद्ध हो सकते हैं।

**वृषभ**
आपको सहकर्मियों से मदद मिल सकती है। समय आत्ममन्थन में व्यतीत होगा। सोशल मीडिया में आप महत्वपूर्ण मुद्दों की चर्चा में सम्मिलित हो सकते हैं।

**मिथुन**
अपनी आवश्यकताओं से अधिक धन खर्च न करें। आपके भीतर नयी ऊर्जा का संचार होगा। कड़ी मेहनत के बाद ही सफलता मिलेगी।

**कर्क**
धैर्य में कमी होने के कारण महत्वपूर्ण अवसरों को खो सकते हैं। अपनी वाणी में नियन्त्रण रखने की आवश्यकता है। अप्रिय कार्यों में आप रुचि ले सकते हैं।

**सिंह**
नयी वस्तुओं को खरीद सकते हैं। पुराने ऋणों को चुकाने के लिये दिन बहुत अच्छा है। घर के अनुभवी सदस्यों से राय अवश्य लें।

**कन्या**
समाज में आपको मान-सम्मान की चिन्ता रहेगी। विद्युतीय उपकरणों में खराबी आ सकती है। वरिष्ठ अधिकारियों से बहसबाजी न करें।

**तुला**
आपकी कार्यक्षमता में वृद्धि होगी। तकनीकी विषयों के अध्ययन में आप रुचि ले सकते हैं। पारिवारिक सदस्यों के साथ हँसी-मजाक भरा समय बितायेंगे।

**वृश्चिक**
अपने व्यवहार को लेकर लोगों के बीच आपका सम्मान बढ़ेगा। आप नया व्यवसाय शुरू कर सकते हैं। गले में इन्फेक्शन और जुकाम की समस्या हो सकती है।

**धनु**
आपकी सेहत बहुत ही अच्छी रहेगी। कारोबार में आपको अपेक्षाकृत लाभ प्राप्त होगा। आप आज काफी ज्यादा व्यस्त रहेंगे। उलझे हुये मामलों को आप सुलझाने का प्रयास करें।

**मकर**
परिवार में प्रसन्नता का माहौल रहेगा। आर्थिक मामलों में लापरवाही न करें। आपके आत्मविश्वास में कमी आ सकती है। तनाव आपके ऊपर हावी हो सकता है।

**कुंभ**
पति-पत्नी के मध्य आपसी सामंजस्य बहुत अच्छा रहेगा। रक्तचाप की समस्या से निजात मिल सकती है। नया कारोबार शुरू करने के योग बन रहे हैं।

**मीन**
मानसिक अशान्ति के कारण एकाग्रता में कमी रहेगी। एक साथ अनेक काम करने पड़ेंगे। बच्चों के ऊपर गर्व की अनुभूति होगी। दोस्तों पर आँख-मूँदकर विश्वास न करें।

# गर्मी के पूर्व होने वाली समस्याओं से निपटने के लिए डीएम ने विभागों को दिए निर्देश



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेखपुरा।** शनिवार को जिला पदाधिकारी आरिफ अहसन की अध्यक्षता में आगामी गर्मी के मौसम को देखते हुए हीट वेब एवं लू प्रबंधन को लेकर विभिन्न विभागों के द्वारा की जाने वाली तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि इस जिला में भीषण गर्मी पड़ती है, जिसके लिए अभी से ही सारे विभाग के द्वारा तैयारियां प्रांरभ कर देना चाहिए, ताकि संभावित खतरे एवं नुकसान को कम किया जा सकें। उन्होंने बैठक में सभी नगर निकायों के कार्यपालक पदाधिकारियों एवं लोक स्वास्थय अभियंत्रण संगठन के कार्यापालक अभियंता को निदेशित करते हुए कहा कि वे सभी अपने क्षेत्राधिकार में जलपूर्ति की योजना की जमीनी स्थिति का टीम बनाकर सत्यापन करवा ले। साथ ही जिस जगह दिक्कत है, उसे एक सप्ताह के अंदर ठीक कर लेगें। वैसे क्षेत्र जहां पिछले वर्ष पेयजल की ज्यादा दिक्कत हुई थी, वहां विशेष निगरानी रखने को कहा गया है। सभी क्षेत्रों में आवश्यकतानुसार स्थायी एवं अस्थायी पेयजल व्यवस्था हेतु स्टैंड पोस्ट एवं प्याऊ केंद्र लगाने को कहा गया है। साथ ही बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, मार्केट, हाट एवं सभी अस्पतालों में पेयजल की व्यवस्था हो, इसको सुनिश्चित करने को कहा गया है। उन्होंने सिविल सर्जन, शेखपुरा को निर्देशित करते हुए कहा कि सदर अस्पताल, रेफरल अस्पताल एवं सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों मे अलग से आइसोलेशन वार्ड बनाने को कहा गया है, जिसमें डॉक्टरों के साथ-साथ एसी, कूलर एवं ओआरएस, आई भी प्लूड इत्यादि दवाएं पर्याप्त मात्रा में हो। साथ ही सभी प्रमुख जगहों पर एम्बुलेंस एवं अग्निशमन की गाड़ियां का नम्बर ड्राइवर सहित पेंट करवाने का आदेश दिया गया है। अग्निशमन विभाग को भी सभी गाड़ियों चालू स्थिति में रखने को कहा गया है।

**हीट वेब एवं लू से संबंधित जागरूकता अभियान चलाने का निर्देश**

सभी विद्यालयों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों पर पेयजल की समुचित व्यवस्था करने के साथ ही ओआरएस पैकेट की व्यवस्था करने का निदेश संबंधित पदाधिकारियों को दिया गया है। साथ ही विद्यालायों में छात्रों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों पर गर्भवती एवं धात्री महिलाओं के मध्य हीट वेब एवं लू से संबंधित जागरूकता अभियान चलाने का निर्देश उन्होंने दिया हैं। इसके अतिरिक्त चापाकलों एवं कुआं के पास पशु-पक्षियों एवं मवेशियों के लिए गड्ढे खुदवा कर पानी की व्यवस्था करवाने का आदेश उन्होंने दिया है। सार्वजनिक वाहनों के साथ-साथ ईट चिमनियों, कल-कारखानों इत्यादि जगहों पर काम करने वालों के बीच पेयजल, आईस पैड की व्यवस्था करवाने के लिए उन्होंने निर्देशित किया है। विद्युत विभाग को शीघ्र ही जर्जर एवं ढीले तारों को मरम्मत कर सुधार करने को कहा गया है। साथ ही निर्बाध बिजली की आपूर्ति की व्यवस्था की तैयारी रखने को कहा गया है। इस अवसर पर अपर उप समाहर्ता सियाराम सिंह, डीडीसी संजय कुमार के साथ-साथ सभी संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## उत्पाद विभाग के दो अवर निरीक्षक निलंबित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेखपुरा।** मद्य निषेध,उत्पाद एवं निबंधन विभाग बड़ी करवाई करते हुए शेखपुरा जिला में पदस्थापित दो अवर निरीक्षक, मद्य निषेध को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। यह कार्रवाई निवास पटेल एवं सिकंदर कुमार पर किया गया है। विभाग के द्वारा यह कार्रवाई दोनों अवर निरीक्षकों पर अपने पद का दुरुपयोग करते हुए शराबबंदी के मद्देनजर छापामारी के वक्त 02 अभियुक्त को गिरफ्तार करते हुए अन्य दोषियों को छोड़ने के लिए किया गया है। बताते चले कि यह छापामारी 23 फरवरी 2025 को शेखपुरा स्थित एक होटल में की गई थी।

# वसंतोत्सव पर प्रतिभागी छात्रों को किया गया पुरस्कृत



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेखपुरा।** शुक्रवार को समाहरणालय परिसर के परेड मैदान में वसंतोत्सव का आयोजन किया गया। उत्सव का उद्धाटन जिला पदाधिकारी आरिफ अहसन के द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया गया। इस कार्यक्रम के प्रतिम चरण में फ़ेस आर्ट एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न विद्यालयों के प्रतिभागियों के द्वारा विभिन्न थीम पर आर्ट एवं पेंटिंग बनाया गया। इस कार्यक्रम के उपरांत प्रोत्साहन हेतु उनके बीच अवॉर्ड भी वितरण किया गया।पेंटिंग वर्ग में प्रथम स्थान संत कोलंबस विद्यालय के वर्ग 07 के छात्र आलोक राज को मिला है, जिन्होंने सोशल मीडिया थीम पर अपनी पेंटिंग की प्रस्तुति दी। द्वितीय स्थान पर +2 राजो सिंह उच्च विद्यालय के नवम वर्ग के छात्र आकाश कुमार को मिला, जिन्होंने महिला सशक्तिकरण एवं तृतीय स्थान जवाहर नवोदय विद्यालय की छात्रा पंक्ति कुमारी को मिला, जिन्होंने होली के महत्व थीम पर अपनी कला की प्रस्तुति की। वही फ़ेस आर्ट वर्ग में प्रथम स्थान जवाहर नवोदय विद्यालय की छात्रा प्रतिभा पाटिल को मिला, जिसने मुंडा जनजाति को अंकित करते हुए अपने फ़ेस पर आर्ट की प्रदर्शनी की। श्रेया कुमारी को सोशल मीडिया पर फ़ेस आर्ट के लिए द्वितीय स्थान एवं संत कोलंबस विद्यालय के छात्र अमान को जल जीवन हरियाली थीम के लिए फ़ेस आर्ट पर सम्मानित किया गया। संध्या 05 बजे से विभिन्न कलाकारों के द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया गया। संध्या सांस्कृतिक कार्यक्रम में सृष्टि फाउंडेशन के द्वारा नटराज प्रस्तुति, मेरे ढोलना गीत पर प्रस्तुति के साथ साथ महाराष्ट्र के लावणी नृत्य एवं राधा कृष्ण आधारित होली मिलन पर अपनी मनमोहक प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर सभी जिला एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारीगण के अलावा बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित थे।

# उषा पब्लिक स्कूल के भव्य वार्षिक समारोह का आयोजन, सांसद ने लिया भाग



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेखपुरा।** शनिवार को उषा पब्लिक स्कूल ने अपने बहुप्रतीक्षित वार्षिक सांस्कृतिक उत्सव का आयोजन बड़े हर्षोल्लास और भव्यता के साथ किया, जिसमें छात्रों की अद्भुत प्रतिभाओं का शानदार प्रदर्शन किया गया। यह आयोजन उषा पब्लिक स्कूल मैदान में हुआ, जो रचनात्मकता, सीखने और उत्कृष्टता का एक जीवंत उत्सव था। इस अवसर पर माता-पिता, शिक्षाविदों और गणमान्य अतिथियों सहित समाज के प्रतिष्ठित व्यक्तित्वों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि जमुई सांसद अरुण भारती एवं विभिन्न प्रतिष्ठित विद्यालयों के प्रमुखों, राजनीतिक एवं सामाजिक प्रतिष्ठित व्यक्तियों के गरिमामय स्वागत के साथ हुई। इसके बाद दीप प्रज्वलन और मुख्य अतिथि अरुण भारती के प्रेरणादायक संबोधन ने समारोह को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया। इस वर्ष के उत्सव की थीम 'फोक फिएस्टा- द स्पिरिट ऑफ ट्रैडिशन इन मोशन' थी, जिसने सांस्कृतिक एकता, परंपरा, नवाचार और वैश्विक जागरूकता को दर्शाया, जो विभिन्न अद्भुत प्रस्तुतियों के माध्यम से सजीव हो उठी। कार्यक्रम में शास्त्रीय और समकालीन नृत्य प्रस्तुतियाँ, नाट्य नृत्य नाटिकाएं, संगीतमय प्रस्तुतियां और एक रोचक नाट्य मंचन शामिल था, जिसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। दोपहर के सत्र की मुख्य आकर्षण प्रस्तुति विद्यालय के नृत्य दल द्वारा प्रस्तुत भव्य 'रामायण' मंचन थी, जिसने दर्शकों को रोमांचित कर दिया। विद्यालय ने अपने छात्रों की शैक्षणिक, खेलकूद और सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में उत्कृष्ट उपलब्धियों को सम्मानित करते हुए मेधावी छात्रों को पुरस्कार प्रदान किए।

**छात्रों को अपने सपनों को लगन और दृढ़ संकल्प के साथ पूरा करने को किया प्रेरित :** मुख्य अतिथि ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में विद्यालय की समग्र शिक्षा के प्रति प्रतिबद्धता की सराहना की और छात्रों को अपने सपनों को लगन और दृढ़ संकल्प के साथ पूरा करने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय के निदेशक राहुल कुमार ने सभी प्रतिभागियों, शिक्षकों और अभिभावकों को इस कार्यक्रम को भव्य सफलता दिलाने में उनके योगदान के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने अपने दूरदर्शी विचार साझा किए और विद्यालय को उत्कृष्टता के नए आयामों तक ले जाने के अपने सपने को व्यक्त किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य सरोज राय ने अपने संबोधन में विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की और उषा पब्लिक स्कूल को क्षेत्र का अग्रणी शैक्षणिक संस्थान बनाने के अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ, जिसने इस अविस्मरणीय उत्सव को सम्मानजनक विराम दिया। संस्कृति, प्रतिभा और शैक्षणिक उत्कृष्टता के अद्भुत समन्वय के साथ, उषा पब्लिक स्कूल ने एक बार फिर यह साबित कर दिया कि वह समग्र विकास को समर्पित एक प्रतिष्ठित संस्थान है।

## रंगदारी मामले में पूर्व मुखिया प्रतिनिधि व बेटा गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेखपुरा।** शेखपुरा पुलिस ने रंगदारी के एक पुराने मामले में फरार चल रहे अरियरी प्रखंड अंतर्गत एफेनी पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि व तेलडीह गांव निवासी स्व.कारु यादव के 64 वर्षीय पुत्र राजो यादव तथा राजो यादव के 40 वर्षीय पुत्र विजेंद्र यादव को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि शेखपुरा थाना में दोनों पर रंगदारी मांगने की प्राथमिकी दर्ज है और दोनों लंबे समय से फरार चल रहे थे। न्यायालय से गउड वारंट जारी होने के पश्चात दोनों बाप-बेटे को शेखपुरा शहर के बाईपास स्थित उसके मकान से गिरफ्तार किया गया है। जिस पर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

# लोक अदालत की सफलता को लेकर सरपंच व न्याय मित्रों के साथ बैठक



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेखपुरा।** शनिवार को जिला एवं सत्र न्यायाधीश पवन कुमार पांडेय के निर्देश के आलोक में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव रितु कुमारी के द्वारा जिले के सभी सरपंचों एवं न्याय मित्रों के साथ बैठक की। बैठक एडीआर भवन में सम्पन्न हुआ। जिसमें उनके पंचायत में लंबित फौजदारी मुकदमे की समीक्षा की गई। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव ने उनसे आग्रह किया गया कि जो भी मुकदमा उनके पंचायत में न्यायालय द्वारा भेजे गए अथवा उनके पंचायत में दिए गए सभी लंबित मामलों को अविलंब निष्पादन करें। उन्होंने सरपंचों एवं न्याय मित्रों को अपने-अपने पंचायतों में 8 मार्च को होने वाले लोक अदालत में अपने वादों को निष्पादन करने हेतु जागरूक करने का हेतु अपील किया गया। बैठक में डिफेंस काउंसिल के चीफ बीरेंद्र कुमार, डिप्टी चीफ गुरुवेश नंदन, सहायक तरुण कुमार शामिल रहे, जिन्होंने लोक अदालत के माध्यम से मामलों के निष्पादन में न्याय सचिव और न्याय मित्र कैसे अपनी अहम भागीदारी निभा सकते है।

# सनातन विरासत की चर्चा अब राजनीतिक गलियारों में



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बक्सर।** महर्षि विश्वामित्र फाउंडेशन के राष्ट्रीय संयोजक राज कुमार चौबे ने वर्षों से बक्सर की समृद्ध संस्कृति, विरासत और सनातनी इतिहास को उजागर करने और संरक्षित करने का कार्य कर रहे है। उनका मानना है कि बक्सर का इतिहास अयोध्या और काशी से भी पुराना है, और यही पावन भूमि वह स्थान है जहां भगवान श्री राम ने अपने पारिवारिक गुरु महर्षि विश्वामित्र से शिक्षा ग्रहण की थी। राजकुमार चौबे लगातार बक्सर की जनता के बीच जाकर उन्हें इस ऐतिहासिक विरासत के बारे में जागरूक करते हुए नजर आते हैं। उन्होंने न केवल स्थानीय स्तर पर बल्कि राष्ट्रीय मंचों पर भी बक्सर की सनातनी परंपरा और उसकी ऐतिहासिक महत्ता को मजबूती से उठाया है। और विश्वामित्र सेना के अथक प्रयासों के कारण आज बक्सर की सनातनी पहचान फिर से उभरती दिख रही है। अब राजनीतिक गलियारों में भी बक्सर की धार्मिक और सांस्कृतिक विरासत को लेकर चर्चाएं शुरू हो गई हैं, जिसे श्री राजकुमार चौबे ने विश्वामित्र सेना की बड़ी जीत करार दिया है। राज कुमार चौबे ने अपने बयान में कहा, यह विश्वामित्र सेना के निरंतर प्रयासों का ही परिणाम है कि आज बक्सर की समृद्ध सनातन परंपरा राजनीतिक दलों और बड़े नेताओं की नजर में आ रही है। उन्होंने आगे कहा कि बक्सर में जिस प्रकार धार्मिक और सांस्कृतिक उत्थान की आवश्यकता थी, वह अब तक पूरा नहीं हुआ था, लेकिन अब यह बदलाव की ओर बढ़ रहा है। विशेष रूप से राजकुमार चौबे ने बताया कि विश्वामित्र सेना द्वारा दलित बस्तियो में निशुल्क शिक्षा अभियान और धार्मिक जागृति अभियान चलाए जा रहे हैं ताकि धर्मांतरण जैसी चुनौतियों का डट कर सामना किया जा सके।

## शराब के नशे में पकड़ाया, भेजा जेल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बड़हरा/भोजपुर।** खवासपुर थाना पुलिस ने पीपापुल के समीप शराब के नशे में धूत दो शराबी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार शराबी आरा नवादा थाना क्षेत्र के अनाइठ मोहल्ला निवासी सन्नी कुमार है। वह राजकिशोर शर्मा का पुत्र है। दूसरा शराबी हसनबाजार थाना क्षेत्र के अमई काजी टोला निवासी साहिल कुमार है। वह सोनालाल साह का पुत्र है। गंगापार खवासपुर स्थित पीपापुल के समीप दोनो शराब के नशे में हंगामा कर रहे थे। उसी दौरान पुलिस पहुची। दोनों को पकड़कर मेडिकल कराया। शराब पीने की पुष्टि के बाद कानूनी प्रक्रिया पुरी कर जेल भेज दिया।

# धनसोई थाना में लगा जनता दरबार



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बक्सर।** भूमि विवाद के निपटारे के लिए शनिवार को धनसोई थाना में जनता दरबार लगाया गया। जनता दरबार में फरियादी जमीन संबंधी विवादों को सुलझाने थाना पहुंचे थे। ज्ञात हो कि डीएम व एसपी के निर्देश पर सभी थानों में प्रत्येक शनिवार को जनता दरबार लगाया जाता है। इस दौरान जनता दरबार में कुल चार जमीनी विवाद के मामले आए, जिसमें दोनों मामले का निष्पादन आन द स्पाट कर दिया गया। थानाध्यक्ष ज्ञानप्रकाश सिंह एवं अंचलाधिकारी डॉ. शोभा कुमारी, राजस्व कर्मचारी राहुल पाल, जयप्रकाश कुमार कुमार की मौजूदगी में लगाए गए जनता दरबार में थाना क्षेत्र के ककरिया, बन्नी, धनसोई बाजार, सहित अन्य गांव से कई लोग अपनी-अपनी जमीन से संबंधित समस्याओं के लेकर पहुंचे थे। इस दौरान जमीनी विवाद को लेकर मौके पर दर्जनों फरियादी जनता दरबार में आए हुए थे। इस दौरान राजस्व कर्मचारी एवं थानाध्यक्ष ने बारी-बारी से लोगों की समस्याओं को सुना और दस्तावेजों की जांच कर ऑन द स्पॉट करवाई किया।

# 95 विशिष्ट शिक्षकों को मिला नियुक्ति पत्र




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा।** समाहरणालय सभागार आरा में बिहार विद्यालय विशिष्ट शिक्षक नियमावली, 2023 के तहत सक्षमता परीक्षा-2 उत्तीर्ण एवं काउंसलिंग पूर्ण करने वाले स्थानीय निकाय के 95 शिक्षकों को विशिष्ट शिक्षक के रूप में औपबंधिक नियुक्ति पत्र शनिवार को प्रदान किए गए। जिसमें आरा के सांसद सुदामा प्रसाद, एमएलसी श्रीभगवान सिंह कुशवाहा, बड़हरा के भाजपा विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह, नगर परिषद पीरो की सभापति किरण उपाध्याय, जिला परिषद भोजपुर के उपाध्यक्ष लाल बिहारी सिंह व डीडीसी डा अनुपमा सिंह की गरिमामयी उपस्थिति रही। इसके अतिरिक्त, मुख्यमंत्री, बिहार द्वारा पटना में 20 चयनित विशिष्ट शिक्षकों को तथा विभिन्न प्रखंडों में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी एवं प्रखंड विकास पदाधिकारियों द्वारा लगभग 2000 अन्य शिक्षकों को भी औपबंधिक नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए, जिससे राज्य में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को और मजबूती मिलेगी।

## मारपीट में शिक्षक घायल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दनियावां।** दनियावां थाना क्षेत्र के चौड़ा स्थित सरकारी स्कूल के शिक्षक जनार्दन कुमार के साथ गांव के सोहराई रविदास ने गाली गलौज किया। जिसे समझा बुझा कर ग्रामीणों ने हटा दिया। पुनः शिक्षक के घर पर चढ़कर सोहराई और उसके स्वजनों ने शिक्षक को मारपीट कर घायल कर दिया। जिन्हें पीएचसी दनियावां में भर्ती कराया गया। इस संबंध में शिक्षक के बयान पर चार के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

# बोलेरो से भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद, तीन तस्कर गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बक्सर।** होली के त्योहार को देखते हुए, भोजपुर के जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया के आदेश पर मद्यनिषेध विभाग द्वारा जिले में अवैध शराब के खिलाफ लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में, शनिवार को मद्यनिषेध के सहायक आयुक्त रजनीश को गुप्त सूचना मिली कि एक बोलेरो में भारी मात्रा में विदेशी शराब उत्तर प्रदेश से लाई जा रही है। सूचना के आधार पर, मद्यनिषेध निरीक्षक प्रकाश चंद्र के नेतृत्व में एक छापेमारी टीम का गठन किया गया। शनिवार की सुबह, छापेमारी टीम को बक्सर-पटना फोरलेन पर कायमनगर ओवरब्रिज के



पास बड़ी सफलता मिली, जब एक सफेद बोलेरो को रोका गया। वाहन की तलाशी लेने पर भारी मात्रा में अवैध विदेशी शराब बरामद हुई। वाहन चालक सहित तीनों व्यक्तियों को गिरफ्तार कर आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए न्यायालय में पेश किया गया। वाहन से कुल 2592 बोतलें (466.56 लीटर) शराब जब्त की गई। जब्त शराब का बाजार मूल्य लगभग पांच लाख रुपये आंका गया है। जब्त शराब को उत्तर प्रदेश के बलिया से पटना ले जाया जा रहा था। छापेमारी दल में अवर निरीक्षक राहुल कुमार दुबे, सहायक अवर निरीक्षक रविंद्र कुमार और सहायक अवर निरीक्षक रवि कुमार के साथ-साथ सैप और होमगार्ड के जवान शामिल थे। इस संबंध में मद्यनिषेध के सहायक आयुक्त रजनीश कुमार ने बताया कि होली के त्योहार को देखते हुए मद्यनिषेध विभाग की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

# महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में नाटक का आयोजन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पीरो।** प्रखंड के बम्हवार गांव में महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में शंकर क्लब के नवयुवक द्वारा कलयुग के पंच नाटक का मंचन किया गया। जिसमें कलाकारों द्वारा वर्तमान स्थिति में सरपंच एवं पंच के माध्यम से न्याय व्यवस्था की धज्जियां उड़ाने वाली नाटक का मंचन किया गया। नाटक में कलाकारों ने बताया कि किस प्रकार आज की परिवेश में सरपंच द्वारा चाय बिस्किट खाकर और कुछ पैसा लेकर गलत फैसला करते हैं। जिससे समाज पर क्या परिणाम पड़ रहा है? कार्यक्रम का उदघाटन मुख्य अतिथि पिंकू भइया ने फीता काटकर किया। मौके पर उपस्थित रितेश कुमार, कमलेश यादव, पूर्व मुखिया राम शाह, चंद्रदीप, शुभम कुमार, गौतम,पप्पू, चुन्नू, चंदन, फूलन लाल, रामप्रवेश, सुदर्शन सिंह, मनोहर, हरेंद्र, ज्योति, धर्मनाथ, विलिस, विकाश, भीरूम, अजमेर, रोहित समेत अन्य लोगों उपस्थित थे।

# अखंड कीर्त्तन का समापन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दनियावां(पटना)।** प्रखंड के सरथुआ गांव के शिवपुरी स्थल देवालय प्रांगण में आयोजित 48 घंटे के अखंड-कीर्तन समारोह का समापन हो गया। महाशिवरात्रि दिन बुधवार को शुरू हुआ। अखंड कीर्तन समारोह के समापन के वाद कन्या पूजन और प्रसाद वितरण किया गया। इस धार्मिक आयोजन समिति में शामिल अभय कुमार सिंह, मंटू कुमार, संतोष रंजन, विमलेश कुमार, टीपू कुमार, बमशंकर, सुजीत कुमार, शिशुपाल कुमार व अन्य ने बताया कि ऐसे भक्तिपूर्ण आयोजनों से ग्रामीण समाज में एकता, भाईचारे और समरसता की भावना प्रगाढ़ होती है। अखंड कीर्तन में दूसरे गांव से आये श्रद्धालुओं ने भी शिरकत किया। उमेश पांडेय ने यज्ञ आहुति और मंत्रोच्चार किया।

## शिकायत के तीन घंटे के अन्दर पुलिस ने महिला को किया बरामद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोईलवर।** गीधा थाना क्षेत्र के एक गांव से गायब पत्नी की सूचना पति ने थाने में दी। सुचना मिलते ही पुलिस सक्रिय हो गई। पुलिस दबिश से तीन घंटे के अंदर महिला आनंन-फानन में थाने पहुंच गई। इस पूरे मामले की जानकारी देते हुए गीधा थानाध्यक्ष उमूश सलमा ने बताया कि शनिवार दोपहर में एक व्यक्ति द्वारा मौखिक शिकायत में बताया गया कि मेरी पत्नी मेरे घर के बगल के व्यक्ति के साथ भाग गई है। मोबाइल नंबर के आधार पर पुलिस ने दबिश बढ़ाया तभी आनन-फानन में फरार महिला थाने पहुंची। इस दौरान उक्त ब्यक्ति को भी थाना बुलाया गया। इस पूरे मामले में थानाध्यक्ष ने दोनों को समझा-बुझा कर घर जाने दिया।

# एसडीपीओ ने कारनामेपुर थाने का किया निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जगदीशपुर/भोजपुर।** जगदीशपुर एसडीपीओ राजीव चंद सिंह ने कारनामेपुर थाने का निरीक्षण किया और कई निर्देश दिए। एसडीपीओ को अचानक देख थाना में देख पुलिसकर्मियों के बीच हड़कंप मच गया। उन्होंने थाना भवन, पुलिस आवास, हाजत रूम, सिरिस्ता कक्ष, मालखाना आदि का निरीक्षण किया और त्रुटियों को दूर करने का निर्देश दिया। उन्होंने अपराधियों की गिरफ्तारी और उनके खिलाफ कार्रवाई करने के लिए भी निर्देश दिए। समीक्षा के क्रम में पुलिसिया




कार्रवाई का फीडबैक लिया। वहीं क्षेत्र में विधि -व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त रखने के लिए पुलिस गश्ती बढ़ाने और अवैध रूप से बालू खनन करने वालों व बढ़ते साइबर क्राइम से सख्ती से निपटने का निर्देश दिया।

## एक नजर

### चोरी का ट्रक बरामद, चोर गिरफ्तार

**आदापुर (पूर्वी चम्पारण)।** छतौनी चौक पर चाय पीने के क्रम में दस चक्का ट्रक को चोर ने ले भगा, उल्लेखनीय है कि यदस चक्का वाहन ट्रक पर सीमेंट लदा हुआ था चालक जैसे ही उतर कर चाय पीने एक दुकान पर पहुंचा जब तक चोर गाड़ी स्टार्ट कर भाग निकला, चालक के आने तक गाड़ी गायब थी जिसकी सूचना छितौनी पुलिस को मिलते ही पुलिस बल पीछा करने लगी, पुलिस बल ने लखौरा पुलिस के मदद से आदापुर के गम्हरिया खुर्द के पास वाहन चोर को दबोच लिया,जिसके बाद आदापुर थाना के 112 डायल की गाड़ी को सौप दी गई, आदापुर थाना प्रभारी धर्मवीर कुमार चौधरी ने आवश्यक कार्रवाई करते हुए न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

### भारी हंगामे के बीच हुई बाजार समिति की डाक

**आदापुर (पूर्वी चम्पारण)।** भारी हंगामें के बीच बाजार समिति श्यामपुर बाजार का डाक हुआ, जिला परिषद के कार्यालय में आदापुर से दर्जनों की संख्या में प्रतिभागी पहुंचे थे जहां वर्चस्व की लडाई में सरकारी राजस्व की चार गुणी बढ़ोतरी हुई, बाजार समिति के डाक में बैठे प्रतिभागियों में राकेश कुमार गुप्ता, सतेन्द्र साह, ऋषि राज कुमार, राजन ने बाबा और प्रहलाद प्रसाद व दीपु सिंह के बीच मुकाबला में प्रहलाद प्रसाद ने वर्ष 2024-25 में दो लाख तिरपन हजार की जगह नौ लाख एकावन हजार रुपए 2025-26 के लिए डाक लगाकर सबको चौका दिया।

### शिक्षकों को मिला नियुक्ति पत्र

**मखदुमपुर (जहानाबाद)।** मध्य विद्यालय मखदुमपुर में शनिवार का साक्षमता परीक्षा-2 में सफल शिक्षकों के बीच नियुक्ति पत्र का वितरण किया गया। जिला कार्यक्रम प्रबंधक अभिषेक कुमार, सौरभ सुमन द्वारा नियुक्ति पत्र का वितरण किया गया। मौके पर 108 शिक्षकों के बीच साक्षमता परीक्षा -2 में उत्तीर्ण विशिष्ट शिक्षकों को नियुक्ति पत्र एवं विद्यालय योगदान पत्र का वितरण किया गया। मौके पर मध्य विद्यालय सुगाँव की शिक्षिका फौजिया तारीक ने बताया कि विशिष्ट शिक्षक का प्रमाण पत्र मिलने के बाद उन लोगों में काफी उत्साह है। उन्होंने कहा के विशिष्ट शिक्षक का प्रमाण पत्र मिलने के बाद हम लोग काफी खुश हैं और जल्द से जल्द अपने- अपने विद्यालय में हमलोग जाकर योगदान देंगे। इस मौके पर बड़ी संख्या में शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

### कलयुगी पुत्र ने की पिता की हत्या

**पकड़ीदयाल (पूर्वी चम्पारण)।** प्रखंड के सुन्दरपट्टी पंचायत के मझाड गांव के वार्ड नंबर पन्द्रह के निवासी कुंभकरण सहनी ने अपने पिता को ईंट से वार कर का हत्या कर दी। मृतक नंदलाल सहनी उम्र लगभग 60 वर्ष है। पुलिस ने दो घण्टे के अंदर कलयुगी पुत्र को गिरफ्तार कर लिया है तथा शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मोतिहारी भेज दिया है। हत्यारा दो भाईयों में छोटा है। थानाध्यक्ष अनुज कुमार सिंह ने बताया कि घटना का कारण घरेलू विवाद है वही घटनास्थल के अगल बगल के लोगों ने बताया कि हत्यारा का चाल चलन ठीक नहीं है आए दिन किसी भी लोगों से विवाद करता रहता था।

### 119 नियोजित शिक्षकों को मिला नियुक्ति पत्र

**चिरैया (पूर्वी चंपारण)।** प्रखंड संसाधन केंद्र के सभागार में शनिवार को नियुक्ति पत्र वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बीइओ सरोज कुमार सिंह ने किया। इस दौरान उन्होंने दूसरे चरण की सक्षमता परीक्षा पास व सफलता पूर्वक काउंसलिंग प्रकिया पूरी कर चुके 119 नियोजित शिक्षकों को विशिष्ट शिक्षक बनने हेतु औपबंधिक नियुक्ति पत्र के साथ-साथ योगदान पत्र एवं विद्यालय पदस्थापन पत्र सौंपा। इनमें वर्ग 1 से 5 तक के 87 सामान्य विषय के शिक्षक एवं 27 उर्दू शिक्षक, वर्ग 6 से 8 तक के हिंदी विषय के एक शिक्षक, समाजिक विज्ञान विषय के तीन शिक्षक एवं माध्यमिक विद्यालय के एक पुस्तकालयाध्यक्ष शामिल है। ये सभी शिक्षक अपने मूल विद्यालय में 1 से 7 मार्च के बीच योगदान देकर विशिष्ट शिक्षक कहलाएंगे। वही, आज नौ शिक्षकों को औपबंधिक नियुक्ति पत्र नहीं दिया जा सका। इस बारे में बीपीएम राहुल कुमार ने बताया कि कुछ तकनीकी कारणों से उन्हें नियुक्ति पत्र नहीं मिल पाया है। वंचित शिक्षकों को सोमवार तक निश्चित रूप से योगदान पत्र मिलने की संभावना है। इस अवसर पर बीइओ श्री सिंह ने नियुक्ति पत्र प्राप्त सभी शिक्षकों को राज्यकर्मी बनने की बधाई देते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। मौके पर बीपीएम कुमारी प्रार्थना कुशवाहा, बीआरपी खुर्शीद आलम, डाटा ऑपरेटर प्रकाश कुमार सहित सैकड़ों की संख्या में शिक्षक मौजूद थे।

### सड़क दुर्घटना में आठ लोग घायल

**कल्याणपुर (पूर्वी चम्पारण)।** प्रयागराज महाकुंभ से स्नान कर लौट रहे श्रद्धालु की कार की टक्कर केसरिया चकिया रोड स्थित एरपा इंटरनेशनल स्कूल के समीप एक ट्रक से हो गई। घटना में कार में बैठे सीतामढ़ी जिले के रून्नीसैद्पुर थाना क्षेत्र बंगारी गांव निवासी आठ लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कल्याणपुर पहुंचाया। जहां से दो गंभीर रूप घायलों की स्थिति नाजुक देखते हुए मोतिहारी रेफर कर दिया गया है। गंभीर रूप से घायल में तेज नारायण ठाकुर(75) व शैल देवी(65) हैं। अन्य लोगों का पीएचसी में इलाज हुआ।अन्य घायलों में सीतामढ़ी जिले के रून्नीसैद्पुर निवासी रत्नेश सिंह, शैलेन्द्र ठाकुर, अवधेश देबी, सबिना देवी, सुखिता देबी, दिपांशु सिंह है। सभी यात्री शुक्रवार को महाकुंभ प्रयागराज से स्नान कर वापस लौटाने के क्रम में गोरखपुर पहुंचे। वहां गोरखनाथ मंदिर में दर्शन किया। उसके बाद वहां से अपने घर सीतामढ़ी जिले के रून्नीसैद्पुर थाना क्षेत्र के लिए चले। इसी दौरान केसरिया चकिया रोड पर उनकी कार की टक्कर एक ट्रक से आमने-सामने हो गई। जिसमें कार सवार सभी लोग घायल हो गए। थानाध्यक्ष जितेन्द्र कुमार ने बताया कि घायलों के इलाज के लिए पीएचसी में लाया गया।

### तीन अपराधी चोरी के सामान के साथ गिरफ्तार

**मोतिहारी।** गुप्त सूचना के आधार पर पिपराकोठी थाना पुलिस ने अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (सदर-02) के नेतृत्व में गढ़िहया घाट पुल के समीप आम-लीची के बागीचे में छापेमारी कर तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार किया। सूचना मिली थी कि ये अपराधी बिना नंबर की मोटरसाइकिल और चोरी के सामान के साथ किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में थे। संयुक्त छापेमारी में पुलिस ने नीतीश कुमार, मुन्ना सहनी और मुन्ना पासवान को गिरफ्तार किया। इनके पास से दो मोटरसाइकिल, एक चाकू और ताला तोड़ने के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला औजार (खंती) बरामद किया गया। इस मामले में पिपराकोठी थाना कांड संख्या 65/25 दर्ज किया गया है। साथ ही, इनकी गिरफ्तारी से मुफस्सिल थाना कांड संख्या 126/25 (दिनांक 28.02.2025) का भी खुलासा हुआ है, जिसमें एक शादी वाले घर में गृहभेदन कर चोरी की घटना को अंजाम दिया गया था। पुलिस ने चोरी का सामान भी बरामद कर लिया है। अपराधियों के अन्य मामलों में संलिप्तता की जांच जारी है।

# 25 से अधिक स्थानों पर छापेमारी, पांच शराब विक्रेता गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** जिला पदाधिकारी अलंकृता पांडे के निर्देशानुसार मद्य निषेध एवं उत्पाद विभाग, जहानाबाद द्वारा जिले के विभिन्न क्षेत्रों में व्यापक छापेमारी अभियान चलाया गया। इस दौरान एरकी, मई हॉल्ट (एनएच-83), नौरू, सेरथुआ, पिंजौरा, पण्डुई, अमैन, सुगॉव, कुर्था, सरेन, चांढ़, गोनावां, सिकंदरपुर, गोल बिगहा, महमदपुर, पाल्टु बिगहा, कचनावां, सैदपुर, सुरका, कलुआचक, इक्किल, परस विगहा और पोखरा समेत 25 से अधिक स्थानों पर कार्रवाई की गई। मद्य निषेध एवं उत्पाद विभाग की टीम ने शराब व्यापारियों और उपभोक्ताओं पर सख्ती दिखाते हुए लगातार जांच अभियान चलाया। जिले के शहरी और ग्रामीण इलाकों में ब्रेथ एनालाइजर की सहायता से विशेष अभियान के तहत लोगों की जांच की गई। 1 मार्च 2025 को कुल 43 लोगों की जांच की गई, लेकिन कोई भी व्यक्ति शराब के प्रभाव में नहीं पाया गया।



**ड्रोन कैमरे से निगरानी, सघन चेकिंग जारी**

विशेष सतर्कता बरतते हुए पोखरा नट टोली (थाना घोसी) क्षेत्र में ड्रोन कैमरे के माध्यम से छानबीन की गई। जिले के विभिन्न चौक-चौराहों, होटल, ढाबों और रेस्टोरेंट्स में वाहनों की सघन जांच और रात्रि गश्ती की जा रही है। इसके अलावा, अंबेडकर चौक, अरवल मोड़ और काको मोड़ जैसे प्रमुख स्थानों पर संध्या समय नियमित रूप से ब्रेथ एनालाइजर से जांच और वाहनों की चेकिंग के निर्देश दिए गए हैं।

**5 शराब विक्रेता गिरफ्तार, बड़ी मात्रा में शराब बरामद**

1 मार्च को चलाए गए विशेष अभियान में 5 शराब विक्रेताओं को गिरफ्तार किया गया। वहीं, पोखरा नट टोली (थाना घोसी) में ड्रोन के माध्यम से की गई कार्रवाई में 8,450 किलोग्राम जावा महुआ और 85 लीटर देसी शराब जब्त की गई। मद्य निषेध एवं उत्पाद विभाग का यह अभियान जिले में अवैध शराब के कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए लगातार जारी रहेगा।

# सामान्य स्थायी समिति एवं वित्त, अंकेक्षण एवं योजना समिति की बैठक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मोतिहारी।** जिला परिषद अध्यक्ष ममता राय की अध्यक्षता में सामान्य स्थायी समिति तथा वित्त, अंकेक्षण एवं योजना समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला परिषद अंतर्गत संचालित योजनाओं के त्वरित कार्यान्वयन को लेकर जिला अभियंता, जिला परिषद को आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक में जिला परिषद अध्यक्ष ने जिला परिषदीय आवंटियों को समयसीमा के भीतर एकरारनामा एवं नवीकरण कराने का निर्देश दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि जो आवंटी समय पर नवीकरण नहीं कराते या बकाया किराया जमा नहीं करते, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए आवंटन रद्द किया जाएगा। श्रीमती राय ने अतिक्रमण के मुद्दे पर भी गंभीर रुख अपनाते हुए मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी को निर्देश दिया कि एक सप्ताह के भीतर अतिक्रमित क्षेत्र खाली कराया जाए। यदि निर्धारित समयसीमा में अतिक्रमण नहीं हटता, तो नियम के अनुसार कार्रवाई कर संबंधित आवंटियों का आवंटन रद्द किया जाए। बैठक में पकड़ीदयाल, छौड़ादानो, तुरकौलिया और घोड़ासहन के अतिक्रमित भूमि को लेकर उच्च न्यायालय में रिट याचिका दायर करने का भी निर्देश दिया गया। श्रीमती राय ने जिला अभियंता, जिला परिषद को यह भी निर्देशित किया कि कार्यालय में भंडारित महोगनी और अन्य लकड़ियों की शीघ्र नीलामी कराई जाए। साथ ही, जिन आवंटियों के ऊपर बकाया राशि लंबित है, उनके खिलाफ प्रमाण पत्र मुकदमा दर्ज कर वसूली प्रक्रिया तेज करने के निर्देश दिया।

# वित्तरहित शिक्षक व शिक्षकेत्तर कर्मियों का आंदोलन शुरू

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मोतिहारी।** बिहार वित्तरहित शिक्षक शिक्षकेत्तर कर्मचारी संयुक्त संघर्ष मोर्चा के आह्वाहन पर आज शुक्रवार को जिले के सभी माध्यमिक विद्यालय, इंटर और डिग्री महाविद्यालय को बंद कर शिक्षक कर्मचारी हड़ताल पर रहे और अपनी पांच सूत्री मांगों को लेकर आक्रोश व्यक्त किया। मोर्चा के जिला सचिव हरेन्द्रकिशोर यादव ने कहा कि अभी नहीं तो कभी नहीं। उन्होंने कहा कि अपनी मांगों को लेकर सभी कोटि के वित्तरहित शिक्षक और कर्मचारी अपनी चट्टानी एकता का परिचय दे और करो या मरो का नारा बुलंद करें। श्री यादव ने कहा कि चरणबद्ध आंदोलन के आज प्रथम चरण में एक दिवसीय हड़ताल और दूसरे चरण में 10 मार्च को पटना विशाल प्रदर्शन और विधानसभा घेराव किया जाएगा। उन्होंने जिले के सभी कोटि के वित्तरहित शिक्षक कर्मचारियों दश मार्च को पटना पहुंचने का आह्वान किया । इनके पांच सूत्री मांगों में अनुदान के बदले वेतनमान, बकाया अनुदान का एक मुश्त भुगतान, निलंबित विद्यालय कोड की वापसी, सेवा निवृत कर्मियों को पेंशन और सेवानिवृत्त की आयु सीमा 65 वर्ष करने आदि शामिल हैं। मांग करने वालों मे अध्यक्ष प्रेम किशोर सिंह, राकेश द्विवेदी, डा सत्यनारायण प्रसाद, ओमप्रकाश यादव, शंभु भगत, समी असगर, जवाहर पंडित, विन्देश्वरी पाण्डेय आदि प्रमुख हैं।

# दो दिवसीय कृषि यांत्रिकीकरण मेला का समापन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** जहानाबाद जिला कृषि कार्यालय के द्वारा कृषि यांत्रिकीकरण योजना के तहत संयुक्त कृषि भवन काको रोड जहानाबाद के परिसर में आयोजित दो दिवसीय जिला स्तरीय कृषि यांत्रिकीकरण मेला-सह-किसान मेला का शनिवार को समापन हो गया। समापन कार्यक्रम में वरीय वैज्ञानिक-सह-प्रधान, कृषि विज्ञान केंद्र, गंधार- मुनेश्वर प्रसाद एवं जिला कृषि पदाधिकारी संभावना के द्वारा सभा को संबोधित किया गया एवं किसान मेला को सफल बनाने में अहम योगदान देने के लिए जिले के किसानों, आगंतुक अतिथियों, कृषि प्रसार कर्मियों, कृषि यंत्र विक्रेता आदि को धन्यवाद दिया गया। उन्होंने बताया कि 5 मार्च से 7 मार्च को संयुक्त कृषि भवन परिसर, काको रोड, जहानाबाद में आत्मा जहानाबाद के द्वारा तीन दिवसीय जिला स्तरीय किसान मेला-सह- उद्यान प्रदर्शनी एवं प्रतियोगिता कार्यक्रम का भी आयोजन किया जा रहा है, जिसमें कृषि एवं सम्बद्ध विभागों एवं कार्यालयों, प्रगतिशील किसानों आदि के स्टॉल के साथ जहानाबाद जिला के किसानों द्वारा उत्पादित फल, फूल, सब्जियों की उद्यान प्रदर्शनी लगाई जाएगी, इसके लिए इस जिला के किसानों को विभिन्न फल फूल सब्जियों आदि का प्रादर्श लाने हेतु आमंत्रित किया गया है एवं उसमें उत्कृष्ट प्रादर्श लाने वाले किसानों को प्रतियोगिता के माध्यम से पुरस्कृत किया जाएगा। उक्त मेला में नुक्कड़ नाटक के द्वारा कृषि की नवीनत्तम वैज्ञानिक तकनीकों के बारे में किसानों को जागरूक किया जाएगा। कार्यक्रम में सहायक निदेशक कृषि अभियंत्रण- सुधीर कुमार के द्वारा कृषि यंत्रों पर दिए जा रहे सरकारी अनुदान एवं यंत्रों के उपयोग रख-रखाव आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। उनके द्वारा बताया गया कि इस कृषि यांत्रिकरण मेला में अनुदानित दर पर 109 कृषि यंत्रों पर कुल 1536700/- रुपये अनुदान की राशि के यंत्र विक्री किए गए। मौके पर उप परियोजना निदेशक आत्मा राकेश कुमार के अलावा सभी प्रखंडों के प्रखंड कृषि पदाधिकारी, प्रखंड तकनीकी प्रबंधक, कृषि समन्वयक, सहायक तकनीकी प्रबंधक, किसान सलाहकार के साथ-साथ जहानाबाद जिले के सैकड़ों प्रगतिशील कृषक उपस्थित थे।




# कालाजार उन्मूलन को लेकर आशा कार्यकर्ताओं को दिया जा रहा प्रशिक्षण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

कालाजार उन्मूलन कार्यक्रम के तहत जिले के 23 प्रखंडों के 1200 आशाओं को सदर अस्पताल स्थित आरटीसी केंद्र में भीडीसीओ धर्मेंद्र कुमार एवं गौतम कुमार के द्वारा 21 फरवरी से प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यह 11 मार्च तक चलेगा। डीभीडीसीओ शरत चंद्र शर्मा ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान आशा कार्यकर्ताओं को कालाजार के लक्षणों की पहचान व उससे बचाव के उपाय बताए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि बालू मक्खी के काटने से कालाजार होता है। जागरूकता कालाजार से बचाव का बेहतर उपाय है। इसलिए आशा प्रशिक्षण के उपरांत घर-घर जाकर कालाजार के मरीजों को खोज करने के साथ आमजनों को भी इसके लक्षणों की पहचान व उससे बचाव के उपाय बताए। वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ एससी शर्मा ने बताया कि कालाजार के संपूर्ण उन्मूलन के लिए जागरूकता जरूरी है। इसके लिए सरकार की तरफ से आशा कार्यकर्ताओं को प्रोत्साहन राशि के रूप में 100 रुपये अतिरिक्त दिए जाते हैं। आशा कार्यकर्ता छिड़काव होने से पहले घर-घर जाकर लोगों को इसकी जानकारी देंगी। उन्होंने बताया कि छिड़काव चक्र के दौरान चयनित गांवों के सभी घरों एवं गौशाला के अंदर पूरी दीवार पर दवा का छिड़काव किया जाना है। अगर एक भी घर छिडकाव से वंचित रह गया, तो बालू मक्खी के पनपने का खतरा बना रहेगा। कालाजार के मरीजों को सरकार द्वारा दी जाती है 7100 रुपये की राशि भीडीसीओ धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि बालू मक्खी के काटने से ही कालाजार होता है। उन्होंने बताया कि यह मक्खी कम रोशनी वाली और नम जगहों जैसे मिट्टी की दीवारों की दरारों, चूहे के बिलों तथा नम मिट्टी में रहती है। इसलिए दवा का छिड़काव घरों, गौशालाओं की दीवार पर छह फीट तक किया जाता है। उन्होंने बताया कि क्षतिपूर्ति के रूप में कालाजार के मरीजों को सरकार द्वारा 7100 रुपये की राशि दी जाती है। कालाजर का लक्षण है रुक-रुक कर बुखार आना, भूख कम लगना, शरीर में पीलापन और वजन घटना, तिल्ली और लिवर का आकार बढ़ना, त्वचा-सूखी और पतली होना, बाल झड़ना आदि। इससे पीड़ित होने पर शरीर में तेजी से खून की कमी होने लगती है।

# महात्मा गांधी ऑल इंडिया ट्रॉफी पर झारखंड ने जमाया कब्जा,1-0 से बंगाल को हराया

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**चकिया (पूर्वी चम्पारण)।** स्थानीय गांधी मैदान में चल रहे महात्मा गांधी ऑल इंडिया फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में शनिवार को साउथ ईस्टर्न रेलवे चक्रधरपुर जमशेदपुर, झारखंड की टीम ने मोहम्मडन एथलेटिक क्लब कोलकता, बंगाल को टीम को 1-0 से हराकर ट्रॉफी अपने नाम कर लिया। टूर्नामेंट ट्रॉफी के लिए दोनों टीमों में गोल के लिए कांटे की टक्कर हुई। रोमांचक मुकाबले में दूसरे हाफ की समाप्ति तक दोनों टीमें शून्य पर रही। हार जीत का फैसला नहीं होने पर रेफरी ने दोनों टीमों को पांच-पांच मिनट का अतिरिक्त समय दिया। दूसरे पांचवें मिनट में झारखंड टीम के खिलाड़ी जर्सी नंबर-15 सुशील किस्कू ने गोल दाग 1-0 से ट्रॉफी पर कब्जा जमा लिया। मैन ऑफ़ द मैच का पुरस्कार झारखंड टीम के सुशील किस्कू जबकि मैन ऑफ द सीरीज एलेक्स को टूर्नामेंट के मुख्य अतिथि विधायक श्यामबाबू प्रसाद यादव व सभापति पवन सर्राफ के द्वारा दिया गया। कॉमेंटेटर के रूप में रोहित सिंह,जोहा अफजल जबकि स्कोरर सुकेश प्रसाद थे। रेफरी के रूप में शशि कुमार सुमन, दीपक कुमार, दिनेश कुमार गुप्ता व मनीष कुमार थे। सभी को सम्मानित किया गया। मौके पर उप सभापति सुभाष कुमार यादव, पूर्व जिला पार्षद अशोक यादव, दाऊद आलम,अरुण मिश्रा, वार्ड पार्षद विशाल कुमार, राशिद जमाल,गौतम कुमार सहित बड़ी संख्या में दर्शक मौजूद थे।



# भगवान राम ने माता शबरी के जूठे बेर खाकर किया उद्धार : जनक

## पीपराकोठी में माता शबरी और भुइयां महाराज महोत्सव का भव्य आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पीपराकोठी (पूर्वी चंपारण)।** माता शबरी और भुइयां महाराज के महोत्सव का आयोजन कर मांझी संस्कृति को गौरवान्वित किया गया। यह समाज हीन भावना से देखा जाता है, जबकि भगवान राम और लक्ष्मण ने माता शबरी के जूठे बेर खाकर उनका उद्धार किया था। उक्त बातें अनुसूचित जाति-जनजाति कल्याण मंत्री जनक चमार ने कहीं। उन्होंने कहा कि भुइयां महाराज ने ही संजीवनी बूटी से लक्ष्मण को जीवनदान दिया था। इस समाज के लिए यह उत्सव एक ऐतिहासिक क्षण है, जिसे प्रत्येक वर्ष धूमधाम से मनाया जाएगा। नीतीश सरकार में इस समाज का विकास हुआ है। कार्यक्रम का उद्घाटन कला संस्कृति मंत्री मोतीलाल प्रसाद, अनुसूचित कल्याण मंत्री जनक चमार, गन्ना उद्योग मंत्री कृष्ण नंदन पासवान, विधायक प्रमोद कुमार और मुखिया संतोष शर्मा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। सभा में उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। मंत्री जनक चमार ने कहा कि भाजपा-जदयू सरकार में 40,000 टोला सेवक और 10,000 विकास मित्रों की भर्ती कर इस समाज को मुख्यधारा में लाया गया है। उन्होंने शिक्षा पर जोर देते हुए कहा कि पहले की सरकारों में लाठी और हथियारों की लड़ाई होती थी, लेकिन इस सरकार में कलम की लड़ाई होती है। सभी वर्गों के बच्चों तक शिक्षा की गंगा अबाध रूप से पहुंच रही है। उन्होंने मांझी समाज के इस कार्यक्रम में जिले के वरिष्ठ अधिकारियों के अनुपस्थित रहने पर नाराजगी व्यक्त की।

कला संस्कृति मंत्री मोतीलाल प्रसाद ने कहा कि भुइयां महाराज और शबरी माता को याद किए बिना भगवान राम का इतिहास अधूरा रह जाता है। कला और संस्कृति मंत्रालय उनके अतीत को उजागर करने का काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि कुछ लोग सरकार के कार्यों से खुश नहीं हैं और वे देश में अशांति फैलाने में लगे हैं। उन्होंने कहा कि बिहार की भूमि ऐतिहासिक रही है। यह भूमि राम-सीता, बुद्ध और गांधी की भूमि है। उन्होंने लोगों से शिक्षा से जुड़ने और नशा मुक्ति पर ध्यान देने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि इस महोत्सव को और अधिक बजट देकर भव्य बनाया जाएगा। चंपारण की धरती पर इस प्रकार के महोत्सव हुए हैं, लेकिन इस सीधे-सादे समाज को सम्मान देने का काम आज तक किसी ने नहीं किया। यह महोत्सव प्रत्येक वर्ष धूमधाम से मनाया जाएगा। गन्ना एवं उद्योग मंत्री कृष्ण नंदन पासवान ने कहा कि यह महोत्सव अपने आप में अनूठा है, जो पिछड़े समाज को जागृति प्रदान करेगा। उन्होंने अनुसूचित समाज से शिक्षा के प्रति जागरूक होकर बच्चों को विद्यालय भेजने और नशा त्यागने का आह्वान किया।

पूर्व मंत्री और विधायक प्रमोद कुमार ने कहा कि भगवान राम ने भुइयां महाराज से माता सीता की जानकारी ली थी और माता शबरी के जूठे बेर खाकर इस समाज को मान-सम्मान दिया था। आज भी उस परंपरा को हमारे ग्रंथों में रखा गया है। उन्होंने लोगों से परिश्रम के साथ शिक्षा ग्रहण कर समाज की मुख्यधारा से जुड़ने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि भारत और बिहार सरकार ने आप लोगों के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं लागू की हैं, जैसे इज्जत घर, मुफ्त राशन, नलजल, बिजली आदि। उन्होंने लोगों से आगामी चुनाव में मोदी जी के हाथ मजबूत करने का आह्वान किया।

इस अवसर पर कला संस्कृति विभाग से बिहार और उत्तर प्रदेश से आए कलाकारों ने शानदार प्रस्तुतियां दीं। अनुराधा कुमारी ने गणेश स्तुति के बाद 'माता शबरी घर में दियारा बार अईनी हे' आदि भजन गाकर लोगों की तालियां बटोरीं। कला संग्रह संस्थान के कलाकारों ने ''राम लखन-शबरी मिलन'', राधा कृष्ण लीला, भगवान शंकर की भस्म आरती आदि की प्रस्तुतियां लघु नाटकों के माध्यम से दीं।

# संवाद भवन में विशिष्ट शिक्षकों को दिया गया नियुक्ति पत्र

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मोतिहारी।** पटना के संवाद भवन में विशिष्ट शिक्षक नियुक्ति पत्र वितरण का राज्य स्तरीय समारोह आयोजित किया गया था जहां मुख्यमंत्री के द्वारा नियुक्ति पत्र का वितरण किया गया। पूर्वी चंपारण जिला में जिला स्तर पर समाहरणालय स्थित डॉ राजेंद्र प्रसाद सभा भवन के सभागार में नियुक्ति पत्र वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया जहां मोतिहारी प्रखंड के 100 विशिष्ट शिक्षकों को माननीय विधायक मोतिहारी प्रमोद कुमार,उप महापौर नगर निगम मोतिहारी डॉ लालबाबू प्रसाद गुप्ता, प्रभारी जिलाधिकारी सह अपर समाहर्ता मुकेश कुमार सिंहा और शिक्षा विभाग के पदाधिकारियो के द्वारा नियुक्ति पत्र का वितरण किया गया। मोतिहारी प्रखंड के अतिरिक्त जिला के सभी प्रखंडों के बीआरसी भवन में संबंधित प्रखंड का नियुक्ति पत्र वितरण का समारोह संपन्न हुआ। इस अवसर पर विधायक सहित उप महापौर एवं प्रभारी जिलाधिकारी के द्वारा नियुक्ति पत्र प्राप्त करने वाले सभी विशिष्ट शिक्षकों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। इस अवसर पर माननीय विधायक ने कहा कि आप सभी नियोजित शिक्षक सक्षमता परीक्षा उत्तीर्ण कर आज विशिष्ट शिक्षक बन रहे हैं। आपकी सेवा और शर्तों का स्थानांतरण हुआ है। आप सभी से समाज को अपेक्षा है और आशा है आप उसे पूरा करेंगे सफल होंगे। आप सभी पूरी इमानदारी और निष्ठा के साथ बच्चों को पढ़ाने का संकल्प लें। आपके हाथों में बच्चों का भविष्य है। उन्होंने कहा कि विद्यालय में शिक्षकों के साथ-साथ सभी मूलभूत व्यवस्था की उपलब्धता सरकार के द्वारा सुनिश्चित कराई जा रही है जिससे शिक्षा के क्षेत्र में काफी सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहा है। इस अवसर पर उप महापौर डॉ लाल बाबू प्रसाद गुप्ता ने कहा कि शिक्षक से पूरे समाज को अपेक्षा है और उनके हाथ में बच्चों का भविष्य है। शिक्षक अपनी जिम्मेवारियों को बखूबी निभाएंगे और गुरु-शिष्य परंपरा को पुनः कायम करने में सफल होंगे, ऐसी आशा है। जिला शिक्षा पदाधिकारी के द्वारा बताया गया कि जिला में आज 3899 विशिष्ट शिक्षकों को नियुक्ति पत्र दिया जा रहा है जिसमें 3665 प्रारंभिक शिक्षक हैं, 192 माध्यमिक शिक्षक तथा 42 उच्च माध्यमिक शिक्षक हैं। ये सभी नियोजित शिक्षक पहले पंचायत एवं नगर निकायों में पदस्थापित थे जो सक्षमता परीक्षा उत्तीर्ण कर आज विशिष्ट शिक्षक बने हैं। नियुक्ति पत्र प्राप्त कर सभी शिक्षक आज अपने अपने विद्यालय में योगदान करेंगे और आज से इन्हें सरकारी कर्मियों की सभी सुविधाएं प्राप्त हो जाएगी। आज से विशिष्ट शिक्षक भी सरकारी कर्मी बन जाएंगे।



# लीची के पेड़ जलाने का लगा चार लोगों पर आरोप, थाने में दिया आवेदन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोटवा (पूर्वी चंपारण)।** थाना क्षेत्र के पोखरा पंचायत के पोखरा गांव में लीची के पेड़ में आग लगाकर जलाने का मामला सामने आया है। मामले में पोखरा गांव निवासी पूर्व मुखिया जयचंद्र राय ने थाने में आवेदन देकर बताया है कि मैं अपने दस्तवेजी जमीन में सात लीची का पेड़ लगाया है। मेरे पड़ोसी बच्चा यादव, सुनील यादव, अनिल यादव, अमरेंद्र यादव सभी ने एक राय बनाकर मुझे आर्थिक क्षति पहुचने के नियत से मंजर से भरे लीची के पेड़ में आग लगा कर जला दिया। जिसे वर्तमान से लेकर भविष्य में लाखों रुपये का नुकसान होने का अनुमान है। मामले में थानाध्यक्ष राजरूप राय ने बताया कि आवेदन मिला है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।



# शिविर लगा पीएनबी ने लखपति दीदी योजना के लिए दिया दो करोड़ का लोन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** शहर के बड़ी दुर्गा देवी स्थान के समीप पीएनबी शाखा रफीगंज एवं कियाखाप द्वारा लखपति दीदी योजना, स्वयं सहायता समूह, केसीसी एवं गोदाम निर्माण लोन हेतू शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता शाखा के वरीय प्रबंधक भूषण कुमार एवं संचालन कियाखाप प्रबंधक संजीव निराला ने किया। मुख्य अतिथि हेड ऑफिस दिल्ली से आये डीजीएम एसएन गुप्ता को औरंगाबाद रिजिनल मैनेजर प्रवीण कुमार एवं चीफ मैनेजर वीएन कपूर ने बुके देकर सम्मानित किया तथा समूह की महिलाओं ने स्वागत गान प्रस्तुत कर स्वागत किया। डीजीएम एवं रिजिनल मैनेजर द्वारा समूह की



महिलाओं को लखपति दीदी योजना के तहत प्रत्येक दीदी को एक-एक लाख की ऋण स्वीकृति पत्र का वितरण किया गया। बैंक अधिकारियों ने कहा कि सरकार द्वारा चलाये जा रहे योजनाओं का पूरा-पूरा लाभ आम नागरिक को मिले इसके लिए हम कृत संकल्पित हैं। समूह को पूर्व से ही विभिन्न योजनाओं के तहत लोन दिया गया है। जिस समूह की महिलाएं लोन का सदयुपयोग कर आर्थिक रूप से मजबूत हो रही हैं तथा लोन रिटर्निंग बहुत अच्छी है, उन्हें इंडिविजुअल रूप से लोन दिया जा सकता है ताकि वे बड़े पैमाने पर अपना कारोबार कर सकें। वहीं समूह की महिलाओं से कार्य के बारे में उनके अनुभव की जानकारी ली गयी। रफीगंज प्रबंधक भूषण कुमार ने बताया कि एक करोड़ पचास लाख एवं कियाखाप प्रबंधक संजीव निराला ने बताया कि पचास लाख कुल दोनों शाखा द्वारा दो करोड़ का लोन वितरित किया गया है तथा और भी लोन के लिए आवेदन प्राप्त हुए है। उन्होंने समूह की महिलाओं से कहा कि कहीं भी आपको परेशानी हो तो सीधे शाखा के प्रबंधक से मिलकर बात करें। शिविर को सफल बनाने में उप प्रबंधक अजित कुमार, राकेश कुमार दिनेश कुमार, सीएसपी संचालक मदनजीत सिंह, पंचायत समिति बसंती देवी, कविता देवी, सविता देवी, प्रमोद सिंह, मनोज कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# ट्रक की चपेट में आने से बाइक चालक घायल, रेफर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मदनपुर (औरंगाबाद)।** मदनपुर थाना मुख्यालय के समीप एनएच 19 पर शनिवार को ट्रक की चपेट में आने से एक बाइक चालक गंभीर रुप से घायल हो गया जिसे ग्रामीणों के सहयोग से इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया है, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक इलाज के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल में रेफर कर दिया है। घायल बाइक चालक की पहचान बक्सर जिले के इटांड थाना क्षेत्र के बसतपुर निवासी उदय नारायण सिंह के पुत्र धनबाबू सिंह के रूप में की गई है। जानकारी के अनुसार घायल धनबाबू सिंह गया से औरंगाबाद की ओर बाइक से जा रहा था कि थाना मोड़ के समीप एक ट्रक की चपेट में आ गया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद चालक ट्रक लेकर फरार हो गया।

# राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर सिटी सेन्ट्रल स्कूल में विज्ञान महोत्सव का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**समस्तीपुर।** आसपास की घटनाओं, स्थितियों, परिस्थितियों आदि के संबंध में क्रमबद्ध अध्ययन एवं सिलसिलेवार अवलोकन से इच्छित निष्कर्ष पर पहुंचना ही विज्ञान कहलाता है। आम तौर पर हम अपने दैनिक जीवन में कई बार इस तरह की गतिविधियों में जाने अनजाने शामिल हो जाते हैं, जिन पर हम गौर नहीं करते और गौर करने से न्यूटन जैसे वैज्ञानिक का जन्म हो जाता है। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर भुईंधारा स्थित सिटी सेंट्रल स्कूल के प्रांगण में विज्ञान महोत्सव के अवसर पर छात्रों व अभिभावकों को संबोधित करते हुए सिटी सेन्ट्रल स्कूल ग्रुप के निदेशक संजीव पाण्डेय ने उक्त बातें कही। उन्होंने कहा कि बच्चे स्वभाव से ही अन्वेषक होते हैं। पढ कर, सुन कर, देख कर सीखने से अधिक कर के सीखना चाहते




हैं। उनके इसी प्रवृति को समुचित आकार देने की ही हम कोशिश करते हैं। बताते चलें कि विज्ञान महोत्सव के इस अवसर पर मानव जीवन में विज्ञान विषयक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और एक से बढ़कर एक बेहतरीन मॉडलों का प्रदर्शन किया। इस क्रम में उन्होंने विद्यालय के प्राचार्य एवं विज्ञान शिक्षकों द्वारा पूछे गए प्रश्नों का सहजता एवं संयम के साथ सटीक उत्तर देकर संतुष्ट किया। विज्ञान महोत्सव के इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने आधुनिक युग ही विज्ञान है विषय पर सरल, सुगम एवं सुगम शब्दों में अपने विचार प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किये। विज्ञान प्रदर्शनी के सफल प्रदर्शन से अभिभूत होकर विद्यालय के शिक्षकों के साथ-साथ विद्यालय के निदेशक संजीव कुमार पांडे ने भी बच्चों की तारीफ करते हुए बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य तन्मय चक्रवर्ती, विज्ञान शिक्षक नयन देवनाथ, रामप्रवेश कुमार, राजीव झा सहित सभी शिक्षक व छात्र-छात्रायें उपस्थित थे।

# निजी विद्यालय में चोरों ने की सेंधमारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पूसा (समस्तीपुर)।** जिले के पूसा थाना क्षेत्र के दिघरा पंचायत के कल्याणपुर गौरा स्थित पूसा ताजपुर मुख्य सड़क पर ज्ञान किरण पब्लिक स्कूल में शुक्रवार की रात चोरों ने ताला काट कर लूटपाट की घटना को अंजाम दिया। विद्यालय के संचालक विभूति कुमार ने बताया कि विद्यालय के कंप्यूटर लैब में लगे चार कंप्यूटर सेट, प्रिंटर, ई रिक्शा का चार्जर, एमप्लीफायर, इंडक्शन चूल्हा, सहित ऑफिस में रखें कार्यालय खर्च सहित अन्य मद का रखा पैसा को चोर ले कर चंपत हो गया है जो लगभग 18 हजार रुपए बताया गया है। घटना की जानकारी आसपास के लोगों ने सुबह फोन के माध्यम से विद्यालय के संचालक को दी। इधर जानकारी मिलते ही मौके पर पूसा थाना की टीम, इंस्पेक्टर ताजपुर, जिला से आई एफएसएल की टीम ने पहुंच कर सैंपल इकट्ठा किया है और तकनीकी सहित कई बिंदुओं पर अनुसंधान शुरू कर दिया है। विद्यालय संचालक एक पत्रकार भी हैं। इसको लेकर इस घटना की चर्चा आसपास में काफी तेजी से हो रही है। स्थानीय लोगों की माने तो बीते महीने की 11 तारीख को इसी गांव में एक विद्यालय सहित एक घर में चोरों ने चोरी किया था।

# विज्ञान प्रदर्शनी में डीपीएस के बच्चों ने मोहा मन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**समस्तीपुर/ ताजपुर।** शुक्रवार को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य में दिल्ली पब्लिक स्कूल ताजपुर ने बेस्ट ऑफ द वेस्ट थीम पर भव्य विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया। जिसमें कक्षा एक्सप्लोरर से लेकर 9वीं तक के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इस प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने अपनी वैज्ञानिक सोच, नवाचार और रचनात्मकता का अद्भुत परिचय दिया। इस अवसर पर स्वागत सम्मान के बाद आगत अतिथियों ने करतल ध्वनि के बीच प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। तदुपरान्त मुख्य अतिथि डीपीओ, नमामि गंगे, नीरजेश कुमार तथा विशिष्ट अतिथि नगर आयुक्त, ताजपुर नगर परिषद सचिन कुमार एवं अतिथियों ने एक-एक प्रोजेक्ट्स का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने बच्चों से उनके प्रयोग और उपयोगिता के बारे में विस्तार



से चर्चा की। प्रदर्शनी में बच्चों ने कई रोचक और प्रासंगिक विज्ञान परियोजनाओं का प्रदर्शन किया। जिनमें प्रमुख रूप से वेस्ट से बिजली उत्पादन, स्मार्ट सिंचाई प्रणाली, ऊर्जा संरक्षण, परमाणु ऊर्जा संयंत्र मॉडल, मैगलेव ट्रेन के साथ स्मार्ट सिटी आधुनिक कृषि प्रणाली आदि शामिल थे। मुख्य अतिथि ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन नयी पीढी में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने और नवाचार को प्रोत्साहित करने का एक बेहतरीन मंच हैं। इस दौरान मशहूर गायक रोकी सिंह और कोलकाता की प्रसिद्ध गायिका सपना चक्रवर्ती ने अपनी संगीतमयी प्रस्तुति से सभा में चार चाँद लगा दिए। वहीं मुख्य अतिथि ने विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन को देखते हुए शीर्ष 5 छात्रों को केंद्रीय सरकार द्वारा प्रकाशित विज्ञान से संबंधित पुस्तकें प्रदान कर सम्मानित किया। मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य हिमांशु शेखर पांडे, शिक्षकगण, सैकड़ों की संख्या में अभिभावकगण, अमित कुमार वर्मा (आशा सेवा संस्थान), जितेंद्र कुमार (इलाइट क्लब), राकेश कुमार, हाजी खुर्शीद खान, अजहर मिकरानी (वार्ड काउंसलर), डॉ रूमी, प्रो शाजिया परवीन, मनोज कुमार झा, राम चंद्र सिंह निषाद, नूतन कुमारी, मनीष राज, राज सुमित सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# एस.के. मंडल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस का वार्षिक समारोह अब तीन मार्च को

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**समस्तीपुर।** एस. के. मंडल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस का 10वां वार्षिक समारोह अपरिहार्य कारणों से 2 मार्च 2025 की जगह 3 मार्च 2025 को आयोजित किया जाएगा। उक्त जानकारी देते हुए एसके मंडल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन के प्रबंध निदेशक ने बताया कि 3 मार्च 2025 को हमारा संस्थान अपनी गौरवशाली 10वीं वर्षगांठ मनाने जा रहा है। यह दिन हमारे अथक परिश्रम, समर्पण और दृढ़ संकल्प का प्रतीक है। बता दें कि एस. के. मंडल ग्रुप ऑफ



इंस्टीट्यूशंस ने शिक्षा के क्षेत्र में एक नई पहचान बनाई है और समाज को सशक्त बनाने, नवाचार को बढ़ावा देने और युवाओं के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण की दिशा में लगातार प्रयासरत रहा है।

# लूट मामले में अपराधी गिरफ्तार

**पटना (नबिटा ब्यूरो)।** पटना के शास्त्रीनगर इलाके से पुलिस ने फल दुकानदार से लूट मामले में एक अपराधी को गिरफ्तार किया है। करीब 2 साल से इस मामले में मुकेश कुमार फरार चल रहा था। 11 जनवरी 2023 को अटल पथ पर दुकानदार से 8 हजार की लूट हुई थी। 3 साथियों के साथ वारदात को अंजाम दिया था। इस संबंध में कृष्णापुरी थाने में प्राथमिकी दर्ज हुई थी। शनिवार को पुलिस को सूचना मिली कि आरोपी होली पर घर आया हुआ है। इनपुट के आधार पर पुलिस सिविल ड्रेस में कार्बन फैक्ट्री के पास पहुंची। इस दौरान स्थानीय लोगों से किसी बात को लेकर विवाद हो गया था।

# नयी कमिटी का गठन



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** हसपुरा प्रखंड में अनुसूचित जाति- जनजाति कर्मचारी संघ के गठन को लेकर प्रखंड परिसर के बीपीआरओ कक्ष में बैठक हुआ, जिसमें संघ के दिशा निर्देशों का पालन करते हुए नियमों के आधार पर नयी कमिटी गठन किया गया। सीओ कौशल्या कुमारी को अध्यक्ष, बीडीओ प्रदीप कुमार चौधरी को सचिव, डीएसओ राजेश कुमार को संयुक्त सचिव, सुभाष प्रसाद प्रचार सचिव सहित हेडमास्टर राजेश कुमार, दिलीप कुमार, श्रीनाथ कुमार, संतोषी कुमारी, रामसुंदर राम, वीरेन्द्र राम,अनिल कुमार, ललन चौधरी एवं मनोज कुमार निश्चल को संघ का सदस्य बनाया गया है। सचिव बीडीओ प्रदीप कुमार चौधरी ने कहा कि डॉ0 अम्बेडकर ने संघर्ष करो, संगठित हो और स्वावलंबी बनो का नारा दिया था उस उपदेश को अक्षरशः पालन करने की जरूरत है।

# सात मार्च तक चलेगा महोत्सव

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** चरकावां उपरडीह के विष्णु नगरी में लक्ष्मी नारायण ज्ञान महायज्ञ के लिये धुमधाम से रथ, घोड़ा एवं गाजे-बाजे के साथ जलयात्रा निकाली गयी। यज्ञ समिति के अध्यक्ष राम एकबाल शर्मा, सचिव अभय शर्मा, उपाध्यक्ष शुभम सिंह, उप सचिव विरेंद्र शर्मा ने बताया कि चरकावां उपरडीह के विष्णु नगरी में नवनिर्मित मंदिर में विष्णु एवं शिव परिवार प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव सह यज्ञ का शुभारंभ स्वामी सुदर्शनचार्य के तत्वावधान मे 1 मार्च से प्रारंभ होकर 7 मार्च तक रहेगी। प्रतिदिन वृदावन के कथावाचक का प्रवचन एवं रात्री में रामलीला का आयोजन किया गया है। शनिवार को काफी धुमधाम एवं गाजे-बाजे के साथ के साथ जलयात्रा निकाली गयी। यज्ञ मंडप से प्रारंभ होकर सैकड़ों महिला- पुरुष जयकारा लगाते हुए शहर के रेलवे गुमटी, ब्लॉक रोड़, महराजगंज, बस स्टैंड, मेन बाजार, स्टेशन रोड होते चरकावां उपरडीह सूर्य तालाब से वैदिक मंत्रोच्चार के साथ जलभरी कर वापस यज्ञ मंडप पहूंचे। इस अवसर पर समिति के कोषाध्यक्ष विजय शर्मा, उप कोषाध्यक्ष सुधीर शर्मा, भाजपा किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष बिनय कुमार सिंह, पैक्स अध्यक्ष सह पूर्व जिला पार्षद अरविंद यादव, चूनू शर्मा, पंस मन्टू शर्मा, मन्टू यादव, संटू शर्मा, नागेंद्र शर्मा सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

# देशी पिस्टल व दो जिंदा कारतूस के साथ एक गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गोह (औरंगाबाद)।** शुक्रवार की शाम बन्देया पुलिस ने थाना क्षेत्र के बेटुला गांव से एक देशी पिस्टल व दो जिंदा कारतूस के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। शनिवार की शाम प्रेस वार्ता कर दाउदनगर एसडीपीओ कुमार ऋषि राज ने बताया कि बन्देया थानाध्यक्ष को गुप्त सूचना मिली कि बेटूला गांव निवासी नागेन्द्र यादव अपने घर में छुपाकर अवैध हथियार रखा हुआ है। जिसके बाद पुलिस ने छापेमारी कर एक देशी पिस्टल व



दो जिंदा कारतूस के साथ नागेन्द्र यादव को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्त को पूछताछ के बाद जेल भेज दिया गया है।

# शिक्षकों के बीच औपबंधिक नियुक्ति पत्र का वितरण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** प्रखंड कैम्पस स्थित बीआरसी कार्यालय में शनिवार को विशिष्ट शिक्षक सक्षमता पार्ट टू का शिक्षकों के बीच औपबंधिक नियुक्ति पत्र वितरित किया गया। शिक्षकों को सीओ कौशल्या कुमारी एवं प्रभारी बीईओ अशोक कुमार ने पार्ट टू का औपबंधिक नियुक्ति पत्र शिक्षकों के बीच वितरित करते हुए कहा कि हसपुरा प्रखंड में 10 विशिष्ट शिक्षकों का औपबंधिक नियुक्ति पत्र वितरित किया गया है। प्रभारी बीईओ अशोक कुमार ने कहा कि पूरे बिहार में सक्षमता पार्ट टू में सफल शिक्षकों को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के द्वारा औपबंधिक नियुक्ति पत्र वितरित कर शुभारंभ



किया गया है। सक्षमता पास शिक्षकों को जब औपबंधिक नियुक्ति पत्र मिला तो उनकी खुशियां छलक उठी। बीआरसी कार्यालय परिसर में औपबंधिक नियुक्ति पत्र वितरित के लिए काउंटर बनाए गए थे।

## महुआ शराब के साथ कारोबारी गिरफ्तार

**गोह (औरंगाबाद)/ नबिटा संवाददाता।** बंदेया पुलिस ने 60 लीटर देसी महुआ शराब के साथ एक कारोबारी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मामले में बताया जाता है कि थाना क्षेत्र के मांजठी गांव निवासी संजीत कुमार अपने मकान में बिक्री के लिए 60 लीटर देसी महुआ शराब छुपा कर रखा था। पुलिस ने उसके घर से शराब बरामद करते हुए आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# आपसी विवाद में भिड़े दो गुट

**पटना (नबिटा ब्यूरो)।** पटना जिले के बख्तियारपुर में आपसी विवाद में 2 गुटों के बीच जमकर मारपीट हुई है। 3 राउंड फायरिंग भी हुई है। गोली लगने से एक युवक घायल हो गया। गंभीर हालत में सीएचसी में भर्ती कराया गया है। घटना देदौर गांव की है। घायल की पहचान मिठाई दुकानदार नवनीत राय (30) के तौर पर हुई है। पीड़ित ने बताया कि गांव में किसी के विवाद से उसका कोई लेना-देना नहीं है। देर शाम दुकान से पैसा लेकर घर लौट रहा था। इस दौरान गांव के ही 4 लोगों ने हमला कर दिया। हमलावरों ने 3 से 4 राउंड फायरिंग भी की है। एक गोली कमर के नीचे लगी है।

# सामाजिक एकजुटता पर दिया बल



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** शहर के अब्दलपुर स्थित लालजी रजक के आवास पर अखिल भारतीय धोबी महासंघ प्रखंड इकाई के द्वारा बैठक किया गया था। साथ ही बाबा संत गाडगे महाराज जी की 149 जयंती मनाया गया। जयंती समारोह की अध्यक्षता अजय कुमार रजक एवं संचालन शंकर रजक की देख-रेख में किया गया। बैठक में समाज में एकजुटता एवं समस्याओं के समाधान पर बल दिया गया। मौके पर सचिव रविंद्र कुमार, राजेश रजक, मीडिया प्रभारी अनिल रजक, सुदामा रजक, योगेंद्र रजक, लालजी रजक, रविंद्र रजक, राजेश रजक, अमित रजक, शंकर रजक, विनय रजक, प्रेम रजक, उत्तम रजक, मोहन रजक, विकाश रजक, राकेश रजक सहित अन्य सदस्य शामिल हुए।

# खेत से शराब बरामद, कारोबारी गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** खेत में छिपाकर रखे देशी शराब को माली पुलिस ने जब्त किया है, साथ ही मामले में कारोबारी को गिरफ्तार किया गया है, जिसकी पहचान थाना क्षेत्र के जयपुर गांव निवासी राजाराम सिंह के रूप में की गई है। थानाध्यक्ष दीपक कुमार राय ने बताया कि बीते कुछ दिनों से सूचना मिल रही थी, जिसके आलोक में छापेमारी के फलस्वरूप खेत के अंदर छुपा कर रखा गया 15 लीटर देसी शराब बरामद किया गया है। संदर्भ में



कारोबारी के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई के उपरांत जेल भेज दिया गया। पुलिस ने कहा कि शराब कारोबारियों के विरूद्ध कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

# सीपीआई की नयी कमिटी का गठन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी की बीबीपुर शाखा का सम्मेलन टाल टोले बीबीपुर गांव में आयोजित की गई। सम्मेलन की अध्यक्षता कामरेड विजय राजवंशी एवं उद्घाटन हसपुरा अंचल मंत्री अधिवक्ता चंद्रशेखर सिंह ने किया। मौके पर चंद्रशेखर सिंह ने कार्यकर्ताओं से कहा कि आज देश गंभीर परिस्थिति से गुजर रहा है और भ्रष्टाचार की भेंट आम जनता चढ़ गया है। लोगों की समस्याओं को लेकर कल 3 मार्च को प्रखंड कार्यालय पर धरना व प्रदर्शन किया जायेगा। शाखा सम्मेलन में शामिल पूर्व मुखिया विजय राजवंशी, बिटेश्वर राजवंशी, लछु राजवंशी, जनेश्वर राजवंशी, शारदा पासवान,भीम राजवंशी, महानंद सिंह, जगदीश राजवंशी एवं शिव राजवंशी ने कहा कि केंद्र व बिहार की सरकार गरीबों, शोषितों, वंचितों, किसानों के शोषण में लगी है। सम्मेलन के अंत में पूर्व की कमिटी भंग कर नई कमिटी गठन किया गया। जिसमें बीबीपुर शाखा का शाखा मंत्री जनेश्वर राजवंशी और सहायक मंत्री शारदा पासवान को बनाया गया। इसके साथ ही उन्हें संगठन मजबूती के लिए सदस्यता नवीकरण व नया सदस्य बनाने की जिम्मेदारी सौंपी गई।

# श्रीमद् भगवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ सह श्री हनुमत प्राण प्रतिष्ठा महामहोत्सव शुरू

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अंबा (औरंगाबाद)।** प्रखंड क्षेत्र के बिराज बिगहा गांव में शनिवार से शुरू हुए श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ सह श्री हनुमत प्राण प्रतिष्ठा महा महोत्सव को लेकर कलश यात्रा निकाली गई। इस दौरान सैकड़ो श्रद्धालु जयघोष करते हुए यज्ञशाला से धनिबार गांव होते हुए बिराज बिगहा बटाने नदी तट पर पहुंचे, जहां विद्वान पंडितों के देख-रेख में वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ गंगा पूजन और आरती के पश्चात जलभरी कर श्रद्धालु वापस यज्ञशाला पहुंचे। आयोजन समिति के अध्यक्ष दिनेश पांडेय ने बताया कि धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन 1 से 7 मार्च तक किया जाएगा। धार्मिक अनुष्ठान में प्रतिदिन संध्या छः बजे से रात्रि दस बजे तक श्री वेंकटेश्वर सेवाश्रम स्वामी सहजानंद सरस्वती कॉलोनी सीताकुंड मोक्ष



जलभरी करते श्रद्धालु

धाम गया जी (बिहार) के विद्वान धर्माचार्य श्री चक्रपाणि स्वामी जी महाराज और कथा वाचिका देवी शिखा चतुर्वेदी के द्वारा कथा वाचन तथा रात्रि दस बजे से कलाकारों के द्वारा रासलीला प्रस्तुति की जाएगी। अध्यक्ष ने शोभा यात्रा को सफल बनाने के लिए कोषाध्यक्ष मदन पांडेय, सचिव नवीन पांडेय, व्यवस्थापक बरनेश पांडेय, मीडिया प्रभारी विनीत पांडेय, सदस्य गुड्डू पांडेय, अरविंद पांडेय, अशोक पांडेय, चंदन पांडेय, कुणाल पांडेय, कुंदन, दीपक, मनीष, कुश पांडेय, आयुष, मोहित, आनंद, हिमांशु, पियूष, गौरव, ऋतिक, नंदन, मोनू, नितेश आदि ने यज्ञ समिति के सदस्यों के प्रति आभार जताया है।

# जलयात्रा में शामिल हुए सैकड़ों श्रद्धालु

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज प्रखण्ड के कौआ खाप में सतचंडी महायज्ञ के लिये धुमधाम से रथ, घोड़ा एवं गाजे-बाजे के साथ जलयात्रा निकाली गयी। यज्ञ मंडप से जलयात्रा शुरू हुई जो विभिन्न गांवों से होते हुए भदवा, आशा विगहा होकर कजपा दोमुहान में जलभरी कर मंडप प्रवेश कराया गया। जलभरी में सैकड़ों की संख्या में महिला पुरुष श्रद्धालुओं की उपस्थिति से माहौल भक्तिमय हो गया। सरपंच प्रखण्ड अध्यक्ष सह यज्ञ समिति के अध्यक्ष सुजीत कुमार सिंह, सचिव राहुल कुमार सिंह, प्रमुख प्रतिनिधि अमित कुमार सिंह उर्फ छोटे सिंह, राजगीर यादव, नन्दू शर्मा, कन्हाई यादव, अजय यादव एवं श्याम सुंदर यादव ने बताया कि देवी मंदिर में मां भगवती की प्राण प्रतिष्ठा हेतु सतचंडी महायज्ञ का शुभारंभ आज जलभरी के साथ किया गया है। यह यज्ञ स्वामी मधुसूदनाचर्य के तत्वाधान में किया जा रहा है। प्रतिदिन वृदावन के कथावाचक का प्रवचन एवं रात्री में रामलीला का आयोजन किया गया है। जलयात्रा में अजय यादव, श्यामसुंदर यादव, धीरेंद्र चंद्रवंशी, विक्की चौहान, बलिंदर रजक, राजू पासवान, रणधीर, मुकेश यादव, कृष्ण यादव सहित अन्य ग्रामीण शामिल रहे।

# भाजपा में कार्यकर्ताओं को मिलता है सम्मान : मंत्री

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**दरभंगा।** लहेरियासराय स्थित प्रेक्षागृह में एनडीए परिवार की ओर से बिहार सरकार के नवनियुक्त राजस्व व भूमि सुधार मंत्री संजय सरावगी एवं नगर विकास व आवास मंत्री जीवेश कुमार का भव्य नागरिक अभिनंदन व स्वागत किया गया। बिहार सरकार जे दोनो मंत्री क़ो हजारों भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने फूल-मालाओं, ढोल-नगाड़ों और जयकारों के साथ उनका अभिनंदन किया। मंत्री संजय सरावगी और जीवेश मिश्रा के स्वागत के लिए कार्यकर्ताओं ने दरभंगा के विभिन्न प्रमुख चौक-चौराहों तक भव्य तैयारियां की थीं। जैसे ही दोनों नेता शहर में पहुंचे, समर्थकों ने उन्हें फूल-मालाओं से लाद दिया और जमकर नारेबाजी की। इस दौरान आतिशबाजी भी की गई, जिससे माहौल पूरी तरह से उत्सवी नजर आया। कार्यकर्ताओं ने बिठौली चौक, शिवधारा, बाजार समिति, आजमनगर, कादिराबाद, बेला मोड़, आयकर चौक, स्टेशन चौक, दोनार चौक, अललपट्टी चौक, बेता चौक एवं लहेरियासराय टावर चौक पर कार्यकर्ताओं ने दोनों का भव्य स्वागत किया। नागरिक अभिनंदन समारोह को संबोधित करते बिहार सरकार के राजस्व व भूमि सुधार मंत्री संजय सरावगी ने कहा कि यह सम्मान केवल मेरा नहीं, बल्कि भाजपा के हर कार्यकर्ता का है, जिन्होंने कड़ी मेहनत से पार्टी को मजबूत किया है। नगर विकास व आवास मंत्री जीवेश कुमार ने कहा कि मंत्री बनने के बाद आज पहली बार दरभंगा आगमन पर जिस प्रकार से हजारों कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया इसके लिए मैं सभी कार्यकर्ताओं, जिला भाजपा एवं एनडीए परिवार के लोगों के प्रति आभार व्यक्त करता हूं। मधुबनी के सांसद डॉ अशोक यादव ने कहा कि भाजपा में एक सामान्य कार्यकर्ता मंत्री तक का सफर तय कर सकता है। कार्यक्रम को समाज कल्याण मंत्री मदन सहनी एवं पिछड़ा एवं अति पिछड़ा कल्याण मंत्री हरि सहनी ने भी संबोधित किया। केवटी के विधायक डॉ मुरारी मोहन झा, हायाघाट के विधायक डॉ रामचंद्र प्रसाद, बेनीपुर के विधायक विनय कुमार चौधरी ,अलीनगर के विधायक लाल यादव, पूर्व विधायक अमरनाथ गामी, पूर्व विधान पार्षद, डॉ अर्जुन सहनी, पूर्व विधान पार्षद डॉ दिलीप चौधरी, महापौर अंजुम आरा, उप महापौर नाजिया हसन, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रोफ़ेसर आदित्य नारायण चौधरी मन्ना सहित हजारों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# हाईटेंशन तार की चपेट में आने से दो की गई जान, चार गंभीर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**सुपौल।** जिले के पिपरा थाना क्षेत्र अंतर्गत जरौली बलहा गांव में शुक्रवार को देर शाम दर्दनाक हादसा हुआ। जहां हाईटेंशन तार की चपेट में आने से दो मजदूरों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चार अन्य गंभीर रूप से झुलस गए। घायलों का इलाज निजी अस्पताल में जारी है। मृतकों की पहचान रतौली पंचायत के जरौली वार्ड 16 निवासी बिंदेश्वरी यादव के पुत्र सुशील कुमार (25) और वार्ड 14 निवासी बोकु यादव के पुत्र श्रीलाल कुमार (26) के रूप में हुई है। हादसे के बाद पूरे गांव में मातम छा गया है। इधर, हादसे के बाद संवेदक कंपनी वीटीएल की कार्यशैली पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। बिजली विभाग की एक टीम हादसे से जुड़े पहलुओं की जांच में जुट गई है। बताया जा रहा है कि इलाके में एग्रीकल्चर फीडर के हाईटेंशन तारों की रीकंडक्टिंग का कार्य चल रहा था। इसके लिए बिजली विभाग के संवेदक ने 11 केवीए तारों के ऊंचीकरण के लिए शटडाउन लिया था। मजदूरों ने नए तार लगाने का काम पूरा कर लिया था, जिसके बाद शटडाउन वापस ले लिया गया। हालांकि, नए हाईटेंशन तार को पुराने तार से जोड़ा नहीं गया था। लेकिन जैसे ही बिजली आपूर्ति शुरू हुई, पुराने हाईटेंशन तार नए तार के संपर्क में आ गए। इससे वहां काम कर रहे पांच मजदूर करंट की चपेट में आ गए। मौके पर ही दो मजदूरों की मौत हो गई, जबकि तीन झुलस गए। एक साथ दो युवकों की मौत से गांव में शोक का माहौल है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से पीड़ित परिवारों को मुआवजा देने की मांग की है।

## संक्षिप्त समाचार

### जनता दरबार में मामला निष्पादित

**बीहट/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बरौनी थाना में अंचलाधिकारी के नेतृत्व में राजस्व अधिकारी नितिन कुमार ने जनता दरबार लगाया। बताया कि एक मामले को सही कागजात पेपर को देखते हुए निष्पादित किया गया। तीन नए आवेदन प्राप्त हुए है। इस अवसर पर बरौनी अपर थाना अध्यक्ष पप्पू कुमार, राजस्व कर्मचारी सुधीर कुमार, चंद्रकांत कुमार, आलोक कुमार, आलमगीर, साक्षी, राकेश कुमार, मनोज कुमार आदि उपस्थित थे।

### शराब के साथ युवक गिरफ्तार

**बरौनी ग्रामीण//नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रात्रि गश्ती के दौरान बरौनी थाना पुलिस ने फ्रूटी शराब के साथ एक युवक को गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दिया। थाना अध्यक्ष सह पुलिस निरीक्षक आरके ठाकुर ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर असुरारी निवासी अजीत कुमार को 180 एम का 39 पीस फ्रूटी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार युवक को जेल भेज दिया गया है।

### खाद दुकान का निरीक्षण

**नावकोठी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड के पहसारा पूर्वी पंचायत के गम्हरिया में संजय खाद दुकान का निरीक्षण पदाधिकारी द्वय ने किया। निरीक्षण के क्रम में प्रतिष्ठान के भंडार पंजी, वितरण पंजी, ई पॉश मशीन आदि का मुआयना किया। पंचायत समिति की बैठक में उर्वरक विक्रेताओं के द्वारा किसानों को उर्वरक मिलने में कठिनाई, मनमाना कीमत वसूलने की शिकायत सदस्यों ने सदन में उठाया था। इस कड़ी में ही निरीक्षण किया गया। उन्होंने कहा कि उर्वरक विक्रेता अनावश्यक रूप से किसानों को परेशान नहीं करे अन्यथा उनके विरूद्ध विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी। मौके पर बीडीओ चिरंजीव पांडेय, सीओ सूरज कुमार, थानाध्यक्ष दिनेश कुमार, एस आई उमाशंकर झा आदि मौजूद थे।

### सड़क के जर्जर होने से लोग परेशान

**बरौनी ग्रामीण//नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बरौनी प्रखंड क्षेत्र के नगर परिषद बीहट वार्ड नंबर एक मालती अवध तिरहुत रोड से राजवाड़ा जाने वाली करीब तीन किलोमीटर ग्रामीण सड़क अति जर्जर है। इस सड़क के संबंध में ग्रामीण वार्ड पार्षद राजाराम पासवान, दीपक कुमार, पूर्व मुखिया प्रतिनिधि संजीव कुमार सिंह, कांग्रेस नेता ओमप्रकाश सिंह, भाजपा के विवेक कुमार, मनोज कुमार, नवल सिंह, प्रमोद कुमार, राजीव कुमार, सहित दर्जनों लोगों ने बताया की यह एक महत्वपूर्ण ग्रामीण मार्ग है जो राजवाड़ा उच्च विद्यालय, मध्य विद्यालय, बरौनी रेलवे स्टेशन, एपीएसएम कलेज, आरकेसी हाई स्कूल, रेलवे कलोनी को जोड़ता है। वहीं पिपरा देवस, असुरारी, बाबा स्थान,पकठौल आदि दर्शनो गांव के छात्र-छात्राओं के लिए आवागमन का मुख्य मार्ग है। स्थिति यह है कि सड़क जर्जर होने से आम लोगों के आवागमन में काफी कठिनाई होने के साथ-साथ वाहनों के आवागमन में भी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ऐसी स्थिति लोगों ने संबंधित विभाग के पदाधिकारीयों से शीघ्र सड़क मरम्मत करवाने की मांग की है।

# 210 उपभोक्ताओं का काटा बिजली कनेक्शन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मंसूरचक।** मंसूरचक प्रखंड क्षेत्र में इन दिनों मार्च क्लोजिंग अभियान चलाकर बड़े बकायेदारों का कनेक्शन काट रही है। विद्युत विभाग के द्वारा अभी तक कुल 210 उपभोक्ताओं के कनेक्शन को काटा गया है। विभाग ने उपभोक्ताओं से कहा बकाया बिजली बिल शीघ्र जमा नहीं करेंगे तो उनके विधुत कनेक्शन काट दिए जाएंगे। विधुत कनीय अभियंता हर्ष कुमार मोर्य ने कहा कि माह मार्च 2025 में मंसूरचक प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों में बिजली विभाग का राजस्व संग्रह्ला हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिन उपभोक्ताओं पर 1000 से उपर बकाया बिल है उनका बिजली बिल नहीं जमा करने पर उनका कनेक्शन काट दिया जाएगा। कनेक्शन काटने के उपरांत बिना पैसा जमा किए एवं आरसी कटवाएं कनेक्शन जोड़ा पाया गया तो उनपर विधुत विभाग के तरफ से विभागीय कार्रवाई की जाएगी।मौके पर अमर कुमार, परवींद कुमार, विकास कुमार, मजहर, अरविन्द कुमार, आलोक कुमार, संतोष मिश्रा, गोलू कुमार, गणेश कुमार सहित अन्य कर्मी मौजूद थे।

# विशिष्ट शिक्षकों को मिला नियुक्ति पत्र

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**बेगूसराय।** सदर प्रखंड का कनकौल स्थित आर्ट गेलेरी में जिले के शिक्षकों को राज्यकर्मी के रूप में नियुक्ति पत्र प्रदान दिया गया। इस अवसर पर जिले में 2319 विशिष्ट शिक्षकों को एवं करीब 500 से अधिक शिक्षकों को जिले के प्रेक्षागृह सह आर्ट गैलरी कंकौल में प्रमाण पत्र दिया गया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कर-कमलों द्वारा सक्षमता उत्तीर्ण शिक्षकों को राज्यकर्मी शिक्षक का नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन पटना में किया गया। शनिवार को शिक्षकों के लिए ऐतिहासिक अवसर था। जब उन्हें इस मौके पर शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान को मान्यता दी गई। जिसमे रंजना कुमारी, विज्ञान विषय शिक्षिका, महात्मा गांधी उच्च विद्यालय बीहट व अन्य को प्रमाण पत्र दिया गया। इस अवसर पर दरभंगा स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के एमएलसी सर्वेश कुमार, उप विकास आयुक्त सोमेश बहादुर माथुर, जिला परिषद के अध्यक्ष सुरेंद्र पासवान, जिला शिक्षा पदाधिकारी राजदेव राम, डीपीओ शिक्षा (स्थापना) खुशबू, डीपीओ रविंद्र कुमार, और डीपीओ शिक्षा (एमडीएम) चंदन कुमार के साथ-साथ जिला शिक्षा विभाग के प्रमुख अधिकारी उपस्थित थे। साथ ही इस अवसर पर गणमान्य व्यक्ति और शिक्षक की उपस्थित मौजूद रहे। इस सम्मान को पाकर शिक्षकों में विशेष खुशी और गर्व का माहौल था। शिक्षकों का कहना है कि वे इस सम्मान का पूरा आदर करते हुए अपनी जिम्मेदारियों का पालन करेंगे। छात्रों के उज्जवल भविष्य के निर्माण में अपना योगदान देते रहेंगे। यह कार्यक्रम न केवल शिक्षा क्षेत्र में महत्वपूर्ण है। बल्कि यह सभी शिक्षकों को उनके कठिन परिश्रम और समर्पण के लिए एक प्रेरणा भी है।कार्यक्रम का शुरुआत दीप प्रज्वलन कर किया गया।कार्यक्रम का संचालन प्रधानाध्यापक शशि भूषण ने किया।स्वागत डीईओ राजदेव राम ने किया।

## पृष्ठ 1 का शेष

### बिहार में गेहूं की खरीद...

की हेल्पलाइन 18001800110 पर निशुल्क सपर्क कर सकते है। पंजीकरण की प्रक्रिया बिलकुल सरल बनाई गई है। गेहूं की खरीद एवं समर्थन मूल्य का भुगतान बिना किसी कटौती के सीधे किसानों के बैंक खाते में ऑनलाइन 48 घंटे की अवधि में की जाएगी। बिहार में लगभग 25 लाख हेक्टेयर क्षेत्रफल में गेहूं की बुवाई की जाती है तथा इस वर्ष राज्य में लगभग 84 लाख टन गेहूँ उत्पादन होने का अनुमान है। गेहूं की उत्पादकता को देखते हुए अधिक उत्पादन करने वाले जिलों जैसे रोहतास, मुजफ्फरपुर, पूर्वी चंपारण, बक्सर, भोजपुर, सिवान, गया, सारण, नालंदा, समस्तीपुर, सीतामढ़ी, सासाराम, गोपालगंज, औरंगाबाद, बेगुसराय, पटना, दरभंगा आदि जिलों में अधिक केंद्र स्थापित किए गए हैं। इस अवसर पर भारतीय खाद्य निगम के अधिकारी विनय कमार, सुशील कुमार, कैलाश चंद, कुमार अभिषेक, सुनील कुमार आदि उपस्थित थे।

### शिक्षा के क्षेत्र में बेहतरी ...

संख्या 5 लाख 80 हजार 951 हो गई है। हालांकि उन्होंने तारीख को लेकर फ़िलहाल कोई खुलासा नहीं किया। लेकिन टीआरई 3 और हेड मास्टर के लिए नियुक्ति पत्र जल्द जारी होने की बात कही। इस मौके पर उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी एवं विजय कुमार सिन्हा, मंत्री विजेन्द्र प्रसाद यादव समेत अन्य मंत्री और अधिकारी मौजूद थे।

### बिहार के शैक्षणिक विकास...

अतिथि के रूप में बिहार विधान परिषद् के सदस्य डॉ. संजीव कुमार सिंह उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के समुचित विकास के लिए पर्याप्त वित्तीय संसाधनों की आवश्यकता है और तकनीकी शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए फंड की उपलब्धता अनिवार्य है। टिकारी के विधायक अनिल कुमार, जो स्वयं मगध विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र रह चुके हैं, ने कहा कि वह इस विश्वविद्यालय की मिट्टी से भली-भांति परिचित हैं और इसे इसके गौरवशाली अतीत की ओर लौटते देखना चाहते हैं। समारोह के दौरान देवी अहिल्याबाई होल्कर जयंती पर आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। विश्वविद्यालय के मासिक न्यूज़लेटर एवं देवी अहिल्याबाई होल्कर स्मारिका का भी विमोचन किया गया। समारोह के अंत में कुलसचिव डॉ. विपिन कुमार ने सभी अतिथियों, विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

### मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन...

है। ओवरहेड विद्युतीकरण का कार्य भी गुजरात में प्रारंभ हो चुका है। महाराष्ट्र में बीकेसी और शिलफाटा के बीच 21 किलोमीटर लंबी सुरंग का निर्माण कार्य प्रगति पर है। महाराष्ट्र के पालघर जिले में सात पर्वतीय सुरंगों का निर्माण एनएटीएम तकनीक की मदद से किया जा रहा है। गुजरात के आठ में से छह स्टेशनों का ढांचागत कार्य पूरा हो चुका है। महाराष्ट्र में तीनों एलिवेटेड स्टेशनों पर कार्य शुरू हो गया है, जबकि मुंबई बुलेट ट्रेन स्टेशन पर बेस स्लैब की ढलाई की जा रही है। मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन परियोजना के तहत बुनियादी ढांचे के निर्माण में उल्लेखनीय प्रगति देखी जा रही है। हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर के महत्वपूर्ण हिस्सों में कार्य लगभग पूरा हो चुका है, जिससे यह संकेत मिलता है कि यह महत्वाकांक्षी परियोजना अपने निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप आगे बढ़ रही है। परियोजना के पूर्ण होने पर देश को पहली बुलेट ट्रेन सेवा मिलेगी, जिससे यात्रा समय में भारी कमी आएगी और देश के आर्थिक विकास को गति मिलेगी।

### 74 साल के हुए सीएम...

की प्रगति में उन्होंने बहुत महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक्स पोस्ट पर लिखा कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी को जन्मदिन की हार्दिक बधाई! माता जानकी से आपके समृद्ध, सुदीर्घ एवं आरोग्यमय जीवन की प्रार्थना है। वहीं, केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने एक्स पर लिखा है कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को जन्मदिन की हार्दिक बधाई! ईश्वर से आपके उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु और मंगलमय जीवन की कामना करता हूं। बिहार सरकार में उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने एक्स पर लिखा कि बिहार को कुशासन से सुशासन की ओर ले जाने वाले यशस्वी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी, आपको जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं अनंत शुभकामनाएं। ईश्वर से आपके स्वस्थ, खुशहाल और दीर्घायु जीवन की कामना है। वहीं, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने भी एक्स पर लिखा कि अंधेरे की गर्त से निकालकर बिहार को अंजोर की ओर ले जाने वाले, बिहार के विकासपुरुष, सुशासन बाबू, जन-जन के प्रिय, लोकप्रिय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को जन्मदिन की हार्दिक बधाई और अशेष शुभकामनाएं। प्रभु से आपके स्वस्थ एवं सुदीर्घ जीवन की कामना करते हैं। आपके नेतृत्व में बिहार विकास के नव आयाम स्थापित करता रहे। जबकि भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने एक्स पर लिखा है कि बिहार के लोकप्रिय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। ईश्वर से आपके उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु जीवन की कामना है।

# लेंट्स इंसपायर बिहार का पटना में होगा सम्मेलन : विकास वैभव

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**बेगूसराय।** शहर के लोहिया नगर स्थित सर्किट हाउस में लेंट्स इंसपायर के संस्थापक आईपीएस विकास वैभव ने प्रेस वार्ता आयोजित की। इस क्रम में श्री वैभव ने कहा कि 22 मार्च को पटना के बापू सभागार में विकसित बिहार संकल्प सभा का आयोजन किया जा रहा है जिसमें बिहार के सभी जिलों से लेट्स इंसपायर से जुड़े सदस्य भाग लेंगे। बेगूसराय अध्याय की कोर टीम के सदस्यों के साथ बिहार के आईपीएस विकास वैभव ने अभियान को हर ग्राम-नगर के जन-जन तक पहुंचाने तथा शिक्षा एवं उद्यमिता के निमित्त चल रहे प्रयासों को और सशक्त करने पर व्यापक विचार-विमर्श किया। 22 मार्च को पटना के बापू सभागार में अभियान के चतुर्थ वार्षिकोत्सव पर निर्धारित 'विकसित बिहार संकल्प सभा' में बेगूसराय जिले से भी बड़ी संख्या में सहभागिता हेतु सभी ने संकल्प लिया। बैठक के बाद मीडिया से बात करते हुए विकास वैभव ने कहा कि यह अत्यंत सुखद है कि 2047 तक विकसित भारत में विकसित बिहार के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध लेट्स इंस्पायर बिहार अभियान आज उन सभी बिहारवासियों का अभियान बन चुका है। जो बिहार की ऐतिहासिक गरिमा को पुनर्स्थापित करना चाहते हैं। जो वर्तमान में हावी जाति-संप्रदाय के परस्पर संघर्षों से हटकर एक ऐसे विकसित बिहार का निर्माण चाहते हैं। जिसमें शिक्षा, रोजगार या स्वास्थ्य के लिए किसी को बाहर जाने की आवश्यकता नहीं हो । लाखों बिहारवासी आज अभियान के साथ जुड़े हैं। जिसमें से 1,70,000 की संख्या व्हात्सएप समूहों के माध्यम से सीधे रूप में जुड़ी है। अभियान के अंतर्गत महान वृक्ष के स्वरूप का बीजारोपण हो रहा है। प्रेसवार्ता मे मुख्य समन्वयक प्रभाकर कुमार राय, जिला समन्वयक ब्रजेश कुमार, चिकित्सा समन्वयक डाँ धीरज शांडिल्य, गार्गी चौप्टर के समन्वयक बिन्दु चौधरी, शिवप्रकाश भारद्वाज, प्रियम कुमार, नंदन कुमार, रंधीर भीमा सहित सभी प्रखंड एवं जिला के कोर ग्रुप के सदस्य उपस्थित थे।

# खेल मेला आयोजित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय।** शनिवार को बेगूसराय प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय इनियार में प्रोजेक्ट छलांग अंतर्गत खेल मेला का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम खेल मेला का विधिवत उद्घाटन विद्यालय के अध्यक्ष जयकेश कुमार बिट्टू, विधान परिषद प्रतिनिधि डा. राजेश कुमार, विद्यालय की प्रधानाध्यापिका उपासना कुमारी, रामशंकर सिंह व रामप्रवेश सिंह के द्वारा संयुक्त रूप से फिता काटकर किया गया। प्रोजेक्ट छलांग के प्रायोजक दानी स्पोर्ट्स फाउंडेशन, टेक्निकल पार्टनर पीरामल फाउंडेशन और आयोजक माया कौशल्या फाउंडेशन ने संयुक्त रूप से बेगूसराय प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय इनियार में खेल मेला का आयोजन किया। इस खेल मेला में वर्ग षष्ठम, सप्तम और अष्टम के बच्चों ने भाग लिया। सर्वप्रथम विद्यालय परिसर को खेल के आयोजन हेतु बच्चों के द्वारा सजाया गया और रंगोली भी बनाया गया। बच्चों ने पिठ्ठो फुटबाल, कलेक्ट योर ट्रेजर्स, डाग एंड बाल, मछली और जाल, चेयर मूविंग, कबड्डी, बैलून ब्लोइंग, डक रेस खेल को खेलने का काम किया। वहीं माया कौशल्या फाउंडेशन के कार्यकारीणी सदस्य रामशंकर सिंह ने कहा कि खेल शरीर को स्वस्थ रखने के साथ साथ रोजगार का भी अवसर प्रदान करता है। प्रोजेक्ट छलांग के प्रोग्राम मैनेजर राकेश, फिल्ड कार्डिनेटर मोअमीन उद्दीन व कमल कुमारी ने विद्यालय परिवार को खेल मेला में बेहतर सहयोग देने के लिए आभार व्यक्त किया। इस मौके पर माया कौशल्या फाउंडेशन के सचिव रौशन कुमार, उषा देवी, विद्यालय के शिक्षक लक्ष्मी, भानु प्रताप, राज इकबाल, आकांक्षी, मुन्ना खातून अन्य शिक्षक शिक्षिका मौजूद रहे।

# जनता दरबार का आयोजन

**वीरपुर(नबिटा संवाददाता)।** अंचल क्षेत्र के विभिन्न गांव से आए जमीन संबंधी विवादों के निपटारे के लिए पुर्व से निर्धारित कार्यक्रम के तहत शनिवार को वीरपुर थाना के प्रतिक्षालय भवन में जनता दरबार का आयोजन किया गया जिसकी जानकारी देते हुए वीरपुर अंचल के राजस्व कर्मचारी राधेश्याम कुमार ने बताया कि पुर्व का 13 व नया जीरो आवेदन सहित कुल 13 आवेदनों की सुनवाई की गई जिसमें से एक आवेदन को आपसी समझौता के आधार पर निष्पादित किया गया। शेष बचे हुए आवेदन के आलोक में दोनों पक्षों को नोटिस जारी कर अगली तिथि में बुलाया जाएगा।

# अधिवक्ता के निधन पर शोक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय कोर्ट।** जिला वकील संघ बेगूसराय के सदस्य एवं संघ के पूर्व अध्यक्ष अरविन्द कुमार सिन्हा के असामयिक निधन हो जाने पर आज जिला एवं सत्र न्यायाधीश के इजलास में शोक सभा का आयोजन किया गया। इसमें प्रभारी जिला जज सह अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वितीय चंचल कुमार तिवारी, प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय गीता गुप्ता, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कल्पना श्रीवास्तव, सबा आलम, ब्रजेश कुमार सिंह, शिव कुमार, अवर न्यायाधीश प्रथम अखिलेश कुमार, मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी कविता कुमारी, जिला वकील संघ के अध्यक्ष बैजनाथ सिंह, नवनिर्वाचित अध्यक्ष ध्रुव कुमार, महासचिव विजय कान्त झा, जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष संजीत कुमार, महासचिव अजय कुमार, लोक अभियोजक संतोष कुमार, गोपाल मिश्र, अशोक झा, प्रमोद मनवंश, राम प्रमोद सिंह, अखिलेश्वर प्रसाद सिंह, नवनिर्वाचित कोषाध्यक्ष अनिल कुमार, राजेश कुमार सिन्हा, मनमोहन कुमार, वीरेंद्र कुमार वर्मा सहित सैकड़ों अधिवक्ता शामिल थे। इसके पूर्व जिला वकील संघ के केंद्रीय कक्ष में अध्यक्ष बैजनाथ प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में शोक सभा का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ो अधिवक्ता शामिल हुए।

# प्रखंड के सभी स्कूलों में आपदा प्रबंधन कार्यक्रम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी।** मुख्यमंत्री विद्यालय सुरक्षा के तहत प्रखंड के सभी प्राइमरी और मिडिल स्कूल में आपदा प्रबंधन के तहत सुरक्षित शनिवार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान आगलगी से बचाव के लिए विभिन्न ऐहतियाती कदम उठाने के टिप्स दिए गये। मध्य विद्यालय समसा, उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय सैदपुर विष्णुपुर, उत्क्रमित मध्य विद्यालय बगरस विशनपुर, उत्क्रमित मध्य विद्यालय चक्का, उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय रजाकपुर, उत्क्रमित मध्य विद्यालय नीरपुर, प्राइमरी स्कूल विष्णुपुर सहित अन्य विद्यालय में फोकल शिक्षक ने अगलगी के कारण और उससे होने वाले जानमाल की क्षति को न्यूनीकरण करने के विभिन्न उपाय पर चर्चा की। अगलगी के कारण पर चर्चा करते हुए कहा पूजा पाठ के दौरान अगरबत्ती मोमबत्ती जला कर छोड़ देने, बिजली उपकरण, मोबाइल, लाइट आदि चार्ज में लगाकर छोड़ने,बीड़ी सिगरेट के टुकड़े को इधर-उधर फेंकने के कारण अगलगी की घटना होती है। खेत खलिहान में पराली, खर पतवार जलाने, घरों में चाइनीज या लोकल कंपनी के बिजली उपकरण लगाने से होने वाले शर्ट सर्किट की संभावना बनी रहती है। शादी विवाह के सीजन में बड़े पैमाने पर पटाखा फोड़ने के दौरान अगलगी की घटना घटित होती है। 101 नंबर पर तत्काल अग्निशमन विभाग के दमकल को सूचना देने. फूस के रसोई में मिट्टी या गोबर के लेप चढाने, बिजली के शार्ट सर्किट से लगी आग में पानी के स्थान पर मिट्टी बालू डालने का सुझाव दिया। बिजली के उपकरण तार स्विच होल्डर प्रमाणिक कंपनी से लगाने की सलाह दी। बीड़ी सिगरेट के टुकड़े को इधर-उधर नहीं फेंकने,गैस सिलेंडर के पाइप की जांच करने आदि की सलाह दी गयी। इस अवसर पर विद्यालय प्रधान संजीत कुमार महतो, रणधीर कुमार, शंभू महतो, मनटुन महतो, धर्मशील कुमार, अशोक शर्मा, प्रियरंजन कुमार आदि मौजूद थे।

# मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन परियोजना के लिए 'मेक इन इंडिया' स्टील ब्रिज तैयार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नयी दिल्ली।** मुंबई-अहमदाबाद हाई-स्पीड रेल (एमएएचएसआर) परियोजना के तहत 200 मीटर लंबा 'मेक इन इंडिया' स्टील ब्रिज तैयार किया गया है। यह ब्रिज गुजरात के नाडियाड के पास राष्ट्रीय राजमार्ग-48 पर लॉन्च किया जाएगा। 100-100 मीटर के दो स्पैन वाले इस पुल का पहला स्पैन मार्च 2025 में लॉन्च करने और अगस्त 2025 तक पूरा करने की योजना है। यह स्टील ब्रिज 14.3 मीटर चौड़ा और 14.6 मीटर ऊंचा है, जिसका कुल वजन लगभग 1500 मीट्रिक टन है। इसे उत्तर प्रदेश के हापुड़ के पास सालासर कार्यशाला में तैयार किया गया है। पुल के स्टील हिस्सों को जोड़ने के लिए टोर शियर टाइप हाई स्ट्रेंथ बोल्ट का उपयोग किया गया है, जिसे 100 वर्षों के जीवनकाल के लिए डिज़ाइन किया गया है। इसके अलावा, ब्रिज के हिस्सों को ए-5 सिस्टम पेंटिंग से पेंट किया गया है, जो इसे भारत में अपनी तरह का पहला पुल बनाता है। स्टील ब्रिज राजमार्गों, एक्सप्रेसवे और रेलवे लाइनों को पार करने के लिए सबसे उपयुक्त माने जाते हैं। वहीं, 40 से 45 मीटर तक फैले प्री-स्ट्रेस्ड कंक्रीट ब्रिज नदी पुलों सहित अधिकांश खंडों के लिए बेहतर होते हैं। भारत के पास भारी मालवाहक और अर्ध-उच्च गति वाली रेलगाड़ियों के लिए स्टील पुल बनाने की विशेषज्ञता है, जिनकी गति 100 से 160 किलोमीटर प्रति घंटे होती है। अब, इसी विशेषज्ञता का उपयोग 320 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से चलने वाली बुलेट ट्रेन के एमएएचएसआर कॉरिडोर में किया जाएगा। एमएएचएसआर परियोजना में कुल 28 स्टील ब्रिज बनाए जाने हैं, जिनमें से 11 महाराष्ट्र में और 17 गुजरात में होंगे। गुजरात में अब तक छह स्टील ब्रिज का निर्माण सफलतापूर्वक पूरा हो चुका है, जिनमें रेलवे, डीएफसीसी पटरियों, राजमार्गों और भिलोसा उद्योग पर बने पुल शामिल हैं। बुलेट ट्रेन परियोजना के तहत यह स्टील ब्रिज भारतीय इंजीनियरिंग और स्वदेशी निर्माण की एक बड़ी उपलब्धि है, जो देश में हाई-स्पीड रेल इंफ्रास्ट्रक्चर को नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए तैयार है।

# श्रीलक्षचण्डी महायज्ञ का सबसे प्रमुख आकर्षण यज्ञ कुंड : कृष्ण मोहन दास

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अलीनगर(दरभंगा)।** महाकुंभ के सफल समापन के बाद समस्त सनातनियों की निगाहें मिथिला की पावन भूमि में आयोजित हो रहे महायज्ञ पर है। 1 मार्च से 16 मार्च तक दरभंगा जिले के अलीनगर विधानसभा अंतर्गत लगमा आश्रम में श्री श्री 108 श्रीलक्षचण्डी महायज्ञ एवं अतिविष्णु यज्ञ 2025 का आयोजन किया गया है। 1 मार्च शनिवार को महायज्ञ का शुभारंभ हुआ और इस अवसर पर कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा के दौरान 1501 कन्याएं कलश शोभा यात्रा में पवित्र कमला नदी से जल लाकर यज्ञ स्थल तक पहुंची। इस दौरान निकले शोभायात्रा में हजारों की संख्या में श्रद्धालुगण उपस्थित हुए। यज्ञ के प्रमुख आयोजक श्री कृष्ण मोहन दास उर्फ बौआ भगवान ने जानकारी देते हुए कहा कि इस क्षेत्र में पहली बार इतने वृहत पैमाने पर महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। इस यज्ञ का सबसे प्रमुख आकर्षण यज्ञ कुंड हैं जिसमें देश भर के आचार्य पंडित और विद्वतजन उपस्थित होकर आहूति प्रदान करेंगे। शंकराचार्य, बागेश्वर धाम और अन्य कई प्रमुख साधु संत इसमें पधारने वाले हैं। भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष संजय सिंह पप्पू सिंह भी कलश यात्रा में उपस्थित रहे। इस अवसर पर संजय सिंह पप्पू सिंह ने कहा कि हम सभी के जीवन में इस तरह के महायज्ञ में सम्मिलित होने का अवसर मिला है ये सभी के लिए सौभाग्य की बात है। महायज्ञ को लेकर संपूर्ण क्षेत्र भक्ति मय बन गया है और हर कोई अपने स्तर से इस महायज्ञ में अपना योगदान देने के लिए तत्पर नजर आ रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### डीलर मीट में नवीनतम श्रृंखला से कराया गया परिचित

**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शहर के एक होटल में एयर कूलर कंपनी सिंफनी लिमिटेड द्वारा डीलर मीट का आयोजन किया गया. इस दौरान 15 नए माडलों की लांचिंग भी की गई. कार्यक्रम के दौरान जोनल हेड सुनील कुमार द्वारा अत्याधुनिक कूलिंग साल्यूशंस की नवीनतम श्रृंखला से परिचित कराया गया. साथ ही नए श्रेणी के गीजर को लांच करते हुए उसका डेमो भी प्रस्तुत किया गया. कार्यक्रम के दौरान पिछले साल बेहतर प्रदर्शन करने वाले टाप डीलरों को ट्राफी देकर सम्मानित भी किया गया. वहीं उपस्थित डीलरों ने नए उत्पादों और भविष्य की दृष्टि के प्रति अपना उत्साह व्यक्त किया. मौके पर रीजनल मैनेजर अभय कुमार सिंह, एरिया मैनेजर नंदन पांडेय, विपुल कुमार, ब्रांच सर्विस हेड सुनील कुमार सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित थे.



### चोरी करने गए चोर ने की दुकान मालिक के साथ मारपीट

**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** महादेवा थाना क्षेत्र के हॉस्पिटल रोड गौशाला के नजदीक एक मोबाइल फोन के दुकान में चोरी करने गए दो चोरों ने दुकानदार को मारपीट कर घायल कर दिया. घायल को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया. जो विकास कुमार यादव है. घटना के संबंध में घायल ने बताया कि दो दिन पहले दो चोर दुकान से दो स्मार्टफोन और गला में रखें पैसा निकाल लिए थे. जिसका करतूत सीसीटीवी कैमरा में कैद था. कार्रवाई के लिए स्थानीय थाना और जनप्रतिनिधि को फुटेज दिया गया था.किसी के माध्यम से दोनों चोर को इस बात की जानकारी लग गई थी. इसी कारण दुकान में घुसकर दोनों चोर ने मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया. दोनों की पहचान हो गई है. स्थानीय थाना में आवेदन दिया गया है.

### शॉर्ट सर्किट से लगी आग, हजारों की संपत्ति जली

**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** महादेवा थाना क्षेत्र के अस्पताल रोड स्थित गौशाला के सामने एक मार्केट में शॉर्ट सर्किट से शनिवार की सुबह आग लग गई. जिसमें हजारों की संपत्ति जलकर राख हो गई. बताया जाता है कि आग पहले बोर्ड में लगी फिर धीरे-धीरे वह फैलने लगा .इसके बाद वह आग का रूप ले लिया और रस्टोर में रखा हजारों की संपत्ति जलकर राख हो गई. तभी किसी ने इसकी सूचना स्थानीय थाना और अग्निशमन विभाग को दिया. जहां दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया. हालांकि पीड़ित मालिक द्वारा अभी जली हुई संपत्ति की आंकड़ा नहीं बताई जा रही है. इधर महादेवा थाना पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है.

### संदिग्ध स्थिति में युवक की मौत

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** ससुराल आए एक युवक की संदिग्ध स्थिति में मौत हो गई। मामला इनरवा थाना क्षेत्र के शाहपुर परसौनी गांव का है। मृतक की पहचान गोपालपुर के तुलसी महतो बताया जाता है। घटना की जानकारी मिलते ही इनरवा पुलिस मौके पर पहुंच डेड बॉडी को कब्जे में ले लिया। बताया जाता है कि तुलसी महतो अपने ससुराल शाहपुर परसौनी गांव आया था। जहां संदिग्ध स्थिति में उसकी मौत हो गई। थानाध्यक्ष जय कुमार ने बताया कि डेड बॉडी को पोस्टमार्टम में भेज पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।

### भारी मात्रा में शराब जब्त, तीन गिरफ्तार

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पुरुषोत्तमपुर पुलिस ने बॉर्डर से भारी मात्रा शराब के साथ तीन लोगों गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष संजीव कुमार ने बताया कि 60 लीटर चूलाई शराब 115 बोतल शराब एक बाइक के साथ भेडीहारी के मो छोटू और गौरीपुर के मो सहीम को गिरफ्तार किया गया है। वहीं पारसा के महेश बैठा को 4 बोतल शराब के साथ गिरफ्तार किया गया है। थाना देखना बताया कि एफआईआर दर्ज कर उक्त तीनों को जेल भेज दिया गया है।

### जनता दरबार में अंचलाधिकारी ने जमीनी विवाद का किया निपटारा

**सिसवन/सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड के सिसवन थाना परिसर में शनिवार को सिसवन अंचलाधिकारी पंकज कुमार ने जमीनी विवाद पर सुनवाई करते हुए आपसी सहमति के साथ जमीन से संबंधित दो विवादों का निपटारा किया ।इस दौरान सिसवन थाना अध्यक्ष राकेश कुमार सिंह भी मौजूद रहे।इस संबध में मिली जानकारी अनुसार प्रखंड क्षेत्र के कई जगहों से लोगों ने जमीन से संबंधित विवाद निपटारा करने को लेकर आवेदन दिया था। वही आवेदन के आधार पर दोनों पक्षों को नोटिस कर शनिवार को थाना परिसर में उपस्थित होने को लेकर कहा गया था जहां पर कागजातों के आधार पर आपसी सहमति बनाते हुए भूमि से जुड़े दो मामलों का निपटारा किया गया।



# अंबेडकर भवन में औपबंधिक नियुक्ति पत्र वितरण समारोह का आयोजन







**कार्यक्रम में 98 विशिष्ट शिक्षकों के बीच औपबंधिक नियुक्ति पत्र का किया गया वितरण**

**लगभग 2000 विशिष्ट शिक्षकों के बीच नियुक्ति पत्र का हुआ वितरण**

**सिवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शनिवार को आयोजन अंबेडकर भवन के संवाद कक्ष में गया।जिला स्तरीय नियुक्ति वितरण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमे जिले के विभिन्न स्तर के विद्यालयों के नियोजित कुल 98 विशिष्ट शिक्षकों के बीच औपबंधिक नियुक्ति पत्र का वितरण महाराजगंज सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल एवं जिला पदाधिकारी सिवान के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जिला स्तरीय पदाधिकारी गणों के साथ विशिष्ट शिक्षक गण उपस्थित रहें । कार्यक्रम का शुभारंभ महाराजगंज सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल एवं जिला पदाधिकारी सिवान ने दीप प्रज्वलित कर किया। उद्घाटन के पश्चात माननीय अतिथिगणों का पौधा देकर स्वागत किया गया। तत्पश्चात बिहार गान गाया गया। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियो व शिक्षको को संबोधित करते हुए श्री सिग्रीवाल ने सरकार के द्वारा राज्य में शैक्षणिक गतिविधियों के निरंतर सुधार एवं उत्तरोत्तर विकास के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने शिक्षकों को उनके उत्तरदायित्वों का बोध कराते हुए बताया कि राज्य एवं देश का भविष्य उनके ही हाथों में है। उन्होंने अनुरोध करते हुए कहा कि वे कर्तव्यों का निर्वहन पूरी निष्ठा के साथ करें। उन्होंने नियुक्ति पत्र के लिए सभी विशिष्ट शिक्षकों को बधाई एवं भविष्य के लिए मंगल कामना भी की। वही जिला पदाधिकारी सिवान ने अपने उद्बोधन में कहा कि राज्य में शैक्षणिक वातावरण में सकारात्मक माहौल बनाने हेतु राज्य सरकार दिन-रात कार्य कर रही है।जिला प्रशासन भी इस संबंध में कृत संकल्पित है। जिला में निरंतर विद्यालयों में आधारभूत संरचनाओं का निर्माण कार्य करवाया जा रहा है, ताकि पढ़ाई लिखाई हेतु सभी मूलभूत वस्तुओं की उपलब्धता सुनिश्चित करवाई जा सके। जिला का कोई भी बालक अथवा बालिका शिक्षा से वंचित न रह जाए इसके लिए निरंतर प्रयास किया जा रहा है। नियुक्ति पत्र प्राप्त करने वाले विशिष्ट शिक्षकों से पूरे कर्त्तव्य परायणता के साथ पठन-पाठन कार्य करवाने का भी जिला पदाधिकारी ने अनुरोध किया। उन्होंने बताया कि आज पूरे जिले में लगभग 2000 विशिष्ट शिक्षकों के बीच नियुक्ति पत्र का वितरण किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के अतिरिक्त अन्य शिक्षकों को प्रखंड स्तर पर आयोजित कार्यक्रम में नियुक्ति पत्र का वितरण किया जा रहा है। वही कार्यक्रम के संबंध में जिला शिक्षा पदाधिकारी ने बताया कि बिहार विद्यालय विशिष्ट शिक्षक नियमावली- 2023 के प्रावधानों के तहत सक्षमता परीक्षा-2 उत्तीर्ण एवं काउंसलिंग पूर्ण करने वाले स्थानीय निकाय के शिक्षकों में विशिष्ट शिक्षक के रूप में औपबंधिक नियुक्ति पत्र वितरित किया जा रहा है। उन्होंने प्रखंड स्तर पर विद्यालयों में पोस्टिंग के साथ नियुक्ति पत्र के वितरण किए जाने की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आज ही वे नियुक्ति पत्र प्राप्त कर अपने-अपने निर्दिष्ट विद्यालयों में योगदान कर लें। इसके अलावा जिले के सभी प्रखंडो में सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी ने प्रखंड मुख्यालय में पूर्व निर्धारित स्थल पर कार्यक्रम का आयोजन कर नियुक्ति पत्र का वितरण कार्य संपन्न किया।

## इलाज के दौरान सदर अस्पताल में कैदी की मौत

**पोस्टमार्टम करने के लिए भेजा गया पीएमसीएच पटना**

**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शुक्रवार की रात्रि तकरीबन 11:00 बजे सीवान मंडल कारा के एक बंदी की मौत हो गई.मृत बंदी बसंतपुर थाना क्षेत्र के सिपाह गांव निवासी अब्दुल गफार का 40 वर्षीय पुत्र मो.अक्षय था.घटना के संबंध में बताया जाता है कि बंदी मो.अक्षय शुक्रवार की सुबह सुबह स्नान करने के कुछ देर बाद उसकी तबियत अचानक खराब हो गई.जेल के डॉक्टरों द्वारा बंदी का प्राथमिक उपचार कर सदर अस्पताल रेफर कर दिया.जहां पूरे दिन उसकी सदर अस्पताल में ईलाज हुई.जिसके बाद जेल प्रसाशन उसे संध्या में पुनः जेल लेकर चली गई.जिदके बाद देर संध्या फिर बंदी मो. अक्षय की तबियत बिगड़ गई.जिसके बाद आनन फानन में जेल प्रसाशन ने उसे सदर अस्पताल में भर्ती कराया. जहां उसका ब्लड प्रेशर बढ़ा हुआ था.जहां इलाज के दौरान रात्रि 11:00 बजे के करीब उसकी मौत हो गई. बताया जाता है कि बंदी को जेल में सांस लेने की तकलीफ हुई तथा उसका बीपी भी अधिक हो गया.जेल के डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार करने के बाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया.इधर परिजनों ने जेल प्रशासन पर आरोप लगाया कि उन लोगों को तबियत खराब होने की सूचना नहीं दी गई और उनका सही समय पर इलाज नही कराया गया हैं. जिसके कारण उनकी मौत ही गई.बताया जाता है कि बसंतपुर थाने के सिपाह गांव में बीते 22 नवम्बर की 2024 की सुबह पुलिस टीम द्वारा नाबालिक लड़कियों को जबरन प्रताड़ित कर आर्केस्ट्रा में डांस कराने के आरोप में गिरफ्तारी किया गया था. .तब से मो.अक्षय सीवान मंडल कारा में बंद था.बंदी का पोस्टमार्टम कराने को लेकर जेल प्रशासन द्वारा मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में मृत्यु समीक्षा रिपोर्ट बनाई गई.जेल प्रशासन बंदी के शव का पोस्टमार्टम कराने के लिए शव को लेकर पीएमसीएच भेजा गया.

# धूमधाम से मना मुख्यमंत्री का जन्मदिन



**बगहा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। वाल्मीकिनगर के सांसद सुनील कुमार के नेतृत्व में जननायक कर्पूरी मंच के द्वारा मुख्यमंत्री के जन्मदिन पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान जदयू कार्यकर्ताओं ने केक काटकर मुख्यमंत्री के दीर्घायु होने की कामना की । कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बाल्मीकि नगर सांसद सुनील कुमार कुशवाहा ने कहा कि हर क्षेत्र में बिहार लगातार विकास कर रहा है। वही जदयू के विधायक धीरेंद्र प्रताप सिंह उर्फ रिंकू सिंह और विधान पार्षद भीष्म सहनी ने भी बिहार के विकास में नीतीश कुमार के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि आज उनके शासनकाल में चारों तरफ अमन चयन है एवं बिहार हर क्षेत्र में विकास की राह पर है। वही पार्टी के तमाम नेताओं और कार्यकर्ताओं ने जन्मदिन को अनोखे तरीके से सेलिब्रेट किया। चंपारण में अमन चौन बहाल करने में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के अहम योगदान को लेकर जन्मदिन पर लोगों ने उनके खुशहाली और समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम में रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया जिसमें जरूरतमंद लोगों के लिए नेताओं ने रक्तदान किया। इस अवसर पर जदयू के डा.एन. एन. शाही, प्रभात रंजन सिंह, राजेश राम, राकेश सिंह, दयाशंकर सिंह, वीरेंद्र कुशवाहा, पशुपति गुप्ता, जुगनू आलम, ओम प्रकाश शाही, निवेदिता मिश्रा, प्रेमशिला गुप्ता सहित सैकड़ो जदयू कार्यकर्ता मौजूद थे।

### नीतीश कुमार के 75वें जन्मदिन पर 75 पाउंड का केक काटा गया

**सारण/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सोनपुर में शनिवार को जनता दल यूनाइटेड (जदयू) कार्यालय, शिक्षक कॉलोनी के समीप पर्यटन केंद्र के प्रांगण में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के 75वें जन्मदिन को भव्य रूप से मनाया गया। इस अवसर पर 75 पाउंड का केक काटा गया, और हजारों की संख्या में कार्यकताओं व पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री के दीघार्यु होने की कामना की। कार्यक्रम की शुरूआत बाबा हरिहरनाथ मंदिर में मंत्रोच्चारण और 108 नदियों के जल व दूध से रुद्राभिषेक से हुई, जिसमें प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा, प्रदेश सचिव सह विधानसभा प्रभारी सोनपुर डॉ. आचार्य राहुल परमार समेत कई गणमान्य लोग शामिल हुए। महिलाओं की बड़ी भागीदारी, 75 हवन कुंड में महायज्ञ कर नीतीश कुमार को फिर मुख्यमंत्री बनाने की प्रार्थना कार्यक्रम स्थल पर सौंदर्यकांड पाठ और 75 हवन कुंड में हवन का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों महिला कार्यकर्ताओं और जीविका दीदियों ने मुख्यमंत्री के 2025 से 2030 तक फिर से मुख्यमंत्री बनने की प्रार्थना की। इस मौके पर पूर्व मंत्री चंद्रिका राय ने कहा कि नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार विकास की ओर अग्रसर है, और अगर उनके पुत्र निशांत कुमार राजनीति में आते हैं, तो उनका स्वागत है। जदयू जिला अध्यक्ष आफताब आलम ने इसे सोनपुर में ऐतिहासिक आयोजन बताया और राजद मुक्त विधानसभा बनाने का संकल्प दोहराया। पूर्व मंत्री गौतम सिंह, जदयू महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष कुसुम देवी, जिला महासचिव शंकर मालाकार सहित हजारों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



### बीज उठाव के लिए किसानों की होगी बायोमेट्रिक

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** किसानों को अब कृषि विभाग से बीज उठाव करने के लिए बायोमेट्रिक करना होगा तभी उन्हें बीज मिल सकेगा। इसको लेकर कृषि विभाग द्वारा निर्देश जारी किया गया है। अब जो भी किसान कृषि विभाग से बीज का उठाव करेंगे उन्हें स्वयं प्रखंड कृषि कार्यालय में उपस्थित होकर हाथ की अंगुलियों की बायोमेट्रिक करानी होगी। दरअसल इससे पहले किसानों को बीज उठाव को लेकर ऑनलाइन आवेदन के बाद डिमांड नंबर के साथ कृषि कार्यालय जाना होता था। और दुकानदार को अपना रजिस्ट्रेशन नम्बर व डिमांड नम्बर देकर बीज उठाव किया जाता था। हालांकि अब कृषि विभाग में इसमे बदलाव कर दिया है ताकि वास्तविक किसानों को ही सुविधा मिल सके। इससे बिचौलिओं पर रोक लगेगी और वास्तविक किसान को बीज एवं खाद उपलब्ध हो सकेगा। अनुमंडक कृषि पदाधिकारी अवनीश कुमार ने बताया कि कृषि विभाग द्वारा अब बीज एवं खाद के उठाव को लेकर किसानों को बायोमेट्रिक कराना होगा। जो भी किसान बीज का उठाव करना चाहते है वे पहले अपने किसान पंजीकरण के साथ ऑनलाइन आवेदन करेंगे।

### गन्ना लदे ट्रैक्टर की चपेट में आने से महिला की मौत

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बल्थर मुख्य मार्ग में भसुरारी पेट्रौल पंप के समीप गन्ना लदे ट्रैक्टर की चपेट में आने से एक महिला की मौत हो गई ।घटना शनिवार की शाम करीब 4 बजे की है। मृत महिला की पहचान साठी थाना क्षेत्र के गोपालपुर गाव निवासी सगीर मियां की पत्नी समशूल नेशा के रूप में हुई है। इस घटना में एक दुधमुहे बच्चे ,उसके पति व मां एनूल नेशा को मामूली चोटें आई हैं। घटना के संबंध में बताया जाता है कि मृत महिला अपने पति, मां व बच्चे के साथ नरकटियागंज इलाज को आई थी। बच्चे के इलाज के बाद वह एक बाइक पर सवार होकर अपने मायके हसनापुर जा रही थी।इसी दौरान भसुरारी पेट्रौल पंप के समीप तेज रफ्तार गन्ना लदे ट्रैक्टर ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि उसके पति ,मां व बच्चा दूर जा गिरे। किन्तु महिला ट्रैक्टर के पहियों के चपेट में आ गई। इससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। मृतिका के चार पुत्री एवं एक पुत्र है। बड़ी लड़की की उम्र करीब 10 वर्ष एवं पुत्र की उम्र आठ दिन बताया जा रहा है। वही घटना स्थल पर दुधमुहे बच्चे के सिर से मां का साया उठने को लेकर लोगो की आँखे नम हो गई। घटना के बाद भाग रहे ट्रैक्टर को लोगो ने खदेड़कर कटघरवा चौक पर पकड़ लिया। हालांकि ट्रेक्टर चालक फरार हो गया है।

# 2520 विशिष्ट शिक्षकों को दिया गया औपबंधिक नियुक्ति पत्र

**अतिथि बोले : शिक्षक अपने दायित्वों को समझे, बिहार टॉप पर होगा**

**छपरा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शिक्षक अपने दायित्व को समझे, निश्चित तौर पर बिहार देश में टॉप पर होगा. बिहार के शिक्षक पठन-पाठन में किसी स्तर से कमजोर नहीं है उनकी जिस स्तर पर परीक्षा ले गई उन्होंने साबित किया. अब शिक्षकों को कक्षाओं में साबित करना होगा कि वह अपने दायित्व को भूल नहीं हैं और शैक्षणिक क्षेत्र को बेहतर करने के लिए वह हर संभव प्रयास करेंगे. उक्त बातें मुख्य अतिथि सह विधान पार्षद डॉ वीरेंद्र नारायण यादव ने शहर के भिखारी ठाकुर प्रेक्षा गृह में आयोजित सक्षमता परीक्षा 2 उत्तीर्ण शिक्षकों के औपबंधिक नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में कहीं.

**क्या बोले आयुक्त और जिलाधिकारी**

इस अवसर पर प्रमंडलीय आयुक्त गोपाल मीणा ने शिक्षकों को बताया कि कैसे वे कक्षा में बच्चों के साथ बेहतर ताल मेल कर शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ावा दे सकते हैं. उन्होंने अपनी बचपन की यादों को ताजा करते हुए और अपनी गुरु की बताई कुछ बातों को याद करते हुए शिक्षकों से कहा कि यदि शिक्षक गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा देते हैं तो बच्चे भी उनको जिंदगी भर याद रखते हैं और उनके पढ़े हुए बच्चे शानदार पदों पर काबिज होते हैं एक अच्छे इंसान भी बनते हैं. जिलाधिकारी अमन समीर ने तो शिक्षकों को बेहतर पठन-पाठन के लिए कई टिप्स दिए और उनके कर्तव्य और दायित्वों को समझाते हुए कहा कि आज बिहार सरकार जिस तरह से शिक्षकों के उत्थान के लिए हर संभव प्रयास कर रही है ऐसे में शिक्षकों को चाहिए कि स्कूलों में जो भी सरकारी सुविधा और योजनाएं लागू की गई है उसे बच्चों तक पहुंचाएं और बेहतर शिक्षण दे. प्रयास करें कि केवल गरीबों के बच्चे ही स्कूलों में नहीं पढ़े हर वर्ग के बच्चे सरकारी स्कूलों में आए और अपना नामांकन कारण ताकि समानता का भाव और बेहतर माहौल कायम हो सके. इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि राकेश कुमार सिंह, डीपीओ समग्र शिक्षा अभियान प्रियंका रानी, विद्यासागर विद्यार्थी,अतिथियों का स्वागत जिला कार्यक्रम पदाधिकारी स्थापना धनंजय पासवान ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन जिला शिक्षा पदाधिकारी विद्यानंद ठाकुर ने किया. संचालन संजय भारद्वाज ने किया. जानकारी हो कि सारण के कुल 2520 शिक्षकों को नियुक्ति पत्र शनिवार को दिया गया है. इनमें 20 शिक्षकों को मुख्यमंत्री के हाथों, 100 शिक्षकों को भिखारी ठाकुर सभागार में और शेष शिक्षकों को प्रखंडों के बीआरसी पर दिया गया.

**नियुक्ति पत्र पाने के बाद खुश दिखे शिक्षक**

जैसे ही शिक्षकों के हाथ में औपबंधिक नियुक्ति पत्र मिला उनके चेहरे खिल उठे. उनकी खुशी का सबसे बड़ा कारण यह था कि अब वह नियोजित शिक्षक नहीं कहलायेंगे. शिक्षिका अलका कुमारी ने कहा की नियोजन का टैग अब हम लोगों से हट गया अब हम लोग विशिष्ट शिक्षक कहलाएंगे. शिक्षिका ममता कुमारी ने कहा कि जब कहीं अपना परिचय देना होता था तो नियोजित शिक्षक कहने में थोड़ी झिझक महसूस होती थी. इसी तरह शिक्षक विनोद माझी, रमेश प्रताप सिंह, पंकज कुमार चौहान, अर्चना कुमारी ,कामता प्रसाद, निरुपमा कुमारी, सुनीता कुमारी, मनोज कुमार, दीपमाला कुमारी, राजू कुमार, रानी कुमारी, नीतू कुमारी, बेबी कुमारी, कुमारी सुनीता गुप्ता, शिव शंभू नारायण, धनजीत कुमार, रेखा कुमारी, जितेंद्र कुमार, आशा कुमारी, अनूप कुमार मिश्रा, श्वेता कुमारी आदि ने नियुक्ति पत्र मिलने पर खुशी व्यक्त की.

### गलत जानकारी देकर ली नौकरी, सिपाही हरेन्द्र कुमार हुए बर्खास्त

**छपरा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सारण पुलिस बल में कार्यरत सिपाही टीसी/733 हरेन्द्र कुमार को गलत जानकारी समर्पित कर नियुक्ति पाने के आरोप में सेवा से बर्खास्त कर दिया गया। 24 मई 2021 को नियुक्ति के बाद उनके चरित्र सत्यापन में यह सामने आया कि उनके विरुद्ध हिलसा थाना कांड संख्या-140/16 दर्ज है और इस मामले में 31 मार्च 2017 को न्यायालय में आरोप पत्र समर्पित किया जा चुका है। बावजूद इसके, उन्होंने अपने दस्तावेजों में इसे छिपाया और गलत जानकारी देकर नियुक्ति प्राप्त की। पुलिस अधीक्षक, सारण द्वारा की गई जांच में सिपाही हरेन्द्र कुमार दोषी पाए गए, और 28 फरवरी 2025 से तत्काल प्रभाव से उनकी सेवा समाप्त कर दी गई। विभागीय कार्यवाही के दौरान उनका स्पष्टीकरण असंतोषजनक पाया गया, जिसके बाद यह सख्त निर्णय लिया गया।

# बैकुण्ठ शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय अमलोरी को मिला स्वायत्त कॉलेज का दर्जा, कॉलेज में खुशी की लहर

**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बैकुण्ठ शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय अमलोरी, सीवान को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार द्वारा स्वाायत संस्था के रूप में मान्यता मिल गई है। इस संबंध में महाविद्यालय के अध्यक्ष रमेन्द्र राय ने बताया कि महाविद्यालय भारतीय सभ्यता और संस्कृति के ज्ञान परंपरा पर आधारित होकर संचालित होता हे। उद्देश्यय है कि हमारी संस्था स्वायत संस्था के रूप में पूरे बिहार और देश में आदर्श संस्था के रूप में विकसित हो। इस संबंध में अध्यक्ष रमेन्द्र राय ने बताया कि स्वायत संस्था के रूप में निबंधित होने के बाद कॉलेज को स्वैच्छिक स्वतंत्रता मिलेगी। साथ ही कॉलेज अपना पाठ्यक्रम तैयार करेगा। पाठ्यक्रम में आवश्यकता अनुसार परिवर्तन भी कर सकेगा। साथ ही विभिन्न तरह के पाठ्यक्रम की पेशकश कर सकेगा। स्वायत कॉलेज अपने विद्याथीयी को गहराई से अध्ययन का अवसर प्रदान करेगा। इसके अलावे भी बैकुठ बी एड कॉलेज को अन्य कई तरह की सुविधाएं अतिरिक्त रूप से यू जी सी , बिहार सरकार और केंद सरकार द्वारा मिलेगी। दूसरी और महाविद्यालय को स्वायत्त मिलने पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 श्याम शंकर पांडेय ने महाविद्यालय के प्रबंधन पदाधिकरियों के सहयोग की प्रशंसा करते हुए सभी शिक्षको कर्मचारियों तथा प्रशिक्षुओ को शुभकामनायें प्रदान की । इस मौके पर महाविद्यालय के अध्यक्ष श्री रमेन्द्र राय, कोषाध्यक्ष अजीत कुमार सिंह, सचिव संतोष कुमार जी , एवं प्राचार्य विद्यालय के समस्त शिक्षको एंव कर्मचारियो के साथ साथ प्रशिक्षुओ को बधाई दी और कॉलेज को उंचाई तक ले आने में सभी के संयुक्त प्रयास की सराहाना की।



# 1774 विशिष्ट शिक्षकों को दिया गया औपबंधिक नियुक्ति पत्र

**बच्चों को दे अच्छी शिक्षा : जनक राम**



**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिले के 1 हजार 7 सौ 74 विशिष्ट शिक्षकों के नियुक्ति पत्र वितरण समारोह का आयोजन सम्पन्न हुआ। समाहरणालय में आयोजित कार्यक्रम में 121 विशिष्ट शिक्षकों को औपबंधिक नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया।शेष 1653 शिक्षकों को उनके प्रखंड अंतर्गत प्रखंड संसाधन केन्द्र पर औपबंधिक नियुक्ति पत्र का वितरण किया गया। मुख्य अतिथि सुबे के अनुसूचिज जाति जनजाति कल्याण मंत्री जनक राम दीप प्रज्जवलित कर नियुक्ति पत्र वितरण समारोह का विधिवत उद्घाटन किया गया।

समारोह की अध्यक्षता जिला पदाधिकारी दिनेश कुमार राय ने की। औपबंधिक नियुक्ति पत्र पाकर विशिष्ट शिक्षकों के चेहरे खुशी से खिल उठे। सभी ने बिहार सरकार और जिला प्रशासन को तहेदिल से धन्यवाद दिया और कहा कि वे निष्ठापूर्वक छात्र-छात्राओं को पढ़ाने का काम करेंगे। बच्चों के भविष्य को बेहतर करने के लिए वे हमेशा प्रयासरत रहेंगे। मंत्री श्री राम ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का जितना अभिनंदन किया जाय उतना कम होगा। एक और खुशी की बात यह है कि आज मुख्यमंत्री का जन्मदिन भी है। आज इस सभागार में शिक्षकों को नियुक्ति पत्र वितरण करना है, मैं इसका साक्षी बना हूं। प्रभारी मंत्री ने कहा कि आज मुख्यमंत्री के नेतृत्व में बेहतर राज्य बना है। हर क्षेत्र में विकास हो रहा है। चाहे वह शिक्षा का क्षेत्र हो, नौकरी का क्षेत्र हो, उद्योग का क्षेत्र हो, सड़क अथवा बिजली का क्षेत्र हो या फिर अन्य कोई भी क्षेत्र, सभी क्षेत्रों में तीव्र गति से विकास हो रहा है। जिला पदाधिकारी ने विशिष्ट शिक्षकों को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज यह अत्यधिक खुशी की बात है कि आपको नियुक्ति पत्र मिल रहा है, लेकिन यह खुशी और बेहतर तब होगी जब आप अपने आवंटित विद्यालय के बच्चों को अच्छी शिक्षा प्रदान करेंगे। उन्होंने विशिष्ट शिक्षकों से अनुरोध किया कि सभी शिक्षक अपने दायित्वों को समझेंगे, अपने अधिकार के साथ-साथ अपने कर्तव्यों को भी समझेंगे। इस अवसर पर विधायक, राम सिंह, उमाकांत सिंह, उपाध्यक्ष, 20 सूत्री, रूपक कुमार श्रीवास्तव, अपर समाहर्ता, विभागीय जांच, कुमार रविन्द्र, अपर समाहर्ता-सह-जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, अनिल कुमार सिन्हा, अनुमंडल पदाधिकारी, विनोद कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी, मनीष कुमार सिंह सहित शिक्षा विभाग के अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# एकमा में लालू प्रसाद यादव ने किया कार्यकर्ताओं को संबोधित

**पार्टी को मजबूत करने के लिए कार्यकर्ता पूरी ताकत से जुटेंः लालू प्रसाद यादव**



**एकमा (सारण)।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के सुप्रीमो व बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव शनिवार को सारण जिले के नगर पंचायत एकमा बाजार के वार्ड नंबर 13 में राजापुर पहुंचे। जहां एकमा विधानसभा क्षेत्र के राजद विधायक श्रीकांत यादव के नेतृत्व में विधायक व महागठबंधन नेताओं व कार्यकर्ताओं द्वारा लालू प्रसाद यादव का राजद का चुनाव चिन्ह "चांदी का लालटेन", पुष्प गुच्छ व फूल माला के साथ भव्य ऐतिहासिक स्वागत व अभिनंदन किया गया। इस दौरान गगन भेदी नारे भी लगाए गए। यहां उन्होंने एकमा के राजद विधायक श्रीकांत यादव के आवास परिसर में पार्टी कार्यकताओं को संबोधित किया। लालू प्रसाद यादव ने अपने संबोधन में पार्टी को मजबूत करने व आगामी विधानसभा चुनावों में राजद की स्थिति को सुदृढ़ करने पर जोर दिया। उन्होंने कार्यकताओं से कहा कि वे जनता के बीच जाकर पार्टी की नीतियों को प्रचारित करें और संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूती दें। इस दौरान लालू प्रसाद यादव ने केंद्र व राज्य सरकार की नीतियों पर भी निशाना साधा। उन्होंने महंगाई, बेरोजगारी व किसानों की समस्याओं को लेकर सरकार की आलोचना की और कहा कि राजद हमेशा गरीबों, पिछड़ों, शोषितों, पीड़ितों व वंचितों की आवाज उठाता रहेगा। कार्यक्रम में आगत अतिथियों का स्वागत विधायक श्रीकांत यादव व मंच का संचालन अनवर खान ने किया। इस अवसर पर एकमा विधायक श्रीकांत यादव, मांझी विधायक डॉ सत्येंद्र यादव, गड़खा विधायक व पूर्व मंत्री सुरेंद्र राम, रघुनाथपुर विधायक हरिशंकर यादव, परसा विधायक छोटेलाल राय, राजद नेता शक्ति सिंह यादव, राजद जिलाध्यक्ष सुनील राय, मांझी प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि राजेश प्रसाद, राजद नेता सुभाष प्रसाद यादव, अवधेश यादव, जितेन्द्र यादव, कन्हैया यादव, उमाकांत यादव, एकमा प्रखंड राजद अध्यक्ष वकील यादव, रवि कुमार महतो, राजेश यादव, मन्नान खान, अहमद अली, अशोक चौरसिया, हलचल माली, अशोक राय आदि बड़ी संख्या में राजद नेता कार्यकर्ता व स्थानीय लोग मौजूद रहे। कार्यकताओं ने अपने नेता का जोरदार स्वागत कर उनके विचारों का समर्थन किया।

# अंकुरण परियोजना से सुधरेगी स्कूली बच्चों की सेहत : डीएम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**औरंगाबाद।** जिला अंतर्गत प्रारंभिक विद्यालयों में अंकुरण परियोजना (विद्यालय पोषण वाटिका) के क्रियान्वयन एवं विस्तार हेतु जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में अंतर विभागीय अभिसरण बैठक का आयोजन समाहरणालय सभागार में आहूत किया गया। इस बैठक में जिला प्रशासन, शिक्षा, कृषि, स्वास्थ्य, मनरेगा, जीविका, कृषि विज्ञान केंद्र एवं अन्य विभाग के पदाधिकारीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी के द्वारा प्रखंडवार अंकुरण परियोजना की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी द्वारा विद्यालय पोषण वाटिका रख-रखाव एवं इसकी उपयोगिता के बारे में निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि अंकुरण परियोजना से स्कूली बच्चों की सेहत में सुधार होगा। जिला शिक्षा पदाधिकारी सुरेंद्र प्रसाद द्वारा बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारी के द्वारा आपसी समन्वय एवं सहयोग के बारे में चर्चा किया गया। जिला कार्यक्रम पदाधिकारी मध्याह्न भोजन योजना के द्वारा इस परियोजना के विभिन्न पहलुओं के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया तथा इस हेतु किए गए जा रहे प्रयासों के बारे में चर्चा किया गया।

## एडीजे बने विधि विभाग के संयुक्त सचिव



**औरंगाबाद (नबिटा ब्यूरो)।** पटना हाईकोर्ट के महानिबंधक की अनुशंसा पर एडीजे नीतीश कुमार को विधि विभाग के संयुक्त सचिव सह अपर विधि परामर्शी बनाया गया है। उनकी प्रतिनियुक्ति विधि विभाग में अगले आदेश तक की गई है। सामान्य प्रशासन विभाग ने इसकी अधिसूचना जारी किया है। एडीजे नीतीश कुमार वर्तमान में व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद में जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश सह अन्नय विशेष न्यायाधीश (उत्पाद न्यायालय) पद पर हैं।

# डीएम ने 'सुरक्षित स्थान' का किया निरीक्षण

## विधि विरुद्ध किशोरों को दी जा रही सुविधाओं को जिलाधिकारी ने बताया संतोषजनक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** विधि विरुद्ध किशोरों हेतु बभंडी में संचालित सुरक्षित स्थान का जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री एवं जिला निरीक्षण समिति के अन्य सदस्यों द्वारा निरीक्षण किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी द्वारा साफ-सफाई की स्थिति पर संतोष व्यक्त किया गया। सुरक्षित स्थान के अधीक्षक को निर्देश दिया गया कि फर्श का साफ-सफाई बेहतर ढंग से कराये। जिलाधिकारी द्वारा सभी बच्चों को अपने बारे में लिखने हेतु टास्क दिया गया। निरीक्षण के दौरान प्रत्येक वार्ड के बच्चों से पूछताछ भी की गई। गृह में आवासित बालकों को मुहैया कराये जा रहे भोजन एवं कपड़ा पर संतोष व्यक्त किया गया। इस दौरान मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, सहायक निदेशक, बाल संरक्षण एवं अरुण कुमार सिंह, सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित थे। समिति के अन्य सदस्यों द्वारा 'आरोहण' विशिष्ट दत्तक ग्रहण संस्थान का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उक्त संस्थान में चार बच्चे (विशेष आवश्यकता वाले तीन बच्चे सहित) आवासित थे। समन्वयक, ए.एन.एम, आया आदि सभी कर्मी मौजूद थे। उक्त मौके पर समिति के अन्य सदस्यों द्वारा संस्थान की साफ-सफाई पर संतोष व्यक्त किया गया एवं संस्थान में मौजूद कर्मियों को आवासित बच्चों का उचित तरीके से देख-भाल करने हेतु निर्देशित किया गया।

# स्वयं सहायता समूह केंद्रित कृषि प्रसार समाज के लिए महत्वपूर्ण कदम : उप महाप्रबंधक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**गोह (औरंगाबाद)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित गौतम बुद्ध नगर भवन में शनिवार को स्वयं सहायता समूह केंद्रित कृषि प्रसार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम जिला मंडल के तत्वाधान में किया गया। जहां प्रधान कार्यालय के उपमहाप्रबंधक एस एन गुप्ता, मंडल प्रमुख प्रवीण कुमार, पीएलपी प्रकाश श्रीवास्तव, दाउदनगर एसडीओ मनोज कुमार, जन सुराज के संभावित प्रत्याशी डॉ राम उदय कुमार, बीओ अजय कुमार सिंह, बीपीएम राज कपूर रमण सहित कई गणमान्य लोगों ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इसके बाद पौधा व अंगवस्त्र देकर अतिथियों को सम्मानित किया गया। स्वयं सहायता समूह की महिला नीलम कुमारी, अनिता कुमारी, रेणु कुमारी एवं प्रिती कुमारी ने स्वागत गीतों से अतिथियों का स्वागत किया। इस कार्यक्रम में उप महाप्रबंधक एस एन गुप्ता ने बताया कि स्वयं सहायता समूह केंद्रित कृषि प्रसार समाज के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। जो किसानों को सशक्त बनाने और कृषि उत्पादन में सुधार करने में मदद कर सकता है। स्वयं सहायता समूह किसानों को एक मंच प्रदान प्रदान करता है जहां वे अपने अनुभव को साझा कर सकते हैं। ज्ञान प्राप्त कर सकते हैं, और एक दूसरे को समर्थन कर सकते हैं। कृषि प्रसार का उद्देश्य- किसानों को नवीनतम कृषि तकनीकों और विधियों के बारे में जानकारी प्रदान करना है, जिससे वे अपने उत्पादन में सुधार कर सकें और अपनी आय में वृद्धि कर सकें। इसलिए जिला एवं प्रखंड स्तर पर इस तरह का आयोजन होना चाहिए। जिससे क्षेत्र के लोगों का जुड़ाव बढ़ सकें। वहीं कार्यक्रम नेतृत्व शाखा प्रबंधक मनीष कुमार के द्वारा किया गया। जबकि मंच का संचालन सहायक शाखा प्रबंधक पुष्पा कुमारी ने की। इस मौके पर प्रबंधक चंदन श्रीवास्तव, बीपीएम राज कपूर रमण, प्रबंधक प्रशांत कुमार पाण्डेय कृषि प्रबंधक अमिता कुमारी, प्रबंधक रवि भूषण, एसी धर्मेंद्र कुमार, सुपरवाइजर सुजीत कुमार, मोहम्मद अफजल हुसैन सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

# बैंकिंग योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर लाभान्वित हुए ग्राहक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** सदर प्रखंड के सेंट्रल बैंक जम्होर परिसर में सभी सरकारी कर्मी एवं आम ग्राहकों के साथ प्रबंधक रंजना कुमारी ने बैठक कर कई महत्वपूर्ण बातों की जानकारी दिया। प्रबंधक ने कहा कि जो भी सरकारी नौकरी करने वाले है, उन्हें बैंक की ओर से पर्सनल एक्सीडेंटल डेथ इंश्योरेंस का प्रावधान है जिसके तहत उन्हें फ्री चेक बुक, फ्री एटीएम एवं फ्री डिजिटल बैंकिंग सेवाएं सभी उपलब्ध कराई जाएगी, जो विशेष जानकारी प्राप्त करना चाह रहे है, वे बैंक से संपर्क करें। साथ ही प्रबंधक ने पीएफ खाता के बारे में विस्तारपूर्वक बताया और इससे जुड़ने को आहवान किया। उन्होंने सुकन्या योजना से जुड़ने की अपील की हैं। प्रबंधक ने कहा कि प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा सुरक्षा बीमा योजना अटल पेंशन योजना एक आकर्षक योजना है जिसे जुड़े और लाभ उठाए। उन्होंने गोल्ड स्कीम के बारे में विस्तारपूर्वक बताया और इससे जुड़ने की अपील की। साथ ही सभी ग्राहकों से कहा कि बैंक आपका मित्र है, आप मित्रवत व्यवहार करेंगे तो बैंक आपको ऋण देने मे नहीं हिचकेंगे। व्यवसायी को भी यह बैंक ऋण कम ब्याज पर देगी। आप ऋण लेकर अपने व्यवसाय को बढ़ाए। इस दौरान उन्होंने विभिन्न योजनाओं के बारे मे विस्तारपूर्वक जानकारी दी और पुराने बकायेदारों से बकाया ऋण शीघ्रताशीघ्र पूरा करने को आहवान किया। इस मौके पर शाखा सहायक उमेश पाल, प्रधान कैशियर नीरज कुमार, ग्राहक मंतोष कुमार, जितेंद्र कुमार, कामता प्रसाद, सुरेंद्र कुमार समेत कई लोग उपस्थित थे।

## सोलर स्ट्रीट लाइट का नहीं मिल रहा लाभ

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**ओबरा (औरंगाबाद)।** ओबरा प्रखंड मुख्यालय समेत विभिन्न क्षेत्रों के हर पंचायतों मे सोलर स्ट्रीट लाइट लग रही है। पंचायतों में जरूरी को देखते हुए लाइट लगाना है, ताकि आम लोगों की लाइट मिल सके, परंतु ऐसा नही हो रहा है। यह योजना तो पंचायत स्तर का है, परंतु पंचायत के मुखिया एवं वार्ड के अनदेखी कर बगैर सहमति के लाइट लगाया जा रहा है। प्रखंड के भरूब पंचायत के गोड़तारा एवं पोखठा में लगी लाइट से रौशनी रात्रि में ही चली जाती है जिसे लोगों को परेशानियां हो रही है। गोडतारा निवासी सिद्धेश्वर सिंह ने बताया कि सरकार के सोच के अनुसार लोगों को स्ट्रीट लाइट का लाभ नहीं मिल पा रही हैं। ग्रामीण राजू कुमार पाण्डेय, प्रेम कुमार, सत्येंद्र कुमार एवं नवलेश कुमार ने बताया कि लाइट लगाने के नाम पर केवल खानापूर्ति की जा रही है।

# सक्षमता परीक्षा उत्तीर्ण शिक्षकों को जिलाधिकारी ने दिया नियुक्ति पत्र



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित सक्षमता परीक्षा 2.0 में उत्तीर्ण नियोजित शिक्षकों का जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री द्वारा नियुक्ति पत्र वितरण समारोह जिला योजना भवन में किया गया। सक्षमता परीक्षा उत्तीर्ण करने के उपरांत नियोजित शिक्षक विशिष्ट शिक्षक के रूप में विद्यालय में योगदान करेंगे। जिलाधिकारी ने बताया कि नियुक्ति पत्र प्राप्त करने वाले विशिष्ट शिक्षक अपने मूल स्कूल में जल्द ही योगदान करेंगे। इस मौके पर जिला शिक्षा पदाधिकारी सुरेंद्र प्रसाद एवं डीपीओ शिक्षा दयाशंकर कुमार कुमार मौजूद रहे।

# अवैध हथियार रखने के आरोप में अभियुक्त को दो वर्ष सश्रम कारावास

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद के मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी माधवी सिंह ने बारून थाना कांड संख्या 206/19 से जुड़े मामले में सुनवाई करते हुए एकमात्र अभियुक्त को दोषी करार दिया और सजा सुनाई। जिला अभियोजन पदाधिकारी दीपक कुमार सिन्हा ने बताया कि अभियुक्त मोती कुमार, निवासी हबसपुर, बारून को आर्म्स एक्ट की धारा 25(1-बी)ए के तहत दो वर्ष सश्रम कारावास और दो हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई गई है। जुर्माने की राशि अदा न करने पर अभियुक्त को एक माह का साधारण कारावास भुगतना होगा। इसके अलावा, धारा 26 के तहत भी उसे समान सजा दी गई है। दोनों सजाएं साथ-साथ चलेंगी। मामले में अभियोजन पक्ष की ओर से कुल आठ गवाहों की गवाही दर्ज कराई गई थी। अभियुक्त के साथ बरामद अग्नेयास्त्र को भी न्यायालय में प्रस्तुत किया गया था। बता दें कि इस मामले में प्राथमिकी बारून थाना प्रभारी रंजय कुमार द्वारा 12 अगस्त 2019 को दर्ज कराई गई थी। प्राथमिकी के अनुसार, अभियुक्त मोती कुमार रिसियप थाना कांड संख्या 71/19 में भी आरोपित था। पुलिस जब उसे पकड़ने गई, तो वह भागने लगा। पुलिस ने उसे पकड़कर तलाशी ली, तो उसकी कमर से एक देशी कट्टा बरामद किया गया था।

# कलश यात्रा के साथ रुद्र चंडी महायज्ञ शुरू, जय श्रीराम के नारे से गूंजा शहर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** श्री रुद्र चंडी महायज्ञ व श्रीराम कथा को लेकर शनिवार को उत्साहपूर्ण माहौल में गाजे बाजे के साथ कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा शहर के दानी बिगहा बस स्टैंड के बगल में जगतपति नगर से शाहपुर के सूर्यमंदिर पहुंचा, जहां से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने जलभरी किया। इसमें शामिल श्रद्धालुओं ने जय श्रीराम का जयकारा लगाते भक्तिमय माहौल में पुनः यज्ञ मंडप पहुंचे। जहां वैदिक मंत्रोच्चार के कलश की स्थापना की गई। इसके बाद यज्ञ का शुभारंभ हुआ। महायज्ञ के संयोजक व संरक्षक रामप्रसाद सिंह ने बताया कि मां कामाख्या धर्मदा ट्रस्ट के तत्वावधान में आज कलश यात्रा का समापन हो गया है। प्रयागराज के अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त सद्गृहस्थ संत संकर्षण जी महाराज के नेतृत्व में आज से 11 मार्च तक वेदी पूजन समेत अन्य धार्मिक गतिविधियां संचालित रहेंगी। यह श्रीराम कथा भक्तों के लिए एक अद्भुत और आध्यात्मिक अनुभव की तरह होगी। यह कथा भगवान श्रीराम के जीवन और उनके आदर्शों तथा उनके महान कार्यों पर केंद्रित होगी। उन्होंने कहा कि प्रत्येक दिन शाम को रामकथा का आयोजन चलेगा। 2 से 10 मार्च तक कथा प्रवचन तथा 11 मार्च को पूर्णाहुति एवं दिव्या हवन के साथ भव्य भंडारा का आयोजन होगा। इस दौरान कथा प्रवचन प्रतिदिन दोपहर ढाई बजे से साढ़े पांच बजे तक होगा। इस धार्मिक अनुष्ठान से जिलेवासियों को जुड़ने की अपील की हैं। इस अवसर पर संगठन प्रभारी रमेश दुबे, जिला प्रभारी गौतम सिंह, स्वच्छता प्रभारी अमरेंद्र सिंह एवं आशुतोष द्विवेदी, धर्म प्रमुख रविरंजन कुमार, उपाध्यक्ष आशुतोष, कोषाध्यक्ष अनिल कुमार एवं सतीश कुमार शर्मा सहित सैकड़ो महिला पुरुष मौजूद रहे।

# ट्रक पर लदे 32 मवेशी जब्त चालक सहित दो पशु तस्कर गिरफ्तार

- क्रूरतापूर्वक ट्रक में रखे गये 23 बैल एवं 9 गायों को पुलिस ने कराया मुक्त
- सभी मवेशियों को देवकुंड गौशाला भेजा गया
- संबंधित कागजात नहीं दिखाने पर दोनों आरोपितों को भेजा न्यायिक हिरासत में

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** औरंगाबाद जिले के बारून थाना क्षेत्र अंतर्गत हबसपुर के समीप से पुलिस द्वारा एक ट्रक पर क्रूरतापूर्वक लादे गये 32 मवेशियों को बरामद किया गया। साथ ही ट्रक चालक व एक पशु तस्कर को गिरफ्तार किया गया है। जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष राम इकबाल यादव ने बताया कि ऐसी सूचना मिली थी कि एक ट्रक पर अवैध तरीके से मवेशी लादकर कहीं ले जाया जा रहा है। इसी आधार पर छापेमारी के तहत ट्रक पर क्रूरतापूर्वक 23 बैल एवं 9 गाय लदे पाये गये। इस दौरान ट्रक चालक गया जिले के गुरुआ थाना क्षेत्र के बेदपुरा निवासी शाहिद खान एवं पशु तस्कर की पहचान हबसपुर गांव निवासी मोती कुमार को पकड़ा गया है। जब इनसे संबंधित कागजात की मांग की गयी, तो कोई भी कागजात प्रस्तुत नहीं किया गया। ऐसे में दोनों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। साथ ही सभी मवेशियों को जब्त कर देवकुंड गौशाला भेज दिया गया।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**

नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# किसानों को समृद्ध एवं सशक्त बनाने के लिए केंद्र सरकार कृत संकल्पित



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** किसानों को आर्थिक उन्नति के लिए पीएनबी आरसेटी में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें जिले के विभिन्न प्रखंडों से करीब 40 किसान पहुंचे जिन्हें 'पीएम धन धान्य कृषि योजना' की जानकारी दी गयी। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से ''कृषि एवं ग्रामीण समृद्धि'' पर बजट पश्चात वेबिनार को संबोधित किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि इस वर्ष का बजट हमारी सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला पूर्ण बजट था। यह हमारी नीतियों में निरंतरता को दर्शाता है। इसके साथ ही, विकसित भारत के विजन को एक नया विस्तार भी दिखता है। बजट से पहले आप सभी हितधारकों द्वारा दिए गए इनपुट और सुझाव, बजट तैयार करते समय बहुत उपयोगी रहे। अब इस बजट को और अधिक प्रभावी तरीके से लागू करने में, इसके परिणाम जल्द से जल्द प्राप्त करने में और सभी नीतियों को प्रभावी बनाने में आपकी भूमिका और बढ़ गई है।'' अग्रणी जिला प्रबंधक आनंद वर्धन ने कहा कि भविष्य में किसानों को अन्य कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिलता रहे इसको लेकर आरसेटी के माध्यम से जरूरी जानकारी दी जाएंगी। इस दौरान आईसीटी निदेशक राजकुमार सिंह, वरीय संकाय रामानंदन कुमार, दीपक कुमार, किसान अभिषेक कुमार, आलोक कुमार, बृजकिशोर प्रसाद मेहता, पंकज सिंह, दीपक सिंह, विनय कुमार, रामधार सिंह सहित कई अन्य मौजूद रहे।

**मदनपुर संवाददाता के अनुसार**

केंद्रीय कृषि किसान कल्याण मंत्रालय भारत सरकार द्वारा शनिवार को आयोजित वेबिनार मिटिंग में मदनपुर के एफपीओ मां उमंगेश्वरी एग्रो फार्मर्स प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड शामिल हुए। इस दौरान विडियो कांफ्रेंस के माध्यम से जुड़े प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि देश की बजट किसानों के समृद्धि पर फोकस करते हुए बनाए गए हैं। वेबिनार मिटिंग में नाबार्ड के डीडीएम सह सहायक महा प्रबंधक सुशील कुमार सिंह, आईजीएस के जिला समन्वयक अमित कुमार पाण्डेय, मां उमंगेश्वरी एग्रो फार्मर्स प्रोड्यूसर कंपनी के अध्यक्ष भरत ठाकुर, सीईओ रोहित कुमार ठाकुर, परमानन्द सिंह आदि शामिल थे।

बिहार सरकार
पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग

पशुपालक कैलेंडर




- इस माह में गर्मी में होने वाले रोगों के प्रति सावधानी रखनी चाहिए।
- यदि दूध उत्पादन में कमी हो रही हो तो पशुओं के पोषण पर विशेष ध्यान देना चाहिए। साथ ही पशु चिकित्सक के परामर्शानुसार आवश्यक जाँच यथा दूध, पेशाब, खून जाँच इत्यादि करवाना चाहिए।
- इस माह में पशुओं को आगामी माहों में पर्याप्त मात्रा में हरे चारे की उपलब्धता हेतु ज्वार, मक्का, लोबिया, सौरघम, बाजरा एवं सूडान इत्यादि हरे चारे की बुआई करनी चाहिए।
- गर्मी के मौसम में हरे चारे की कमी को पूरा करने के लिए हरे चारे से साइलेज तैयार करना चाहिए।
- पशुओं को खुरपका–मुँहपका (एफ.एम.डी.), ऐन्थ्रेक्स, रेबीज एवं अन्य रोगों के विरूद्ध टीकाकरण अगर नहीं हुआ है तो टीकाकरण अवश्य करावें।

पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, पशुपालन सूचना एवं प्रसार कार्यालय, बिहार, पटना द्वारा जनहित में प्रचारित